**सुविचार**
गुस्से में कभी गलत मत बोलो, मूड तो ठीक हो ही जाता है, पर बोली हुई बातें वापस नहीं आती !

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Monday, 04 September 2023 ● Year : 01 ● Issue : 229 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com | E-Paper : epaper.thephotonnews.com


08
असलम खान के ब्राइडल काउचर....

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 65,387.16 |
| निफ्टी | : | 19,435.30 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,863 |
| चांदी | : | 72.51 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# DUMRI में सियासी संग्राम : थमा प्रचार, वोटिंग कल

## हेमंत सोरेन ने किया 12 किलोमीटर लंबा रोड शो, कई मंत्री भी हुए शामिल


रोड शो करते हेमंत सोरेन। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS DUMRI :** डुमरी विधानसभा क्षेत्र में 5 सितंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए चल रहा प्रचार अभियान 3 सितंबर की शाम 5 बजे थम गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की नेता और आईएनडीआईए गठबंधन की संयुक्त उम्मीदवार बेबी देवी के पक्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को डुमरी में रोड शो किया। इसमें सैकड़ों कारों और बाइकों का काफिला चल रहा था। रोड शो में कई मंत्री और विधायक भी शामिल हुए। डुमरी के कुलगो से रोड शो शुरू हुआ और विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों तक पहुंचा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झामुमो का झंडा थामे थे और लोगों का अभिवादन कर रहे थे।

**डुमरी उपचुनाव में एनडीए ने की कारपेट बॉम्बिंग :** इससे पहले एनडीए की अगुआ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और आजसू ने दो सितंबर को डुमरी विधानसभा क्षेत्र में कारपेट बॉम्बिंग की थी। झारखंड के तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने एनडीए की उम्मीदवार यशोदा देवी के पक्ष में प्रचार किया। तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों में बीजेपी के नेता बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास शामिल थे। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो झारखंड के डिप्टी सीएम रह चुके हैं। यशोदा देवी आजसू के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं हैं। उन्हें एनडीए ने अपना संयुक्त उम्मीदवार बनाया है।

**आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संभाली प्रचार की कमान :** बीजेपी की कारपेट बॉम्बिंग के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और सूबे के मुखिया हेमंत सोरेन ने खुद कमान संभाली और मंत्रियों एवं विधायकों के साथ रोड शो करके आईएनडीआईए की ताकत दिखाने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हेलीकॉप्टर से रविवार को गिरिडीह पहुंचे। यहां से वह झारखंड कॉमर्स कॉलेज डुमरी के मैदान में उतरे। फिर कार में बैठकर रोड शो के लिए निकल गए।

**सीएम के रोड शो में शामिल हुए मंत्री और विधायक :** सीएम के साथ मंत्री सत्यानंद भोक्ता, आलमगीर आलम, विधायक अनूप सिंह, डॉ सरफराज अहमद, सुदिव्य कुमार सोनू के अलावा आईएनडीआईए गठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी भी शामिल थीं। डुमरी से निकले रोड शो ने इसरी बाजार और निमियाघाट होते हुए 12 किलोमीटर की दूरी तय की। रोड शो के दौरान सीएम ने जय झारखंड के नारे भी लगाए। वहीं, समर्थकों ने झामुमो जिंदाबाद, जीतेगी भाई जीतेगी बेबी देवी जीतेगी के नारे लगाए।

## सुदेश महतो की पदयात्रा में भी उमड़ी भीड़, आजसू प्रत्याशी के लिए मांगा वोट


पदयात्रा कर वोट मांगते सुदेश महतो व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS DUMRI :** डुमरी उपचुनाव को लेकर प्रचार के अंतिम दिन रविवार तीन सितंबर, 2023 को राजनीतिक दलों की जोर-अजमाइश सड़कों पर दिखी। आईएनडीआईए प्रत्याशी बेबी देवी के पक्ष में जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रोड शो करते दिखे, वहीं एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में पदयात्रा में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो शिरकत किये। मालूम हो कि पांच सितंबर, 2023 को होने वाले उपचुनाव को लेकर तीन सितंबर की शाम पांच बजे चुनाव प्रचार थम गया। अब प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में वोट देने की अपील करते नजर आएंगे।

**आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो की अगुवाई में निकाली गई पदयात्राः** एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में निकाली गई पदयात्रा बोकारो जिले के नावाडीह के कोदवाडीह मोड़ से कटघरा मोड़, नावाडीह चौक, ब्लॉक चौक तक निकली। जबकि दूसरी पदयात्रा नवाडीह के तेलो बस्ती में निकाली गई। इसेके अलावा तेलो और आलारगो में सभा की गई। इस पदयात्रा की अगुवाई आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने किया।

सुदेश महतो ने कार्यकर्ता व समर्थकों का बढ़ाया उत्साह

इस पदयात्रा में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने पदयात्रा और सभाओं में कार्यकताओं तथा समर्थकों का उत्साह बढ़ाया। इस पदयात्रा में हजारों की संख्या में झंडे थामे कार्यकर्ता और ग्रामीण एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी के समर्थन में नारे लगाते चलते रहे। घर से निकला जनसैलाब सड़कों पर दिखा। इस दौरान जय आजसू और विजय आजसू के नारे से डुमरी क्षेत्र गूंजता रहा।

**जनबल और धनबल के बीच है इस बार का डुमरी उपचुनावः** इधर, तेलो की सभा में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि जनता के उत्साह को हर बूथ तक पहुंचाना है। डुमरी उपचुनाव हमारे जनबल और सत्ता के धनबल के बीच है। जिसमें जीत निश्चित रूप से हमारे साथ मौजूद जनबल की होगी। जनबल पांच सितंबर को एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी को वोट देने के लिए आतुर है। इससे डुमरी में भय समाप्त होगा और विजय स्थापित होगा।

**डुमरी विधानसभा क्षेत्र की 70 पंचायतों का दौराः** उन्होंने कहा कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र की 70 पंचायतों का उन्होंने दौरा कर समाज के हर तबके से संवाद किया। जनता से सीधा जुड़ाव का मकसद साफ था कि झामुमो और उसकी सरकार के झूठ-फरेब के

## उधर, मरांडी की संकल्प यात्रा का तीसरा चरण शुरू

**LOHARDAGA :** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा का तीसरा चरण लोहरदगा में तीन सितंबर, 2023 से शुरू हुआ। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए हेमंत सरकार पर जमकर शब्दों के वाण चलाएं। वहीं, कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का मान व सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है। वर्ष 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में बीजेपी की सरकार बनाने का आह्वान किया। लोहरदगा में संकल्प यात्रा के तीसरे चरण की शुरूआत करते हुए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार को जमकर कोसा। इस दौरान वीर बुद्धु भगत व पांडेय गणपत राय की भूमि को नमन करते हुए बारिश के बीच जनसभा को संबोधित किया। कहा कि भोगनाडीह से शुरू हुई संकल्प यात्रा अब जनता के समर्थन से जनसंकल्प यात्रा बन गई है। जनता हेमंत सरकार से निजात पाने को लालायित दिख रही है। न्होंने कहा कि हेमंत सरकार के पौने चार साल के कार्यकाल में प्रदेश की स्थिति बद से बदतर हो गई है। कानून

**BRIEF NEWS**

### सोनिया गांधी दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती

**NEW DELHI :** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी को रविवार को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में हलके बुखार के बाद भर्ती कराया गया है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष हाल ही में विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए की बैठक में शामिल होने के लिए मुंबई गई थीं। सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में सोनिया गांधी डॉक्टरों की निगरानी में हैं और उनकी हालात सामान्य है।

### राजौरी से एक आईईडी बरामद, सुरक्षाबलों ने समय रहते किया नष्ट

**RAJAURI :** राजौरी जिले के संगपुर गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) जैसी वस्तु बरामद हुई। इसके बाद बम निरोधक दस्ते ने समय रहते इससे नष्ट कर दिया। करीब ढाई घंटे बाद राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही बहाल कर दी गई है। सैन्य अधिकारियों के अनुसार नियमित गश्त के दौरान सुरक्षाबलों के जवानों को नारियन और चिंगस के बीच संगपुर गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे एक संदिग्ध सामग्री पड़ी हुई मिली। यह संदिग्ध सामग्री एक टिफिन में थी, जिसके बाद राजमार्ग को यातायात के लिए बंद कर दिया गया और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई। भारतीय सेना के बम निरोधक दस्ते ने सेना और पुलिस कर्मियों की सहायता से इस सामग्री की जांच की। जांच में पता चला कि टिफिन में आईईडी है। बम निरोधक दस्ते ने समय रहते इससे नष्ट कर दिया। इसके बाद राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही बहाल कर दी गई।

### नवी मुंबई में 19.05 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त, सात नाइजीरियन गिरफ्तार

**RAJAURI :** नवी मुंबई में अलग-अलग जगह छापा मारकर पुलिस ने 19.05 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है। इस छापे में सात नाइजीरियन नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त मिलिंद भारम्बे ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि पुलिस टीम को नवी मुंबई के अलग-अलग ठिकानों पर नशीले पदार्थों की बिक्री होने की जानकारी मिली थी। इस पर शनिवार को पुलिस ने खारघर इलाके के आवासीय इलाकों में छापा मारा था। इस कार्रवाई में कोकीन, एमडीएमए और ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड, जैसे नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। छापे के दौरान सात नाइजीरियन गिरफ्तार किए गए हैं, इनसे पूछताछ की जा रही है।

## नकली नोट चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार अपराधी धराए

### पलामू में पुलिस को मिली सफलता, 29 हजार के जाली नोट बरामद


गिरफ्तार आरोपियों के साथ पुलिस अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS PALAMU :** पलामू पुलिस ने नकली नोटों के धंधे में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से नकली नोट (500 रुपए के 58 नकली नोट यानी 29,000 रुपये) बरामद किए गए है। काफी लंबे समय के बाद पलामू में नकली नोटों के कारोबार का मामला प्रकाश में आया है। जहां एक ओर पुलिस महकमा इस पर नकेल कसने में जुट गया है, वहीं दूसरी ओर इस खबर के फैलते ही आम लोग सकते में आ गए हैं कि कहीं इस नकली नोट का शिकार वे तो अनजाने में नहीं हो गए हैं।

गुप्त सूचना के आधार पर इस नकली नोट गिरोह का पदार्फाश हो सका। जैसे ही पुलिस को सूचना मिली कि शहर के ओवरब्रिज के नीचे कुछ लोग नकली नोट का लेनदेन कर सकते हैं, वैसे ही सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग के निर्देश पर टीम बनाते हुए इलाके की घेराबंदी की गयी। सादे ड्रेस में की गई इस घेराबंदी को अपराधी समझ नहीं पाए और पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

**पहले घबराए, फिर भागने की कोशिश की :** पहले तो तय समय पर नकली नोट के धंधे में शामिल चारों अपराधी एक जगह जमा हुए। मौका देख जैसे ही पुलिस ने उनकी घेराबंदी की, अपराधी घबरा गए। जैसे ही उन्हें यह समझ आई कि वे पुलिस के चंगुल में फंस गए हैं, वैसे ही वे भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस की प्लानिंग इतनी दुरुस्त थी कि अपराधियों की एक न चली और उन्हें हार माननी पड़ी। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार करने के बाद नकली नोट भी अपने कब्जे में ले लिया।

**अपराधियों के पास से क्या मिला :** गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस को 500 रुपए के 58 नकली नोट (29,000 रुपये) मिला है। इसके अलावा चारों अपराधियों के पास से एक-एक मोबाइल (कुल चार) भी बरामद किया गया है।


नकली नोट के धंधे में संलिप्त जिन चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें पलामू के मोहम्मदगंज के रहने वाले विमलेश कुमार (38 वर्ष) और संदीप कुमार पासवान (38 वर्ष), मेदिनीनगर के कांदु मोहल्ला के रहने वाले राजू रंजन उर्फ मुकेश दुबे (35 वर्ष) एवं मेदिनीनगर के ही रेड़मा बिजली कॉलोनी के पीछे के रहने वाले राम नरेश सिंह (55 वर्ष) शामिल हैं। इनकी आपराधिक गतिविधियों का पता लगाया जा रहा है। नकली नोट के धंधे में शामिल अपराधियों पर शहर थाना कांड संख्या 22 / 2023, दिनांक 02.09.2023, धारा 489 अ / 489 इ / 489 उ भादवि के तहत मामला दायर कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## लेवी के पांच लाख रुपये के साथ दो नक्सली गिरफ्तार

**PALAMU :** नक्सलियों के खिलाफ पलामू पुलिस को एक बार फिर सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छतरपुर के गेठा गांव के गोदारमा मोड़ के पास से बाइक पर सवार दो माओवादियों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ उनके पास से पांच लाख रुपए भी बरामद किए हैं। दोनों माओवादियों ने पुलिस के समक्ष यह कबूल किया है कि ये पैसे लेवी के थे। नक्सलियों के खिलाफ पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। इसी क्रम में पुलिस ने लेवी के पांच लाख रुपये समेत दो माओवादियों को दबोचा। पुलिस को सूचना मिली थी कि छतरपुर के गेठा गांव के रास्ते माओवादियों की कुछ गतिविधि हो सकती है। इसी आधार पर जब पुलिस तलाशी ले रही थी, तभी उधर से एक बाइक पर सवार दो लोगों को रुकवा कर पूछताछ करने के क्रम में बाइक की डिक्की से नक्सली पर्चे और पांच लाख रुपए मिले।

## संसद के विशेष सत्र पर विपक्ष रेस, बैठक कल

### एक देश-एक चुनाव पर खड़गे का हमला


मल्लिकार्जुन खड़गे।

**AGENCY NEW DELHI :** संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से शुरू होगा और सरकार के कामकाज को देखते हुए यह 22 सितंबर तक चलेगा। इधर संसद के विशेष सत्र से पहले कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने पांच सितंबर को ह्यइंडियाह्न गठबंधन के सहयोगी दलों के सांसदों की एक बैठक बुलाई है।

सूत्रों ने कहा कि विपक्षी दल 18 से 22 सितंबर तक आयोजित होने वाले आगामी विशेष सत्र के लिए अपनी रणनीति तय करेंगे। उन्होंने बताया कि खरगे ने यहां राजाजी मार्ग स्थित अपने आवास पर यह बैठक बुलाई है। संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र का एजेंडा अभी तक स्पष्ट नहीं है। विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियाह्न (इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस) के घटक दल एकजुट हैं और 2024 के लोकसभा चुनावों के साथ-साथ विभिन्न मोर्चों पर एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मुकाबला करने की योजना बना रहे हैं। गठबंधन के सहयोगी दलों ने संसद के मानसून सत्र के दौरान भी एकजुटता प्रदर्शित की थी।

एक देश, एक चुनाव का विचार भारतीय संघ और इसके सभी राज्यों पर हमला हैः राहुल गांधी कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि ह्यएक देश, एक चुनावह्न का विचार भारतीय संघ और इसके सभी राज्यों पर हमला है। कांग्रेस नेता ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, इंडिया भारत है और यह राज्यों का संघ है।

## चंदामामा की गोद में सोया 'प्रज्ञान'

### चंद्रमा पर प्रकाश होते ही रोवर फिर हो सकता सक्रिय



**AGENCY NEW DELHI :** चंद्रयान-1 के लैंडर और प्रज्ञान रोवर को लेकर इसरो ने बड़ी जानकारी दी है। इसरो ने बताया कि प्रज्ञान रोवर ने अपना काम पूरा कर लिया है। इसके बाद इसरो ने विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर को चंदामामा की गोद में ही सुला दिया है। इसरो ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए लिखा कि रोवर ने अपना काम पूरा कर लिया है। रोवर की बैटरी अभी भी पूरी तरह चार्ज है। रोवर को सुरक्षित जगह पर पार्क कर स्लीप मोड में सेट कर दिया गया है।

इसरो ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा कि दोनों पेलोड्स अढर और छक्ह्र को भी बंद कर दिया गया है। इन पेलोड से डेटा लैंडर के जरिए पृथ्वी पर ट्रांसमिट किया जाता है। चांद पर अगला सूरज 22 सितंबर को निकलने की उम्मीद है। सूरज के निकलने के साथ ही रोवर एक बार फिर अपना काम करना शुरू कर देगा।

इसको लेकर इसरो ने कहा कि दूसरे चरण में रोवर फिर से काम कर सकता है। वहीं, अगर प्रज्ञान रोवर फिर से नहीं जागा, तो वह हमेशा के लिए चांद पर भारत के राजदूत के रूप में रहेगा।

**रोवर ने एक अद्भुत घटना को किया रिकॉर्ड :** इसरो ने इससे पहले गुरुवार को बताया कि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर घूम रहे रोवर प्रज्ञान ने एक अद्भुत घटना को रिकॉर्ड किया है। इसरो इसे एक प्राकृतिक घटना मान रहा है। इसके अलावा इसरो घटना के स्त्रोत के बारे में पता करने की कोशिश कर रहा है। बताया जा रहा है कि रोवर प्रज्ञान ने चांद पर एक खास भूकंपीय कंपन को रिकॉर्ड किया है।

## नकली आर्मी ऑफिसर गिरफ्तार, 15 अगस्त को लाल किले में भी हुआ था दाखिल

**MUMBAI :** पुणे की रेलवे पुलिस टीम ने नकली आर्मी ऑफिसर को गिरफ्तार किया है। वह इस वर्ष 15 अगस्त को लाल किले में भी दाखिल हुआ था। पकड़ा गया फर्जी अधिकारी नीरज विक्रम विश्वकर्मा उत्तर प्रदेश के इटावा जिले का मूल निवासी है। पुणे रेलवे पुलिस के अनुसार नीरज विश्वकर्मा पुणे रेलवे परिसर में आर्मी आफिसर की वर्दी में टहल रहा था। रेलवे पुलिस ने जब उससे पूछताछ की, तो पहले उसने गोलमोल जवाब दिये। इसके बाद उससे परिचय पत्र मांगा, लेकिन उसके पास परिचय पत्र नहीं था। नीरज की वर्दी पर नेमप्लेट, पैरा बैच, लेफ्टिनेंट का बैच लगा हुआ था। जीआरपी ने सैन्य खुफिया अधिकारियों को बुलाकर जब नीरज के बारे में छानबीन की, तो वह फर्जी साबित हो गया। इसके बाद रेलवे पुलिस ने नीरज को गिरफ्तार कर लिया।

### तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे के बयान को भाजपा ने लपका, लिया निशाने पर

## सनातन पर स्टालिन के बोल से सियासी उबाल


डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन

**AGENCY TAMILNADU :** 'सनातन धर्म का नाश' की बात कहने वाले डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन के बयान ने देश में सियासी तूफान ला दिया है। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के बेटे और डीएमके नेता उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना कोरोना, डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसी बीमारियों का नाश कर देना चाहिए। स्टालिन के बयान को बीजेपी ने विपक्षी गठबंधन क्ठउक्रअ का एजेंडा करार दिया है। बीजेपी नेताओं ने इसे नरसंहार का आह्वान करार दिया। बीजेपी नेता सुधांशु त्रिवेदी का आरोप है कि ये लोग हिन्दू धर्म का समूल नाश करना चाहते हैं। ये भारत के समूल नाश का आधार है। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हमला बोला कि क्या ऐसी बातें कहकर विपक्ष चुनाव में उतरना चाहता है। उधर, असम के सीएम हिमंता ने कहा कि अगर ऐसे बयान के बाद भी कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी उनका साथ नहीं छोड़ते, तो यही समझा जाएगा कि ये इन लोगों की मिली-जुली सोच है।

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के बेटे और डीएमके के नेता उदयनिधि ने 'सनातन धर्म' के बारे में अशोभनीय टिप्पणी की है। उनके कमेंट ने देश में सियासी तूफान ला दिया है। उनके बयान को बीजेपी ने आड़े हाथों लिया है। नाराज भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को चित्रकूट में अप्रत्यक्ष रूप से कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि 'मोहब्बत की दुकान' नफरत फैला रही है और पूछा कि क्या भारत गठबंधन के नेता आगामी चुनाव में हिन्दू विरोधी रणनीति के साथ जा रहे हैं? जेपी नड्डा ने यह भी सवाल किया कि क्या उदयनिधि स्टालिन की 'सनातन धर्म' पर टिप्पणी भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (क्ठउक्रअ) का हिस्सा है।

**डीएमके नेता ने क्या कहाः** डीएमके नेता ने एक कार्यक्रम के दौरान ऐसा बयान दिया है। जिसके बाद उनके बयान की चौतरफा निंदा की जा रही है। उन्होने कहा, कुछ चीजों का विरोध नहीं किया जा सकता, उन्हें खत्म ही करना चाहिए। हम डेंगू, मच्छर, मलेरिया या कोरोना का विरोध नहीं कर सकते, हमें उन्हें खत्म करना है। उसी तरह, हमें सनातन धर्म को सिर्फ विरोध करने के बजाय खत्म करना है।

**हिन्दू धर्म का नाश चाहती है I.N.D.I.A. :** बीजेपी नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इनका एजेंडा साफ है कि ये हिन्दू धर्म का नाश करना चाहते हैं। ये सिर्फ धर्म या संस्कृति का विषय नहीं हैये भारत के समूल नाश का आधार है। मैं यह बात इसलिए भी करना चाहता हूं कि भारत के दोनों हिस्से पाकिस्तान को ले लीजिए, वहां नरसंहार हो रहा है। 2019 से पहले कश्मीर को ले लीजिए, वहां पिछड़ा पन, अशिक्षा रही।

**राहुल गांधी के लिए परीक्षा की घड़ी :** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने इस मामले में कहा, मेरे पास उस राजनेता का बयान है और यही बयान कांग्रेस के एक सांसद पी. चिदंबरम ने भी जारी किया था। मैंने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का भी कमोबेश इसी तरह का बयान देखा है। मैं तमिलनाडु के उस मंत्री की निंदा नहीं करना चाहता क्योंकि उसने खुद को बेनकाब कर दिया है। लेकिन सवाल यह है कि क्या कांग्रेस पार्टी अभी भी डीएमके के साथ गठबंधन में रहेगी... यह राहुल गांधी के लिए एक परीक्षा है। उन्हें इस बारे में निर्णय लेना होगा कि वह सम्मान करते हैं या नहीं सनातन धर्म है या नहीं...अगर उन्होंने डीएमके से नाता नहीं तोड़ा तो लोग पुष्टि कर देंगे कि वे हिंदू विरोधी हैं...।

BRIEF NEWS

### महंगाई-बेरोजगारी के खिलाफ माकपा ने झरिया में निकाली जुलूस

**JHARIA :** सीपीआई(एम) की झरिया लोकल कमिटी ने पार्टी के देशव्यापी अभियान के तहत रविवार 3 सितंबर को झरिया बाटा मोड़ से जुलूस निकाला। शहर का भ्रमण करते हुए माकपा नेताओं ने मोदी सरकार की नीतियों को गरीब, किसान व नौजवान विरोधी बताते हुए पर्चे बांटे। जिला सचिव मंडल कॉ।राम कृष्णा पासवान ने कहा कि मोदी सरकार की कॉर्पोरेट परस्त नीतियों के कारण ही देश में कमरतोड़ महंगाई है। जुलूस का नेतृत्व पार्टी जिला कमिटी सदस्य तथा झरिया लोकल कमिटी सचिव कॉ। भगवान दास पासवान कर रहे थे। इस दौरान रोको महंगाई बांधो दाम, नहीं तो होगा चक्का जाम, जो सरकार महंगाई न रोके, वो सरकार निकम्मी है, जो सरकार निकम्मी है, वो सरकार बदलनी है, बेरोजगारों को काम दो, वरना गद्दी छोड़ दो नारे लगाए गये। जुलूस में रामवृक्ष धारी, जियाउल रहमान, मधुसूदन बनर्जी, प्रजा पासवान, धर्मराज दाढ़ी, शंकर पासवान, कुंदन पासवान, हरे कृष्णा निषाद, नंदलाल बाउरी, हेमन्त बाउरी सहित कई नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए।

### भाकपा-राजद जन अभियान ने कसमार में किया कन्वेंशन

**BOKARO :** भाकपा-राजद जन अभियान की ओर से बिजली से जुड़ी समस्याओं के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा। इस संबंध में 3 सितंबर को कसमार में कन्वेंशन का आयोजन किया गया। कन्वेंशन की अध्यक्षता दिवाकर महतो व बढ़न महतो ने संयुक्त रूप से की। मौके पर अभियान के संयोजक इफ्तेखार महमूद ने कहा कि प्रधानमंत्री सत्ता में बने रहने के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव पर पहल करके को समाप्त करने जा रहे हैं। एक राष्ट्र-एक चुनाव तो फिर एक राष्ट्र, एक टैक्स से पेट्रोल-डीजल को जीएसटी से बाहर क्यों रखा गया है। इस दौरान गैरमजरुवा जमीन की लगान वसूली पुनः शुरू करने और बेलगान गैरमजूरुवा जमीन को दखलकार किसानों के नाम से बंदोबस्त करने को आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया। कन्वेंशन को भाकपा जिला सचिव पंचानन महतो, राजद प्रदेश महासचिव अरुण यादव के अलावा महेश शर्मा, महादेव महतो, आनंद कुमार सिन्हा, बढ़न महतो, अजीत कुमार महतो, मौजी लाल महतो, देवानंद प्रजापति व अनवर रफी ने भी संबोधित किया। मौके पर महेश करमाली, अनूप कुमार महतो, महेश्वर रविदास, धनेश्वर रविदास, शकीला बानो, कौसरी खातून आदि उपस्थित थे।

### मोदी सरकार सिर्फ पूंजीपतियों के लिए कर रही काम : मन्नान

**NIRSA :** कांग्रेस ने निरसा विधानसभा के कलियासोल प्रखंड में रविवार 3 सितंबर को कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। अध्यक्षता निरसा प्रखंड अध्यक्ष डीएन प्रसाद यादव ने की। सम्मेलन में संगठन सशक्तिकरण को लेकर कार्यकर्ताओं को नसीहत दी गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ज़िलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस के प्रति लोगों का फिर से विश्वास जागा है। कहा कि मोदी सरकार सिर्फ और सिर्फ चंद पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता मोदी सरकार को मुंहतोड़ जवाब देगी। पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक ने कहा कि मोदी सरकार ने देश में ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स का भय दिखाकर समाज में डर का माहौल पैदा किया जा रहा है। दलितों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर मोदी सरकार चुप्पी साधे हुए है। देश की जनता मोदी सरकार के चाल, चेहरा और चरित्र को समझ चुकी है। कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, निरसा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष डीएन यादव, सुधांशु शेखर झा, जियाउल हुसैन, वकील बाउरी, संतोष कुमार राय सहित दर्जनों नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सरयू राय ने रघुवर दास पर लगाया सरकारी जमीन पर व्यवसाय करने का गंभीर आरोप

## कहा-सूर्य मंदिर परिसर में विकास कार्यो को रोक रहे रघुवर, ईडी की कार्रवाई को बताया पक्षपातपूर्ण

**PHOTON NEWS DHANBAD :** भारतीय जनमोर्चा के संरक्षक और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पर बड़ा हमला किया है। रविवार 3 सितंबर को धनबाद के सर्किट हाउस में पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए सरयू राय ने कहा कि सूर्य मंदिर की आड़ में रघुवर दास माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। मैं ऐसा होने नहीं दूंगा। पूर्व सीएम के प्रति उनके तेवर बड़े तल्ख दिखे। उन्होंने कहा कि सूर्य मंदिर की आड़ में व्यवसाय करने वालों की


पत्रकारों को संबोधित करते सरयू राय।

पोल-पट्टी खोलूंगा और सरकार की कीमती जमीन और उस पर सरकारी खर्च से बनी संरचनाओं पर कब्जा जमाने नहीं दिया जाएगा।
उन्होंने कहा कि शंख मैदान में

### अब तक हार पचा नहीं पाए रघुवर दास

उन्होंने कहा कि रघुवर दास 25 सालों से मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायक जैसे पद पर रहे हैं। उन्होंने सरकारी जमीन पर मैदान, दो तालाब, दो मंजिला इमारत और चिल्ड्रेन पार्क बनवाया है। और उसका व्यावसायिक उपयोग कर रहे हैं। रघुवर दास के साथ वाले भाजपाई सरकारी जमीन पर बने पार्क में टिकट लगा कर उगाही कर रहे थे। जिसे 2020 में हमने बन्द करवा दिया है। इसी बौखलाहट में भाजपा के लोग जमशेदपुर में उनका विरोध कर रहे हैं।

टाटा स्टील के सहयोग से खेलकूद की कई योजनाओं की शुरूआत उन्होंने करनी चाही। मैदान को जमशेदपुर क्रीडा उद्यान के रूप में विकसित करने की उनकी सोच थी, लेकिन सूर्य मंदिर समिति की आड़ में जमशेदपुर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष खेल खेल रहे हैं। रघुवर दास विधानसभा चुनाव की हार को पचा नहीं पा रहे और तिकड़मबाजी से बाज नहीं आ रहे हैं। राय ने कहा कि उनके विकास कार्यों को सूर्य मंदिर परिसर में रघुवर दास लागू नहीं होने देना चाहते हैं। इस स्थान पर अपने परिवार और चट्टे-बट्टों का कब्जा बरकरार रखना चाहते हैं। पूर्व की तरह यहां उनका व्यवसाय चलाने की साजिश रच रहे हैं। सूर्य मंदिर परिसर आम जनता का है। इस पर सबका बराबर अधिकार रहेगा। परिसर में सभी अपना कार्यक्रम करेंगे। यहां निर्भीक आना जाना करेंगे। कोई भी आम लोगों से वसूली नहीं करेगा। कोई यहां परिसर में घुसने के लिए टिकट नहीं वसूलेगा। यह परिसंपत्ति अब सरकार के कब्जे में है। जेएनएसी के कब्जे में है। जनहित के इस विकास कार्य को पूर्व मुख्यमंत्री बाधित कर रहे है।

**2020 के पहले हुए घोटालों की जांच क्यों नही करती ईडी**

सरयू राय ने कहा कि साहिबगंज में जिस घोटाले में ईडी ने चार्जशीट दाखिल किया है, उस चार्जशीट में साफ लिखा है कि 2020 से 2022 तक पत्थरों का जितना अवैध खनन हुआ उससे 20 गुना ज्यादा 2015 से 2020 के दौरान हुआ है। उन्होंने कहा कि ईडी 2019 से पहले के आरोपी पर कार्रवाई क्यों नही कर रही हैं। आगे कहा कि जिस मनरेगा घोटाले में 2018 में पूजा सिंघल को रघुवर सरकार ने क्लीन चिट दे दिया था, उसी मामले में जब ईडी ने पूजा सिंघल को जेल में डाल दिया तो उसे क्लीन चिट देने वाले को क्यों छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि ईडी सही जांच करे नही तो सही जांच के लिए वह कोर्ट जाएंगे।

# झारखंड में अपराधी बेखौफः बाबूलाल मरांडी

**PHOTON NEWS LOHARDAGA:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भोगनाडीह से शुरू हुई संकल्प यात्रा अब जनता के समर्थन से जनसंकल्प यात्रा बन गई है। हेमंत सरकार से निजात पाने को जनता लालायित दिख रही है। मरांडी रविवार को लोहारदगा विधानसभा क्षेत्र से संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पौने चार साल के सरकार में प्रदेश की स्थिति बद से बदतर हो गई है। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। चोरी, डकैती, हत्या अपहरण और दुष्कर्म के मामले देश में सर्वाधिक हेमंत सरकार में हुए है। अपराधी बेखौफ होकर अपराध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस पुलिस को अपराधियों को धर दबोचना था वे सरकार के इशारे पर हेमंत सरकार के खिलाफ बोलने वालों पर केस करना व


संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी।

वसूली कार्य में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि पुलिस पदाधिकारी और सरकारी पदाधिकारी मोबाइल रिचार्ज की तरह वसूली के माध्यम से रिचार्ज कर रहे। अधिकारी बोलते हैं देकर आए हैं,लेकर जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन पांच से ज्यादा हत्या, पांच से ज्यादा दुष्कर्म, पांच से ज्यादा अपहरण के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जबसे हेमंत मुख्यमंत्री बने हैं तबसे बेतहाशा अपराध बढ़ा है। अपराधियों में हिम्मत बढ़ गई है। आम लोग डरे सहमे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में जिस प्रकार से कोर्ट में सरेआम पेसकार को पीटा गया इससे प्रतीत होता है कि प्रदेश में तालिबानी शासन है। उन्होंने कहा कि इस सरकार को उखाड़ फेंकना राज्य की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महाजनों से लड़ते लड़ते सोरेन परिवार खुद महाजन हो गये। झारखंड में सर्वाधिक जमीन सोरेन परिवार के पास है। यह जमीन गरीब गुरबा, मुंडा, उराँव, संथाल आदिवासियों की जमीन हड़प कर ले लिया है। उन्होंने जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गांव, गरीब, किसान युवा महिलाओं की चिंता करते हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर गैस में दो सौ और उज्जवला योजना के तहत मिले गैस पर चार सौ की सब्सिडी देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का मान सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है, 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की ।

# डुमरी उपचुनाव में बदलाव का मन बना चुकी जनताः बाबूलाल

**PHOTON NEWS RANCHI:** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दावा किया कि डुमरी उप चुनाव में जनता अब बदलाव का मन बना चुकी है। ऐसे में एनडीए प्रत्याशी की जीत तय है। उन्होंने कहा कि राज्यभर में लोग हेमंत सोरेन सरकार में कानून व्यवस्था के बद से बदतर होते हालात और करप्शन से त्रस्त हैं। डुमरी की जनता भी इसे महसूस कर चुकी है। बाबूलाल मरांडी ने रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में रविवार को पत्रकारों से बातचीत में चिंता जाहिर करते कहा कि डुमरी सहित अन्य जगहों पर पुलिस टूल्स के तौर पर काम कर रही है। वह पार्टी विशेष के एजेंट के तौर पर काम ना करे। सत्ता पक्ष के दलों में हार की आशंका है। यही वजह है कि झामुमो के दलाल, गुंडे हताशा में अवैध कार्यों को करने में



प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारो से बात चीत करते बाबूलाल मरांडी।

लगे हैं। इसमें पुलिस भी उनके साथ दिख रही। जरीडीह थाना (गिरिडीह) में रहने वाले मथुरा महतो और जेपी मंडल को झामुमो के भोला और तपेश्वर सिंह ने दो सितम्बर को किडनैप कर लिया है। संभवतः दोनों को अबतक नहीं छोड़ा गया है। मरांडी ने कहा कि नावाडीह में ही भाजपा के एक वर्कर निर्मल महतो का एक स्कूल है। डुमरी उप चुनाव के लिए भाजपा के कुछ वर्कर इसमें ठहरे थे। पुलिस कई बार रात में झामुमो के गुंडों के साथ आकर जांच के नाम पर तंग करती रही। यह हेमंत सरकार की हताशा को दिखाता है। बाबूलाल ने एक अन्य उदाहरण देते कहा कि एक गांव के संथाली टोला में जब वे गये तो संथाली भाषा में स्थानीय लोगों ने बताया कि झामुमो के लोगों ने उन्हें धमकी दी है कि यदि एनडीए प्रत्याशी को वोट दिया तो उनको राशन देना बंद कर दिया जाएगा। लोकतंत्र में यह धमकी ठीक नहीं।

# गैस सिलेंडर के दाम में 200 रुपये की कटौती एक चुनावी स्टंट : राजेश

**PHOTON NEWS RANCHI:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम में 200 रुपये की कटौती एक चुनावी स्टंट है। उन्होंने कहा कि लूट एनडीए के डीएनए में मौजूद है। केंद्र सरकार अमीरों को और अमीर एवं गरीबों को और गरीब बना रही है। क्या यह आश्चर्य की बात नहीं है कि वर्षों तक प्रधानमंत्री ने कभी भी आमजनों की पीड़ा की परवाह नहीं की और अब चुनाव के नजदीक आने पर उन्हें जनता के दर्द का अहसास हुआ। वे रविवार को प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। ठाकुर ने कहा कि रसोई गैस की कीमत 2014 से लगातार बढ़ी है, जो पिछले 09 वर्षों में दोगुनी से ज्यादा हो गई है। 2020 से भाजपा सरकार ने सब्सिडी देने भी बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में केंद्र सरकार ने


प्रेस कांफ्रेंस में राजेश ठाकुर व अन्य • फोटोन न्यूज

रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाकर 31.37 करोड़ लोगों को लूटा है। जनता की जेब से 8,33,640.76 (आठ लाख तैंतीस हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये) से ज्यादा की लूट की। सिर्फ उज्जवला में ही 2017 से अब तक केंद्र सरकार ने 68,702.76 (अड़सठ हजार सात सौ दो करोड़ रुपये ) से अधिक की लूट किए। संवाददाता सम्मेलन के बाद कांग्रेस भवन, रांची में मारवाड़ी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर राजकिशोर राम ने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी को पार्टी की सदस्यता दिलायी। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा, डॉ एम तौसीफ, महासचिव शिव कुमार भगत एवं रांची जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो उपस्थित थे।

# ग्रामीणों की चट्टानी एकता व मंत्री चंपई सोरेन के हस्तक्षेप के आगे झुका MPL प्रबंधन

## मृतक के पुत्र को स्थायी नौकरी और परिवार को 15 लाख रुपये का मिला मुआवजा

**PHOTON NEWS NIRSA:** ग्रामीणों की चट्टानी एकता और मंत्री चंपई सोरेन के दखल के बाद आखिरकार एमपीएल प्रबंधन को झुकना ही पड़ा। रविवार 3 सितंबर दोपहर को हुई मैराथन त्रिपक्षीय वार्ता में मृतक के पुत्र को स्थायी नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र और परिवार को 15 लाख का चेक दिये जाने के बाद पिछले 5 दिनों से विजय किस्कू के शव के साथ लोगों का धरना आज रविवार को समाप्त हो गया। मंत्री चंपई सोरेन की उपस्थिति में प्रबंधक ने मुआवजे के तौर पर 15 लाख रुपए का चेक और मृतक विजय किस्कु के पुत्र को नौकरी का नियुक्ति पत्र सौंपा। मौके पर जिला के तमाम प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। बता दें कि एमपीएल मैं कार्यरत विजय किस्कु की मौत 29 अगस्त को इलाज के दौरान हो गई थी। 30 अगस्त को ग्रामीण और परिजन


मृतक के परिजन को चेक सौंपते मंत्री चंपई सोरेन।

मुआवजा व नियोजन की मांग को लेकर शव के साथ एमपीएल के मुख्य द्वार को जाम कर धरना पर बैठ गए थे। आंदोलन का समर्थन कर रहे झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सुप्रीमो जयराम महतो की 30 अगस्त को ही देर रात एंट्री हुई। 31 अगस्त को जयराम महतो और प्रबंधन के बीच वार्ता हुई जो असफल रही। एक सितंबर को जिला प्रशासन ने एमपीएल परिसर में धारा 144 लागू कर दिया। 2 सितंबर को पूर्व विधायक अरुप चटर्जी ने आंदोलन स्थल पर पहुंचकर आंदोलन का समर्थन किया। 2 सितंबर को ही मंत्री चंपई सोरेन की भी एंट्री हुई। उन्होंने ग्रामीणों की मांगों को जायज बताते हुए प्रबंधन को स्पष्ट आल्टीमेटम दिया कि ग्रामीणों की मांगों को हर हाल में प्रबंधन को पूरा करना ही होगा।

## डुमरी विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत तय, बोले स्वास्थ मंत्री

# केंद्र ने झारखंड को नहीं दी 1.13 लाख करोड़ रुपए कोयले की रॉयल्टी : बन्ना

**PHOTON NEWS BOKARO:** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि भाजपा व केंद्र सरकार देशवासियों को मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखा रही है। लेकिन सच्चाई इससे उलट है। केंद्र सरकार ने झारखंड को कोयले की रायल्टी में एक लाख 13 हजार करोड़ रुपए का भुगतान नहीं किया है। ऐसा तब है, जब कोरोना काल में झारखंड ने पूरे देश को ऑक्सीजन की आपूर्ति की थी। डुमरी में 3 सितंबर रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के रोड-शो में भाग लेने जा रहे बन्ना गुप्ता चास के बांधगोड़ा के हिडन पार्क सभागार में प्रेसवार्ता


प्रेसवार्ता करते मंत्री बन्ना गुप्ता व अन्य।

में बोल रहे थे। कहा कि राज्य सरकार नहीं, बल्कि केंद्र सरकार भ्रष्टाचार के काम कर रही है।
कोरोना काल में केंद्र ने झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया। समय पर दवा और उपकरण तक मुहैया नहीं कराया गया। यहां की जनता भाजपा को कभी माफ नहीं करेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार बेबी देवी की भारी जीत होगी।
आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का नाम लिए बगैर बन्ना ने कहा कि बेबी देवी के पति पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के बाद उन्हें श्रद्धांजलि देने आए कुछ नेताओं ने उपचुनाव में स्वर्गीय जगरनाथ महतो के परिवार को निर्विरोध जिताने का वादा किया था और उन्हीं लोगों ने बेबी देवी के खिलफ प्रत्याशी उतार दिया।
लेकिन जगरनाथ बाबू के कामों से खुश क्षेत्र की जनता खुश बेबी देवी को भारी मतों से विजयी बनाएगी। मौके पर कांग्रेस के बोकारो जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता, मशकुर आलम सिद्दीकी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# झारखंड में दो से तीन सीटों पर आम आदमी पार्टी पेश करेगी दावेदारी : देवनाथ सिंह


बैठक में मंचासीन आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी ।

**PHOTON NEWS DHANBAD :** धनबाद के गांधी सेवा सदन में रविवार 3 सितंबर को आम आदमी पार्टी के धनबाद, बोकारो और गिरिडीह के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र नाथ चौबे ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संयोजक देवनाथ सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा और प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश उपस्थित थे। प्रदेश संयोजक देवनाथ सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी संगठन को मजबूत करने की तैयारी अभी से ही कर रही है। इंडिया गठबंधन में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए झारखंड के दो से तीन सीटों पर पार्टी अपनी दावेदारी मजबूती के साथ करेंगी। साथ ही संगठन विस्तार के साथ-साथ जनसमस्याओं को उठाने और दिल्ली और पंजाब में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, तीर्थयात्रा आदि योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र नाथ चौबे ने कहा कि हमें आम लोगों की समस्या उठानी चाहिए, तभी संगठन तेजी से बढेगा।

BRIEF NEWS

## राजभवन से बैरंग लौटे राज्य समन्वय समिति के सदस्य, सौंपा ज्ञापन

**RANCHI :** हेमंत सोरेन सरकार की राज्य समन्वय समिति के सदस्य रविवार को राजभवन पहुंचे लेकिन उन्हें अंदर जाने नहीं दिया गया। समिति के सदस्यों ने राजभवन और राज्यपाल की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए गेट पर तैनात सुरक्षा सेल के एक संतरी को ज्ञापन सौंपा और वहां से चले गये। समिति के सदस्य और झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत में राजभवन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी राजभवन से समय मांगा गया था लेकिन नहीं दिया गया था। इस बार विधिवत रूप से एक सितंबर को राजभवन को पत्र लिखकर तीन सितंबर का समय मांगा गया था लेकिन न तो समय मिला और न ही कोई सूचना दी गयी। इससे साफ है कि राजभवन और राज्यपाल किसी विशेष दल या व्यक्ति विशेष के दबाव में आकर काम कर रहे हैं। विनोद कुमार पांडेय कहा कि जब भी कोई बिल विधानसभा से पास कर उसे राजभवन भेजा जाता है और राज्यपाल उसे वापस करते हैं तो उसकी सूचना उन्हें देनी पड़ती है ताकि सरकार उसमें संशोधन कर फिर से उसे विधानसभा में पारित कराये। इसके बाद बिल को राजभवन भेजा जा सके। पांडेय ने कहा कि हेमंत सरकार के तीन महत्वपूर्ण बिल लौटाने के मामले में राजभवन ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यपाल ने संविधान के अनुच्छेद 200 का उल्लंघन किया है। लगता है कि राज्यपाल किसी के इशारे पर तीन अहम बिल को लटकाना चाह रहे हैं। राज्यपाल नहीं चाहते कि स्थानीय और नियोजन नीति बने और ओबीसी का आरक्षण बढ़े। उन्होंने कहा कि 1932 खतियान आधारित नियोजन और स्थानीय नीति, एसटी, एससी और ओबीसी का आरक्षण दायरा बढ़ाने और मॉब लिंचिंग बिल राज्य की जनता के हित से जुड़ा है। यह झारखंड वासियों की प्रतिष्ठा का प्रश्न है। स्थानीय नीति अलग राज्य की लड़ाई में मुख्य मुद्दा रही थी।

## रिम्स में इलाज के दौरान कैदी की मौत

**RANCHI :** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में उम्र कैद की सजा काट रहे बंदी सोमा उरांव की इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई है। बता दें कि सोमा इटकी थाना क्षेत्र के रानी खटंगा का रहने वाला था। मेडिसिन विभाग में डॉ। विद्यापति की यूनिट में उसका इलाज चल रहा था। हेपेटाइटिस-बी व अन्य बीमारी से ग्रसित सोमा को इलाज के लिए 7 अगस्त को कारा चिकित्सक की अनुशंसा पर रिम्स में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान कैदी की मौत हो गई। मृतक के पोस्टमार्टम को लेकर बिरसा मुंडा कारा के अधीक्षक ने रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक को पत्र लिख कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करने का आग्रह किया है।

## 672 इंस्पेक्टर व सार्जेंट मेजर की अंतिम वरीयता सूची जारी

**RANCHI :** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 672 इंस्पेक्टर और सार्जेंट मेजर की अंतिम वरीयता सूची जारी की है। इसको लेकर डीजीपी ऑफिस ने निदेशक झारखंड पुलिस अकादमी, सभी जिलों के एसएसपी, एसपी, सभी वाहिनी और इकाई के प्रमुख को पत्र लिखा है। लिखे पत्र में कहा गया है कि गृह विभाग के आदेश के अनुसार इंस्पेक्टर और सार्जेंट मेजर की अंतिम वरीयता सूची जारी की जा रही है। इसमें 629 इंस्पेक्टर रैंक के और 43 सार्जेंट रैंक के पुलिस पदाधिकारी शामिल हैं।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# 411 अधिकारियों और जेल सिपाहियों के कंधे पर JHARKHAND के 31 जेलों की सुरक्षा




**PHOTON NEWS RANCHI :** 411 अधिकारियों और जेल सिपाहियों के कंधों पर झारखंड के 31 जेलों की सुरक्षा निर्भर है। झारखंड के जेलों में 2180 पद स्वीकृत हैं, जिनमें 1769 पद खाली हैं। गौरतलब है कि झारखंड बने 23 वर्ष हो गये। लेकिन इन वर्षों में राज्य में 30 जेल आइजी बने। जिनमें से चार आइजी ही स्थायी रहे। इतने वर्षों में राज्य की जेलों के उद्धार के लिए किसी ने नहीं सोचा। बता दें कि आईएएस अधिकारी ही जेल आइजी बनाए जाते है.। पिछले 23 वर्षों में 30 जेल आइजी में 26 आईएएस अधिकारी प्रभारी के तौर पर काम करते रहे, सिर्फ चार ही स्थायी (तीन आईएएस व एक आईपीएस) रहे।

**झारखंड की जेलों की क्षमता से ज्यादा कैदी बंद :** झारखंड की जेलों में कैदियों की भरमार लगी हुई है। जेलों की क्षमता से अधिक कैदी जेलों में बंद हैं। सूबे की जेलों में एक-दो नहीं बल्कि क्षमता से 3756 ज्यादा कैदी बंद हैं। पूरे झारखंड में 31 जेल हैं। जिनमें सात सेंट्रल, 17 जिला व 6 अनुमंडल कारा हैं और एक ओपन जेल है। इन सभी जिलों में कैदियों के रखने की कुल क्षमता 17501 है, जबकि वर्तमान में 21257 कैदी जेलों में बंद है।

**झारखंड में 856 महिलाएं बंदी जेल में, एक भी महिला जेल नहीं :** झारखंड में अब तक महिला कैदियों के लिए अलग से जेल नहीं बनाया गया है। जबकि पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल, बिहार में महिलाओं के लिए अलग से जेल है। झारखंड में कुल 21257 में से 868 महिला कैदी हैं। तमिलनाडु जैसे राज्य में 13 महिला जेल हैं, जिसमें 790 महिला कैदी को रखा गया है। केरल के चार महिला जेल में 186 महिला बंदी है। राजस्थान में सात महिला जेल में 688 महिला बंदी हैं। बिहार में 2890 महिलाएं जेल में बंद हैं। बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, गुजरात जैसे राज्य में दो-दो महिला जेल हैं।

**अपराधियों के लिए जेल बना है क्राइम करने के लिए सेफ जोन :** किसी भी क्राइम के लिए अपराधियों को दंड दिया जाता है। उन्हें जेल में डाला जाता है ताकि अपने गुनाह की सजा काट कर अपराधियों को अफसोस हो और आगे से कोई क्राइम ना करें। लेकिन अब इसके बिल्कुल उल्टा हो रहा है। झारखंड में जेल अपराधियों के लिए सेफ जोन बना गया है। जेल के अंदर से ही कुख्यात अपराधी हत्या, रंगदारी जैसी घटनाओं की साजिश रच रहे हैं। जेल में मोबाइल फोन के उपयोग पर रोक है। लेकिन जेल में बैठे बड़े अपराधी मोबाइल फोन से लगातार रंगदारी और हत्या की साजिश रचने का काम बाहर बैठे अपने गिरोह के अपराधियों से करवा रहे हैं। इससे साफ तौर पर जाहिर होता है कि किस तरह से जेल अपराधियों के लिए क्राइम करने के लिए सेफ जोन बन गया है।

## मारपीट की घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने किया एयरपोर्ट रोड जाम


एयरपोर्ट रोड जाम करते ग्रामीण। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में दो गुटों के बीच मारपीट की घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार सुबह एयरपोर्ट रोड जाम कर दिया। ग्रामीणों ने सड़क पर बांस बल्ली और ईट-पत्थर रख दिया है। सड़क जाम की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची है और लोगों को समझा-बुझाने का प्रयास कर रही है।

जानकारी के अनुसार एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के स्टेट हैंगर के समीप शनिवार शाम इलाज का पैसा देने की बात को लेकर दो दुकानदार अंकित साहू और सुभाष तिर्की आपस में भिड़ गय। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई। इस दौरान एक दुकानदार के समर्थन में आये ग्रामीणों ने दूसरे दुकान पर पथराव किया। मामले की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस से ही ग्रामीण उलझ गये। उन्होंने पुलिस पर भी पथराव कर दिया। मामला बढ़ता देख डोरंडा और जगन्नाथपुर थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची। इसके बाद भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने ग्रामीणों को खदेड़ा। इसके बाद मामला शांत हुआ। इसी घटना के विरोध में ग्रामीणों ने सड़क जाम किया है।

एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद ने बताया कि लोगों को समझा बूझकर जाम हटवा दिया गया है। लगभग 20 मिनट जैसा सड़क जाम रहा सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और सड़क जाम को क्लियर कर लिया गया।

## सैनिक मार्केट का होगा पुनर्निर्माण मल्टी स्टोरेज पार्किंग भी बनेगी




**PHOTON NEWS RANCHI :** मेन रोड स्थित सैनिक मार्केट को तोड़ कर पुनर्निर्माण किया जायेगा। बंद पड़े वेलफेयर सिनेमा हॉल परिसर को भी इसमें शामिल किया जायेगा। वर्तमान में पार्किंग के रूप में इस्तेमाल किये जा रहे परिसर में नया सैनिक मार्केट बनाने का फैसला किया गया है। वहीं, वर्तमान मार्केट की जगह पर मल्टी स्टोरेज पार्किंग का निर्माण करने की योजना है। सैनिक मार्केट के पुनर्निर्माण का डीपीआर तैयार करने के लिए जुडको कंसल्टेंट कंपनी की तलाश कर रहा है। डीपीआर व प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल आमंत्रित किया गया है। चयनित कंपनी मार्केट के पुर्ननिर्माण का पूरा डिजाइन तैयार करेगी।


**कांके ब्लॉक चौक से बोड़ेया तक की सड़क होगी फोरलेन :** कांके रोड से ब्लॉक चौक होते हुए बोड़ेया तक की सड़क फोरलेन की होगी। इसका सर्वे कराया गया है। सड़क की ट्रैफिक स्थिति को देखते हुए इसे फोर लेन करने का विचार किया गया है। फिलहाल ब्लॉक चौक के पास अक्सर सड़क जाम रहती है। ऐसे में पथ निर्माण विभाग इसे फोर लेन करने की दिशा में आगे बढ़ा है। सर्वे कराने पर यह पता चला है कि काफी कम जगह पर ही जमीन लेनी होगी। पुराने कांके थाना के बगल से सड़क बनाने पर विचार किया जा रहा है।

यह प्रयास किया जा रहा है कि ज्यादातर सरकारी जमीन ली जाये। इस सड़क को फोर लेन करने की मांग विभिन्न स्तरों पर हो रही थी। सड़क फोर लेन हो जाने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। बोड़ेया की ओर से कांके रोड आना आसान हो जायेगा। अभी इस सड़क पर ज्यादा ट्रैफिक होने से गाड़ियां फंसती है। वहीं इस रोड के आसपास का इलाका काफी बढ़ गया है, जिससे आबादी भी बेतहाशा बढ़ी है।

ऐसे में सारे वाहनों का बोझ भी इस सड़क पर पड़ रहा है।

**135 में से 34 दुकानें पूर्व सैनिकों की :** सैनिक मार्केट का

## खनन घोटाला: डीएसपी राजेंद्र दुबे से ईडी की पूछताछ आज




**PHOTON NEWS RANCHI :** साहेबगंज में हुए 1000 करोड़ के अवैध खनन घोटाला मामले में ईडी डीएसपी राजेंद्र दुबे से कल (सोमवार) को पूछताछ करेगी। ईडी ने बीते 21 अगस्त को डीएसपी राजेंद्र दुबे को समन भेजकर 4 सितंबर को ईडी ऑफिस में हाजिर होने को कहा है। राजेंद्र दुबे वर्तमान में साहिबगंज के डीएसपी के पद पर पदस्थापित हैं। इससे पहले बीते नौ दिसंबर 2022 को ईडी ने करीब आठ घंटे तक पूछताछ की थी।

**अपनी गलती डीएसपी ने किया था स्वीकार :** मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनधि पंकज मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान साहिबगंज के डीएसपी राजेंद्र दुबे लगातार उससे संपर्क में थे। ईडी के समक्ष राजेंद्र दुबे ने कबूला है कि वह रिम्स के पेईंग वार्ड में जाकर गैरकानूनी तरीके से पंकज मिश्रा से मिले थे। वहीं लगातार उनसे फोन पर बात की थी। राजेंद्र दुबे ने बताया है कि पंकज मिश्रा और अपने वरीय अधिकारियों के निर्देश पर ही ईडी के गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की थी।

**संपत्ति, बैंक खातों के डिटेल्स ईडी ने मांगे :** ईडी को यह जानकारी मिली है कि पंकज मिश्रा के रसूख का इस्तेमाल कर राजेन्द्र दुबे ने भी काफी संपत्ति अर्जित की है। ईडी ने डीएसपी से उनके और उनके रिश्तेदारों के जमीन बैंक सहित कई तरह के कागजातों की डिमांड की है, ताकि उसकी जांच की जा सके।

## खेल प्रशिक्षकों को दिया जायेगा कैश अवार्ड

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के खेल प्रशिक्षकों को कैश अवॉर्ड का लाभ दिया जाना है। इसके लिए खेल निदेशालय, झारखंड के निर्देश के बाद सभी जिलों में इसके लिए जिला खेल पदाधिकारी के माध्यम से पांच सितंबर तक आवेदन मंगाए जा रहे हैं। रांची सहित दूसरे जिलों में भी इस संबंध में सूचना जारी की गयी है।रांची डीएसओ के स्तर से जारी सूचना के आधार पर कहा गया है कि जिले के वैसे प्रशिक्षक, जिन्होंने मान्यता प्राप्त खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों या टीम को उपलब्धि दिलाई हो और अबतक अवॉर्ड के लिए आवेदन नहीं दिया हो, वे पांच सितम्बर को दोपहर दो बजे तक डीएसओ कार्यालय में आवेदन दें।

## इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन, संत जीएम स्कूल बना चैंपियन


विजेताओं को प्रमाण-पत्र देते फिरोज जिलानी व मो. शकील। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** आम जनता हेल्पलाइन के तत्वावधान में रविवार 3 सितम्बर को अंजुमन प्लाजा हॉल में स्कूली बच्चों के बीच इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें 21 स्कूलों के लगभग 135 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्रतियोगिता में अभिभावक के अलावा स्कूलों के प्रिंसिपल, निदेशक व शिक्षक भी शामिल हुए।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संत जीएम स्कूल को मिला, द्वितीय स्थान इदरीसिया तंजीम स्कूल और तीसरा स्थान राईनगर्ल्स स्कूल को मिला। हालांकि डिवाइन और रांची पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी कड़ी टक्कर दी।

इसके अलावा 104 बच्चों ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। क्विज में अभिभावकों ने भी 20 से अधिक सवालों के सही जवाब देकर मैडम जीते। शहर के जाने माने हस्तियां भी इस क्विज का हिस्सा व गवाह बने। संचालन हाजी फिरोज जिलानी व मो. शकील ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आम जनता हेल्पलाइन के अध्यक्ष एजाज गद्दी ने की। इस मौके पर उपाध्यक्ष हाजी जसीम, हैदर गुड्डू, मरकजी इदरीसया पंचायत के अध्यक्ष मो. इस्लाम, नेहाल अहमद, इमरान रजा अंसारी रमजान कुरैशी, सज्जाद इदरीसी, मो. रिजवान खान, तनवीर अहमद,शम्श कमर लड्डन, खालिद उमर, निगार सुल्ताना, मेराज अंसारी, मेराज गद्दी, सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## धुर्वा पोस्ट ऑफिस के 9 खाता धारकों से ठगे 1.68 करोड़, आरोपी की हो चुकी मौत

**PHOTON NEWS RANCHI :** धुर्वा पोस्ट ऑफिस शाखा के नौ खाताधारकों को दिगभ्रमित कर व पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों की मिलीभगत से एक करोड़ 68 लाख 81 हजार 200 रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में धुर्वा पोस्ट ऑफिस शाखा के पोस्टमास्टर राम चरण उरांव ने एक सितंबर 2023 को धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसमें नेशनल सेविंग ऑर्गनाइजेशन द्वारा बनाये गये एजेंट संतोष कुमार सिंह को मुख्य आरोपी बनाया गया है। जबकि इनकी मौत 28 जुलाई 2023 को हो चुकी है।

इनके अलावा पोस्ट ऑफिस के चार पोस्टल असिस्टेंट मार्शल कुजूर (प्लांडू, नामकुम निवासी), प्रभुधन उरांव (दाहु टोली, धुर्वा निवासी), शशि भूषण स्वांसी (बलालौंग, धुर्वा निवासी) व रंजना शरण (आटीआइ, बजरा निवासी) को भी आरोपी बनाया गया है। पोस्टमास्टर के अनुसार एजेंट ने नौ खाताधारकों को यह विश्वास दिलाया कि पोस्ट ऑफिस में मंथली इनकम स्कीम समाप्त हो रही है। इसलिए बेहतर होगा कि आपलोग यह पैसा अपने खातों से निकाल लें और नयी योजना (एक जुलाई से शुरू) में निवेश कर दें। इस स्कीम में ज्यादा ब्याज मिलने की बात भी कही।

एजेंट के झांसे में आकर खाताधारकों ने बात मान ली। इसके बाद एजेंट ने खाताधारकों से पैसा निकासी का हस्ताक्षर करा लिया। फिर पोस्ट ऑफिस के पोस्टल एजेंट की मिलीभगत से खाताधारकों का पैसा अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया। लेकिन अपने खाते से किसी भी खाताधारकों के लिए किसी योजना में पैसे का निवेश नहीं किया। इसकी शिकायत खाताधारकों द्वारा किये जाने के बाद विभागीय जांच में इसका खुलासा हुआ।

### श्री राणी सती मंडल के 42वें वार्षिकोत्सव का आयोजन, उमड़े श्रद्धालु

## भजनों से गुंजायमान हुआ मारवाड़ी भवन



**PHOTON NEWS RANCHI :** मारवाड़ी भवन में आज रविवार को श्री राणी सती मंडल का 42वां वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य यजमान विनीता और विशाल सिंघानिया ने प्रात 7 बजे गणेश पूजन कराया। पंडित श्याम भारद्वाज ने मंत्रोच्चारण किया। संस्था के सदस्य सांवरमल बुधिया, बाल कृष्ण परशुरामपूरिया और सोहनलाल बंसल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान मारवाड़ी भवन ह्लनाचो गाओ खुशी मनाओ दादी आयी हैह्व, ह्लडोली चढकर दादी जी ससुराल चलीह्व और ह्लमंगल भवन अमंगल हारीह्व और ह्लनारायणी तेरो नाम सुखाईह्व सहित अन्य भजनों से गुंजायमान हो गया। पढ़ें, सनातन धर्म पर दिये उदयनिधि के बयान पर क्वउक्रअ गठबंधन पर बरसी भाजपा, जवाब मांगा।

**महाआरती के साथ महोत्सव का होगा समापन :** समाजसेवी कमल मोर ने दादी जी को चुनरी ओढ़ाई। समाजसेवी राजेश अग्रवाल ने दादी जी को छप्पन भोग लगाकर भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया। महोत्सव संयोजक निर्मल बुधिया ने बताया कि 42वें वार्षिकोत्सव में दादी पांच देवताओं के साथ महल से बाहर आकर भक्तों पर आशीर्वाद बरसायेंगी। 501 महिलाएं राजस्थानी वेशभूषा में सुसज्जित होकर दादी जी के जीवन चरित्र का मंगल पाठ करेंगी। कोलकाता की निशा सोनी व मोनू मोर मंगला पाठ और भजनों प्रस्तुत कर महोत्सव में चार चांद लगायेंगी। हनुमान मंडल के सदस्य भी भजन प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद महाआरती के साथ महोत्सव का समापन होगा।

**महोत्सव के सफल आयोजन में इनका महत्वपूर्ण योगदान :** वार्षिकोत्सव के सफल आयोजन में विनोद झुनझुनवाला, राजेंद्र केडिया, अरविंद मंगल, महेश कानोडिया, राजेश पोद्दार, मनोज अग्रवाल, पवन फोगला, अशोक सर्राफ, दिनेश गोयल, सुशील बजाज, अरुण बाजोरिया, हरीश अग्रवाल, मनीष बागला, सुमित गाडोदिया, राजन प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, बिजय खोवाल, विशाल सिंघानिया, वीरेंद्र बंसल, भरत बगडिया, मुकुंद परशुरामपूरिया, अभिषेक केडिया, कैलाश सामोता, अमित खुतेता, अशोक बांका, आनंद टाइवाला, मंटू अग्रवाल, विनोद टाटिया और रोहित सरावगी का योगदान रहा।

## रहमानी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के नये सेंटर का हुआ उद्घाटन


नये सेंटर के उद्घाटन पर जुटे लोग।

**PHOTON NEWS RANCHI :** मकतब ए दिनियात परास्टोली और रहमानी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट का नया सेंटर परासटोली कब्रिस्तान रोड नियर निर्मला कॉलेज में शिफ्ट किया गया। जिसमें जनाब मनव्वर रजा साहब के हाथों से नए सिरे से उद्घाटन किया गया। इस मौके पर रजा साहब ने कहा की शिक्षा हर मजहब की बुनियादी चीज है। इस मौके पर असगर हमीद, हाजी कलीम, हाजी तौहीद, हाफिज इजरईल हुसैनी, आसिया रहमानी ने भी शिक्षा पर जोर देते हुए अपनी अपनी बातें कही।

परास्टोली के पूर्व अध्यक्ष हाजी मजहर साहब ने कहा के मिकाईल रहमानी ने 2013 में 1-2 बच्चों से मदरसे की शुरूआत की थी, जिसमें आज तीन ब्रांच में लगभग 200-250 बच्चें को शिक्षा देने का काम कर रहे हैं, ये काबिले तारीफ है। रहमानी ट्रस्ट के चेयरमैन हाफिज मो0 मिकाईल रहमानी ने कहा कि आज मुझे इस बात की खुशी हो रही है और सभी लोगों का साथ भी मिल रहा है। इस मौके पर माजिद अहमद, मसउद हसन, मो0 इसरईल, आफरीन प्रवीन, शाहिद, मिनहाज और मौलाना जिबरईल रहमानी के सहित अन्य मौजूद थे।

BRIEF NEWS

### कायस्थवृंद की जिला कमेटी के रिक्त पदों पर हुआ मनोनयन



**GIRIDIH:** राष्ट्रीय कायस्थवृंद की बैठक 3 सितंबर को चित्रांश भवन में जिलाध्यक्ष एमके वर्मा की अध्यक्षता व राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश कुमार के संचालन में हुई। बैठक में कायस्थवृंद की जिला कमेटी के रिक्त पदों पर पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष के पद पर नवीन कुमार सिन्हा व राजेश कुमार सिन्हा (राजू), सचिव सह मीडिया प्रभारी के पद पर चंदन कुमार सिन्हा का व संयुक्त सचिव के पद पर विकास सिन्हा का मनोनयन किया गया। बैठक में नवमनोनित पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में भावी कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार कर एक माह में युवा कमेटी के विस्तार का निर्देश दिया गया। इस आपातकालीन बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद बक्सी, प्रदेश अध्यक्ष संजीव रंजन सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष उत्तम लाला, संयुक्त सचिव कुमार राकेश, जिला कोषाध्यक्ष विशाल गौरव, युवा अध्यक्ष अभय कुमार सिन्हा, युवा सचिव रंजीत कुमार सिन्हा, वैभव विशाल व मुकेश कुमार सिन्हा के अलावे सभी नव मनोनीत पदाधिकारी मौजूद थे।

### गावां में विधि-विधान से हुई मनसा देवी की पूजा




**GIRIDIH:** गावां के बाइपास रोड स्थित मां मनसा मंदिर में 3 सितंबर रविवार को मां मनसा देवी की पूजा विधि-विधान से संपन्न हुई। उक्त मंदिर का निर्माण शिला देवी उर्फ बचिया देवी ने करीब 20 वर्ष पहले करवाई थी। शिला देवी ने बताया कि उसके बाद से मंदिर में हर साल मां की विशेष पूजा का आयोजन होता है। बताया जाता है कि पहले मंदिर में कई जोड़े नाग प्रतिमा के आसपास भ्रमण करते रहते थे, लेकिन किसी को क्षति नही पहुंचाते थे। पूजा में अनिल राम, मुखिया कन्हाय राम, साजन कुमार, संतोष कुमार समेत अन्य ग्रामीण शामिल थे।

### नीलकंठ मुंडा ने फुटबॉल टूनार्मेंट का किया उद्घाटन

**KHUNTI:** विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा रविवार को युवा क्लब रेमता के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। रेमता पहुंचने पर गांव वालों और आयोजन समिति के सदस्यों ने पारंपरिक रूप से विधायक का स्वागत किया। विधायक ने उपस्थित खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टूनार्मेंट की शुरूआत की। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि युवा क्लब रेमता की ओर से प्रतिवर्ष फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया जाता है। इसके लिए आयोजक धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आज झारखंड के कई खिलाड़ी विभिन्न क्षेत्रों में अपने राज्य और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। खेल से शरीर तो स्वस्थ रहता है, इससे अनुशासन और प्रतिस्पर्द्धा की भावना बढ़ती है। इस मौके पर मुख्य रूप से युवा क्लब रेमता के अध्यक्ष कृतिवास मुंडा, देवानंद मुंडा, महेंद्र मुंडा, गुलशन मुंडा, जयश्री मुंडा, हरिनाथ मुंडा, लीलू पाहन, विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, जिला भाजपा के महामंत्री विनोद नाग, जिला सोशल मीडिया के प्रभारी रूपेश जायसवाल सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।अर्जुन मुंडा का कार्यक्रम स्थगित फुटबॉल टूनार्मेंट में जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को भी भाग लेना था लेकिन भारी बारिश के कारण रविवार को उनका खूंटी दौरा स्थगित कर दिया गया। यह जानकारी जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने दी।

# हजारीबाग में 76 लाख रुपए से बन रहा OPEN THEATER

## खुले मंच के लिए रंग कर्मियों का इंतजार खत्म, स्थल के लिए अब नहीं होंगे परेशान

- पर्यटन विकास विभाग की पहल, कलाकारों की कलाकारी से गुलजार रहेगा झील कैंपस
- गैलरी में करीब डेढ़ हजार दर्शकों के बैठने की रहेगी व्यवस्था









**PHOTON NEWS HAZARIBAGH:** प्रमंडलीय मुख्यालय हजारीबाग में लंबे समय से एक ऐसे खुले मंच की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो यहां की प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभाओं को दिखाने का मौका मिल सके। अब शहरवासियों विशेष रूप से रंगकर्मियों का इंतजार बहुत जल्द खत्म होने वाला है। रंगकर्मियों को अपनी प्रतिभा खुले आकाश के नीचे प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। शहर की ऐतिहासिक व चर्चित झील परिसर में पर्यटन विकास विभाग की ओर से करीब 76 लाख की लागत से एक ओपेन थियेटर का निर्माण किया जा रहा है। रंगकर्मियों के लिए यह ओपेन थियेटर वरदान साबित होगा। यहां अर्ध वृत्ताकार बनाई जा रही गैलरी में करीब डेढ़ हजार दर्शकों के बैठने की जगह होगी। साथ ही खुला मंच भी होगा। झील की खूबसूरत फिजाओं और मनोरम स्थलकृतियों के बीच दर्शक यहां मनोरंजक कार्यक्रमों का आनंद ले पाएंगे।

**लोगों को आकर्षित करेंगी मनोहरी कलाकृतियां : अनिल पृथ्वी**

जाने माने मूर्तिकार अनिल कुमार पृथ्वी बताते हैं कि यह ऑडिटोरियम बेहद खास है। प्रवेश द्वार पर वीणा बनाई गई है, जो लोगों को आकर्षित करेगी। इसके अलावा अंदर में कला संस्कृति को दशार्या गया है। एक महिला की मूर्ति बनाई जा रही है, जिसके हाथ में कलश है। वहीं दूसरे छोर पर रंग कर्मियों की मूर्तियां बनाई गई है। साथ ही एक बटरफ्लाई सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। ऑडिटोरियम में एक साथ 500 से 600 व्यक्ति आराम से बैठ कर कार्यक्रम का लुफ्त उठा पाएंगे। उनका यह भी कहना है कि यह ऑडिटोरियम बेहद खास है क्योंकि यह कलाकारों के लिए बनाया जा रहा है।

**ऑडिटोरियम का सदुपयोग करें, गंदगी न फैलाएं : डीडीसी**

उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने बताया कि 76 लाख की लागत से ऑडिटोरियम बनाया जा रहा है, जो खुले आकाश के नीचे है। जिला प्रशासन की यह कोशिश है कि रंग कर्मियों के लिए एक ऐसी जगह हो, जहां वे अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकें। कुछ इसी उद्देश्य से यह ऑडिटोरियम बनाया जा रहा है। बहुत जल्द ही हजारीबाग वासियों को यह सौगात के रूप में दी जाएगी। जिला परिषद को यह फंड पर्यटन विभाग से आया था। डीडीसी ने आम लोगों से यह अपील भी की है कि इसका सदुपयोग करें और खास करके गंदगी न फैलाएं। इसके रखरखाव की जिम्मेवारी भी हजारीबाग वासियों की है।

**सांस्कृतिक भूमि के नाम से जाना जाता रहा है हजारीबाग**

उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का मुख्यालय हजारीबाग शहर रंगमंच कर्मियों के लिए जाना जाता रहा है। इस क्षेत्र में शहर की कई प्रतिभाओं ने जिले का नाम राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। बात चाहे रंगकर्मी राकेश गौतम की हो या मनोज सिन्हा की, अशोक अखौरी, तापस चक्रवर्ती अथवा हंसराज लोहरा की, यहां के रंगकर्मी अक्सर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते रहते हैं। इसके अलावा यहां कई ऐसी संस्थाएं व इंस्टीट्यूट भी संचालित हैं, जो नई प्रतिभाओं को उभारने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में उन कलाकारों के लिए यह ओपन एयर ऑडिटोरियम काफी लाभदायक भी सिद्ध होगा।

## संस्कार भारती की रंगोली-मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ अयोजन



**PHOTON NEWS HAZARIBAG:** संस्कार भारती हजारीबाग इकाई के तत्वावधान में रविवार को हिंदू प्लस टू हाई स्कूल के प्रांगण में रंगोली सह मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 14 वर्ष से कम अधिक दो वर्गों में प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कुल 175 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आकर्षक रंगोली और मनभावन मेहंदी बनाकर प्रतिभागियों ने लोगों का मन मोह लिया। रंगोली वर्ग ब में प्रथम कोमल कुमारी, द्वितीय आयुषी ठकराल होरा, तृतीय वर्षा कुमारी, सांत्वना सृष्टि खंडेलवाल, रंगोली वर्ग अ में प्रथम साक्षी कुमारी, द्वितीय नीतू कुमारी, तृतीय सिमरन कुमारी, सांत्वना में संयुक्त रूप से मीनाक्षी कुमारी, पंखुड़ी भारती और लक्ष्मी कुमारी रहीं। वहीं मेहंदी वर्ग ब में प्रथम शांति कुमारी, द्वितीय पूर्णिमा कुमारी, तृतीय मुस्कान कुमारी, सांत्वना में संजना कुमारी और मुकद्दस परवीन, मेंहदी वर्ग अ में प्रथम श्वेता कुमारी, द्वितीय साक्षी कुमारी, तृतीय वंदना कुमारी, सांत्वना मुस्कान कुमारी वर्मा और ईशा कुमारी पुरस्कृत की गईं। मंच संचालन संजय कुमार तिवारी ने किया।

**मौके पर ये रहे मौजूद**

रंगोली प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में प्रवीण कुमार जायसवाल, तनिमा प्रिया, मंजूला प्रिया और मेंहदी प्रतियोगिता में रेणु रारा, एकता अजमेरा और कविता पाटनी थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षिका शोभा सहाय, प्रांतीय मंत्री संजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष कुमार केशव, जिला मंत्री विनीत जैन, जिला सह मंत्री राजीव झा, कोषाध्यक्ष अनिल पांडे, राकेश रंजन, शंकर चंद्र पाठक, वीणा अखौरी, कार्यक्रम संयोजिका रंजना शर्मा, शोभा सिन्हा, रजनी कुमारी, रेखा झा, रवि प्रकाश पाठक, प्रमोद खंडेलवाल, चित्रकला प्रमुख संजय कुमार, प्रेम राणा, शंकर कुमार, तारकेश्वर जी, किशोर सिन्हा, दयानंद दास, पतंजलि मिश्रा और मंजू जैन की मुख्य भूमिका रही।


# युवक ने फांसी लगाकर कर की खुदकुशी



**PHOTON NEWS KHUNTI:** शहर के तोरपा रोड स्थित कटहल टोली बस्ती में शनिवार की शाम एक युवक ने अपने घर में ही फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली। युवक की पहचान अनिकेत कुमार उर्फ पतंग (22) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से मुरहू के गनालोया गांव निवासी अनिकेत शनिवार को कटहल टोली स्थित अपने मकान में अकेला था। उसी दौरान उसने इस घटना को अंजाम दिया। देर शाम जब उसके स्वजन घर पहुंचे, तो उसे फंदे से झूलते देख स्वजनों के होश उड़ गए। आनन-फानन में उसे फंदे से उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बाद में इसकी सूचना खूंटी थाना की पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही खूंटी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्वजनों की मदद से उसे सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। इस संबंध में खूंटी थाना में एक मामला दर्ज किया गया है। रविवार को सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करके के बाद उसे स्वजनों को सौंपा गया।

### होटल में परोसी जा रही थी शराब, संचालक गिरफ्तार



**GIRIDIH :** सरिया थाना क्षेत्र के डाक बंगला रोड स्थित दामोदर होटल में शराब परोसने की सूचना पर सरिया थाना प्रभारी अनीश पांडेय ने सदलबल होटल में छापेमारी की। इस दौरान विभिन्न कम्पनी की 7 लीटर शराब मिली। मौके पर पुलिस ने शराब जब्त कर होटल संचालक दामोदर मंडल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि सरिया स्टेशन के बगल में दामोदर होटल में धड़ल्ले से अवैध शराब परोसी जाती हैं।

# धनबाद में ट्रक और टैंकर के बीच जोरदार टक्कर में, दो की मौत



**PHOTON NEWS DHANBAD:** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कालाडीह मोड के समीप जीटी रोड पर रविवार को एक तेज रफ्तार कोयला लदे ट्रक एवं टैंकर के बीच भीषण टक्कर में कोयले के ढेर में दबकर दो लोगों की मौत हो गई। राहत कार्य में एक जेसीबी को लगाया गया है। स्थानीय गोविन्दपुर थाने की पुलिस और एनएचएआई के कर्मियों के अलावा स्थानीय लोग रेस्क्यू कार्य में जुटे हुए हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार डिवाइडर में गलत कटिंग की वजह से आए दिन यहां सड़क दुर्घटना होती रहती है। इन दोनों सड़कों का निर्माण का कार्य भी चल रहा है, जिस वजह से सड़क निर्माण की सामग्री यत्र-तत्र डंप है। आवश्यक सूचना पट्ट भी नहीं लगाए गए हैं।इस संबंध में गोविंदपुर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि टक्कर में ट्रक से गिरे कोयले के ढेर से दो लोगों का शव बाहर निकाल लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस घटना में पैदल चल रहा व्यक्ति और एक बाइक सवार शिकार हुआ है। मृतकों में एक गोविंदपुर के भीतिया पंचायत और दूसरा बाघमारा पंचायत का रहने वाला बताया जा रहा है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया है।

# नाबालिग छात्रा की कुएं में मिली लाश, सनसनी

## मॉर्निंग वॉक पर निकली थी छात्रा, हत्या या आत्महत्या में उलझा मामला, जांच शुरू

- छात्रा की मौत हुई कैसे, वह कुंआ में कैसे डूबी , इस बात की जांच कर रही पुलिस



घटनास्थल पर जुटे लोग। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS GIRIDIH:** बेंगाबाद थाना अंतर्गत सोनबाद निवासी नाबालिग छात्रा का शव कुएं से बरामद हुआ है। 14 वषीर्या शनिशा कुमारी 9 वीं कक्षा की छात्रा थी। जानकारी के अनुसार अरबिंद कुमार की पुत्री शनिशा कुमारी हर दिन की तरह 3 सितंबर की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकली थी। घंटों बीत जाने के बाद भी जब वह घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसी क्रम में दोपहर में उसके घर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर एक कुंआ के पास छात्रा का चप्पल पड़ा मिला। जिसके बाद परिजनों ने संदेह पर कुंआ में तलाश कर छात्रा के शव को बाहर निकाला। इधर घटना की सूचना पर बेंगाबाद के प्रभारी थानेदार प्रशांत कुमार ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। छात्रा की मौत कैसे हुई, वह कुंआ में कैसे डूबी इस बात की जानकारी किसी के पास नहीं है। छात्रा ने आत्महत्या की है या उसके साथ कोई अप्रिय घटना घटी है ऐसे सवाल लोगों ने जेहन में कौंध रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# नारी सेवा संघ के शिविर में 21 लोगों ने किया रक्तदान

## एशियन जालान हॉस्पिटल की मेडिकल टीम ने किया सहयोग




शिविर में रक्तदान करते उत्कर्ष विश्वकर्मा व अन्य।

**PHOTON ENWS SINDRI :** रक्तदान महादान संदेश के साथ विद्यापति परिषद प्रांगण में नारी सेवा संघ ने रविवार 3 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीआईटी सिंदरी के निदेशक पंकज राय ने फीता काटकर किया। शिविर में धनबाद स्थित एशियन जालान की मेडिकल टीम ने कुल 21 रक्तवीरों से रक्त संग्रह किया। बीते एक महीने से चल रहे कैंप में रक्तदान संबंधित जानकारी दी गई। सभी रक्तवीरों को मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। रक्तवीरों में मुख्य रूप से संघ अध्यक्ष रंजना शर्मा, उमा शर्मा, प्रतिमा गोप, बबीता गोप, विष्णु गोप, सरस्वती देवी, जुली तिवारी, अल्पी तिवारी, उषा सिंह, मीनू सिंह, नीतू सिंह, त्रजूही शर्मा, निशा शर्मा, डोली दास, गीता चटर्जी, किरण सिंह, उषा सिंह, शालिनी शर्मा, किशोर कुणाल, बीके मिश्रा, उत्कर्ष विश्वकर्मा शामिल थे। धनबाद एशियन जालान की मेडिकल टीम में डॉ एनके सिंह, मनजीत, सोनू, रवि शामिल थे।

## 800 किसानों के बीच 15 लाख पौधों का किया गया वितरण, सूखे की आशंका को देख हो रहे आकर्षित

# गेंदा फूल की खेती में किस्मत आजमा रहे मुरहू, खूंटी और अड़की प्रखंड के किसान



गेंदा फूल की पौधों के साथ किसान • फोटोन न्यूज

03

खूंटीः जिले में सूखे की आशंका को देखते हुए किसान गेंदा फूल की खेती की ओर आकर्षित हो रहे हैं। प्रदान के जरिए किसानों को इसकी खेती का प्रशिक्षण और तकनीकी मदद दी जा रही है। इसके लिए मुरहू, खूंटी और अड़की प्रखंड के 800 किसानों के बीच गेंदा फूल के 15 लाख पौधों का वितरण किया गया है। किसान गेंदा फूल की खेती की तैयारी लगभग ढाई महीने पहले शुरू कर देते हैं। किसानों को फिक्की आदित्य बिरला सेंटर फॉर एक्सीलेंस, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम और प्रदान के सहयोग से बनी सहकारी संस्था महिला कृषि बागवानी स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड मदद कर रही है। एकता कुमारी, सीईओ झरिया महिला कृषि बागवानी स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के दिशा-निर्देश पर किसानों का ट्रेनिंग दी जा रही है। प्रदान की कविता बोदरा कहती हैं कि इस साल वर्षा कम हुई है। इसके कारण खेत की ऊपरी जमीन खाली है। इसमें गेंदा फूल की खेती कर किसान अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक एकड़ जमीन के लिए किसान को दस हजार पौधे की आवश्यकता होती है। पूरी खेती में किसान को बीस हजार रुपये तक का खर्च आता है जबकि दुगार्पूजा, दीपावली, छठ तक वे दो लाख रुपये तक की आमदनी प्राप्त कर सकते हैं।

**50 लाख रुपये के कारोबार की उम्मीद**

जेएसएलपीएस के एक अधिकारी ने बताया कि जिले में पांच सौ एकड़ क्षेत्रफल में गेंदा फूल की खेती की जा रही है। इसके लिए 25 लाख पौधों का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि गेंदा फूल की खेती में चार सौ से अणिक परिवार जुड़े हैं। जिले के हेठगोवा, बाघमा, कोड़ाकेल, साड़ी गांव, इंदीपवीड़ी, सेनेगुटू, तारो, सिलादोन, दुलमी, डाड़ीगुटू, जोरको, कोश, तोड़ांग, तिरला, सारिदकेल, दियांकेल, तोरपा सहित अन्य क्षेत्रों में गेंदा फूल की खेती की गई है। उन्होंने बताया कि वैसे तो बरसात शुरू होने के साथ ही गेंदा फूल के पौधे लगाए जाते हैं। फसल को तैयार होने में ढाई से तीन महीने का समय लगता है। एक एकड़ खेत में गेंदा फूल की खेती करने में मात्र पांच से छह हजार रुपये की लागत आती है जबकि इससे दो से तीन लाख तक की आमदनी हो जाती है। अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ में खूंटी जिले में गेंदा फूल के 50 लाख रुपये के कारोबार की उम्मीद है। पौधा वितरण के मौके पर एकता कुमारी, निशा सुरीन, कविता बोदरा, आदर्श कुमार, रीडा लोहरा, दीपा कुमारी, पम्मी, रूपू, एस्बिना, सोनाली आदि मौजूद थीं।

## रास्ते को एक पक्ष ने किया बंद, ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय में की शिकायत



**PHOTON NEWS KODARMA:** कोडरमा : झुमरी तिलैया के वार्ड नंबर 8/28 के बीच बरसों से खुले रास्ते को कुछ लोगों ने बंद कर दिया। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय में आवेदन देकर की है। आवेदन में लिखा है कि सैकडो वर्षो से देवी मंडप व बजरंग बली के मंदिर में लोग पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। लकिन 12 अगस्त 2023 को सुरेश यादव, पिता डीलो यादव, किशुन यादव, पिता स्व। पुनित यादव, मुन्शी यादव,पिता प्रसाधी यादव, महेन्द्र यादव, पिता स्व० झरी यादव, अर्जुन यादव, पिता स्व। पुनित यादव, बिनोद यादव, पिता स्व। तेजो यादव, सहदेव यादव, पिता ईश्वर यादव, बन्टी यादव, पिता मुन्शी यादव, मनोज यादव, पिता प्रसाधी यादव ने उक्त स्थल को जोत कर देवी मंदिर जाने का रास्ता बंद कर दिया।

**जांच कराने की मांग**

परती जमीन पर घेराबन्दी बाँस द्वारा कर दिया गया है। ये सभी लोग अपनी जमीन होने का दावा करते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि मामले की जांच की आवश्यकता है। आवेदन पर अर्जुन पंडित, श्रवण कुमार, वासुदेव पंडित, तुलसी पंडित, प्रकाश पंडित, वीरू राणा,प्रि यांशु पंडित, रामजी राणा, हेमंत पंडित, संजय साव सहित सैकड़ों लोगों के हस्ताक्षर हैं।

BRIEF NEWS

## तुलसी भवन में तीन दिवसीय उन्नति मेला की हुई शुरुआत

**JAMSHEDPUR:** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा द्वारा लगाए गए तीन दिवसीय उन्नति मेला का रविवार को बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में शुरू हुआ। इसका उद्घाटन प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू , पूर्व सांसद आभा महतो आदि ने किया। कार्यकम में उपस्थित अतिथियों ने महिला शाखा, महिला सदस्यों द्वारा महिलाओ के लिए आयोजित इस मेले की प्रसंशा की कार्यक्रम संयोजीका प्रीति झाझरिया एवं प्रीती सावा ने जानकारी दी की इस मेले में कुल करीब 45 से अधिक स्टाल लगे है जिसमें जमशेदपुर के साथ साथ चाईबासा, कोलकत्ता, रांची समेत विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपने स्टाल्स लगाए है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को कम दर में उच्च क्वालिटी के सामान उपलब्ध करवाना व महिलाओं को अपने सामानों के विक्रय हेतु एक मंच प्रदान करना है।

## जमशेदपुर में डेंगू से 24 साल के युवक की मौत से हड़कंप

**JAMSHEDPUR:** जमशेदपुर शहर में डेंगू से होने वाली मौत लगातार बढ़ रही है। रविवार को फिर एक युवक की मौत हो गई। उसका इलाज टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) में चल रहा था। मृतक कदमा का रहने वाला था। एक सितंबर को 24 वर्षीय युवक में डेंगू के लक्षण सामने आने के बाद उसे टीएमएच में भर्ती कराया गया। इस दौरान जांच हुई तो उसमें डेंगू की पुष्टि हुई। इसके बाद इलाज के क्रम में रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। शहर में डेंगू से यह चौथी मौत है। इससे पूर्व मानगो आजाद बस्ती, बिरसानगर व सोनारी में एक-एक मरीज की मौत हो चुकी है। जिला सर्विलांस विभाग के अनुसार, रविवार को डेंगू के कुल 12 मरीज मिले। ये मरीज शहर के विभिन्न क्षेत्रों के रहने वाले हैं। अबतक कुल 3210 सैंपल की जांच में 461 लोग डेंगू पॉजिटिव पाए जा चुके हैं। वहीं, चार मरीजों की मौत हो चुकी हैं। वर्तमान में 241 लोगों का इलाज अस्पतालों में चल रहा। इसमें आठ मरीजों की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जिन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया। वहीं, 233 मरीजों का इलाज सामान्य वार्डों में चल रहा है। रविवार को डेंगू से संबंधित 45 मरीज स्वस्थ होकर घर लौटे।

## दो माह का राशन डकार गए डीलर, लाभुकों ने किया प्रदर्शन

**CHAIBASA:** दिरीबुरु पंचायत के ग्राम नयागांव व दिरीबुरु के सरकारी राशन उपभोक्ताओं ने राशन डीलर साया सागेन महिला महिला समिति एवं अंजू महिला समिति के खिलाफ दो माह का राशन लाभुकों के बीच वितरण नही कर सरकारी राशन गबन करने का आरोप लगाते हुए रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष सूरज चांपिया से मामले की जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी ग्रामीण बेहद गरीब परिवार से आते हैं। जो दैनिक मजदूरी कर किसी तरह अपना और अपने परिवार के सदस्यों के दो जून की रोटी का जुगाड़ कर पाते हैं। ऐसे कठिन परिस्थिति में सरकार द्वारा प्रति माह मिलने वाला सरकारी राशन हमलोगों के जीवन का बड़ा सहारा है। लेकिन राशन डीलरों द्वारा हम सबों को मिलने वाले दो माह के सरकारी राशन का गबन कर हम सभी सरकारी राशन के लाभुकों को उन्हें मिलने वाले सरकारी लाभ से वंचित कर हम सबों को भूखों मरने पर विवश किया जा रहा है। आंदोलन कर रहे सरकारी राशन कार्ड धारियों ने प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष सूरज चांपिया से मामले की उच्च स्तरीय जांच करवा कर दोषी राशन डीलरों के खिलाफ कड़ी करवाई करने तथा लाभुकों को उनके दो माह के बकाए राशन के आबंटन करवाए जाने की गुहार लगाई है। 20 सूत्री अध्यक्ष सूरज चांपिया ने सरकारी राशन से वंचित आक्रोशित लाभुकों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं सांसद गीता कोड़ा से मिलकर दोषी राशन डीलरों का लाइसेंस रद्द करने तथा लाभुकों के बकाए राशन आवंटित कराने का अनुरोध किया जायगा।

# जमशेदपुर में भारी बारिश से सड़कों पर कमर तक जल जमाव: बागबेड़ा के दर्जनों घरों में घुसा पानी

### दिन में छाया अंधेरा, 28 एमएम हुई वर्षा, नौ सितंबर तक इसी तरह बना रहेगा मौसम

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** जमशेदपुर में रविवार को जोरदार बारिश हुई। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहें। दोपहर बाद पूरे शहर में अंधेरा छा गया। इस दौरान तेज हवा और गर्जन के साथ भारी बारिश हुई। कुल 28 एमएम वर्षा दर्ज की गई। साढ़े तीन घंटे तक शहर में हुई बारिश से ड्रेनेज सिस्टम की पोल खुल गई। जगह-जगह पर जल जमाव हो गया। मुख्य सड़कों पर पानी जमा होने से गाड़ियों की भी लंबी कतार लग गई। जुगसलाई रेलवे ब्रिज के समीप सड़क पर कमर तक पानी जम गया। इस दौरान बाइक सवार लोगों को सड़क से गुजरने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जो लोग साइकिल से आ रहे थे, उन्हें अपनी पैंट उठाकर पार करना पड़ा। इसके साथ ही शहर के निचले इलाकों में भी पानी भर गया।



दर्जनों घरों में घुसा पानी, देर रात तक लोग निकलते रहे



बागबेड़ा जोन नंबर तीन में बारिश का नजारा।

सबसे ज्यादा परेशानी बागबेड़ा क्षेत्र में देखने को मिली। कई घरों में पानी घुस गया। बिरसानगर तीन में पानी का जमाव इतना अधिक हो गया कि नाले के ऊपर से पानी बहने लगा। इस दौरान दर्जनों घरों में पानी प्रवेश कर गया, जिससे अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। लोग अपने घरों का सामान उठाकर छत पर रख रहे थे। ताकि खराब नहीं हो। फिर भी अधिकांश सामान पानी में भीग गए। वहीं, बिरसानगर जोन नंबर-7 में भी लगभग एक दर्जन से अधिक घरों में पानी घुस गया। चूंकि, उस क्षेत्र में पानी निकासीकी कोई सुविधा नहीं है। ऐसे में थोड़ी भी तेज वर्षा होने पर घरों में पानी प्रवेश कर जाता है। मानगो के देशबंधु लाइन व दरभंगा डायरी के आस-पास के क्षेत्रों में भी पानी का जमाव हो गया। गोलमुरी के रामदेव बगान स्थित रोड नंबर एक में भी कई घरों में पानी घुस गया। लोगों ने बताया कि जमशेदपुर अक्षेस की ओर से इस साल नाले की सफाई नहीं कराई गई है। रामदेव बगान में पानी घुस गया है। देर रात तक लोग अपने-अपने घरों से पानी निकालने में जुटे रहें।

**अभी इसी तरह रहेगा मौसम**

मौसम विभाग के अनुसार, शहर में अभी इसी तरह का मौसम बना रहेगा। सोमवार को भी जोरदार वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने चार से नौ सितंबर तक अलर्ट जारी किया है। 8 व 9 सितंबर को वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है। ऐसे में लोगों को सावधान होने की जरूरत है। रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 37 व न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस देखने को मिला।

## MGM में प्रसव के बाद महिला की मौत पर हंगामा



एमजीएम में मौत के बाद हंगामा करते परिजन।

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** कोल्हान के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमजीएम में रविवार को प्रसव के बाद एक महिला की मौत होने के बाद उसके परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इसके बाद मौके पर पहुंचे होमगार्ड के जवानों ने मामले को किसी तरह से शांत कराया। आदित्यपुर के माझी टोला निवासी तुस्टो गोप (19) को प्रसव पीड़ा होने पर शनिवार की रात आदित्यपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां पर नर्सों ने प्रसव कराने का प्रयास किया। जब नहीं हुआ तो उसे एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया। इस दौरान महिला का रक्तस्त्राव भी हो रहा था। इसे देखते हुए एमजीएम में चिकित्सकों ने खून चढ़ाने की सलाह दिया। कुल नौ बोतल खून चढ़ावा गया। इसके बाद महिला का ऑपरेशन के माध्यम से प्रसव कराया गया। उसके कुछ ही देर के बाद महिला की मौत हो गई। वहीं, नवजात बच्ची स्वस्थ है। उसे अस्पताल में ही रखा गया है। मृतक के पिता त्रिलोचन गोप ने बताया कि बेटी अस्पताल पहुंचने तक स्वस्थ थी।

आदित्यपुर स्वास्थ्य केंद्र पर उसे उचित इलाज नहीं मिला। वहीं, एमजीएम आने पर भी चिकित्सकों ने ध्यान नहीं दिया। अगर बेटी का इलाज सही ढंग से होता तो शायद उसकी जान बच जाती। उन्होंने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। ताकि इस तरह की लापरवाही से दूसरे मरीज की जान नहीं जाए। वहीं, अस्पताल के उपाधीक्षक डा. नकुल प्रसाद चौधरी ने बताया कि इसकी जानकारी नहीं है। मृतक के परिजन शिकायत करेंगे तो इसकी जांच कराई जाएगी। उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## विद्या विकास समिति ने विज्ञान, वैदिक गणित विषयों पर करायी प्रतियोगिता



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** विद्या विकास समिति झारखंड की ओर से रविवार को बागबेड़ा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विभाग स्तरीय विज्ञान, वैदिक गणित तथा संगणक तीन विषयों की प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कोल्हान भर के छात्र छात्राएं शामिल थे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जमशेदपुर की पार्षद कवीता परमार ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि तुलसी प्रसाद ठाकुर , अरविंद सिंह तथा प्रधानाचार्य रंजय कुमार राय ने संयुक्त रूप से सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया।प्रतियोगिता तीन वर्गो में आयोजित की गई। जिसमें शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग शामिल थे। इस अवसर पर तुलसी ठाकुर ने प्रतियोगिता की प्रस्तावना तथा इसके महत्व के ऊपर प्रकाश डालते हुए कहा की इससे बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

## जमशेदपुर पूजा समिति बिष्टुपुर की बैठक आयोजित

**JAMSHEDPUR:** जमशेदपुर पूजा समिति, बिष्टुपुर ने रविवार सितंबर को जमशेदपुर एसोसिएशन (घासी क्लब) में अपनी वार्षिक आम सभा की बैठक आयोजित की। 2023-24 की अवधि के लिए पदाधिकारियों का चुनाव आयोजित किया गया, जिसमें तापस घोष को अध्यक्ष का प्रभार सौंपा गया। अरुणा आभा दास (कार्यकारी अध्यक्ष), बिमल रे (महासचिव), बिश्वजीत बसाक (कोषाध्यक्ष) और एसके भौमिक (लेखा परीक्षक) चुने गए। इस वर्ष, सुभाष गांगुली दुर्गा पूजा करने वाले मुख्य पुजारी होंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि कथामो पूजा (मूर्तियों को सहारा देने के लिए बांस की संरचना को दी जाने वाली प्रार्थना) गुरुवार, 7 सितंबर को की जाएगी और पंडाल का निर्माण शुक्रवार, 8 सितंबर को शुरू होगा।

## मध्य अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षक संघ के अधिवेशन में कई स्कूलों को किया गया सम्मानित

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षक संघ का वार्षिक अधिवेशन- सह-सम्मान समारोह रविवार को आयोजित हुआ। भारत सेवाश्रम संघ प्रणवानंद उच्च विद्यालय सोनारी के सभागार में हुआ। अधिवेशन दो सत्रों में आयोजित हुआ, प्रथम सत्र में संगठन के कार्यों एवं सदस्यों की अभिव्यक्ति हुई, दूसरे सत्र में अल्पसंख्यक विद्यालयों के 6 विद्यालयों को वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 में शत- प्रतिशत परिणाम आने के लिए उन्हें उत्कृष्टता सम्मान दिया गया। साथ ही जिन शिक्षकों ने विशिष्ट योग्यता या विशिष्ट कार्य किए हैं उन्हें प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रथम सत्र में भारत सेवाश्रम संघ सोनारी के सेक्रेटरी स्वामी मुक्तत्मानंद जी महाराज थे एवं द्वितीय सत्र के



कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बरेलिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। और उन्हीं के द्वारा सभी लोगों को सम्मानित किया गया। संघ के इस कार्य के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी ने प्रसन्नता जाहिर की साथ ही इसे एक प्रेरक बताया। इस कार्यक्रम में सभी अल्पसंख्यक उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षककेतर कर्मी उपस्थित थे। प्रथम सत्र में संघ के अध्यक्ष शशि भूषण दुबे द्वारा उपस्थित सभी प्रधानाध्यापकों मुख्य अतिथि एवं शिक्षक शिक्षक उत्तर कर्मियों को स्वागत किया। उसके बाद संघ के सचिव श्री नागेश्वर प्रसाद के द्वारा सचिव प्रतिवेदन दिया गया एवं श्रीमती रेशमा जबीन के द्वारा संघ के आय- व्यय का ब्यौरा दिया गया। विभिन्न विद्यालयों की ओर से विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें उन संस्थाओं की पहचान झलक रही थी। कार्यक्रम में संघ के कार्य कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार साकची हाई स्कूल के अमिताभ पात्र जी को संघ के कार्यकारिणी में मनोनीत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में परविंदर सिंह ,शिशु लाल महतो, अमिताभ पात्र आदि सदस्य शामिल थे।

## सीएम ने बारिश प्रभावित हिमाचल प्रदेश के लिए पांच करोड़ की मदद का किया एलान

**PHOTON NEWS BHUBANESWAR:** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार को बारिश से प्रभावित हिमाचल प्रदेश के लिए पांच करोड़ रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार हिमाचल में हाल में लगातार बारिश हुई है, जिससे बड़े पैमाने पर जानमाल का नुकसान हुआ है। यह सहायता मुख्यमंत्री राहत कोष से दी जाएगी। हिमाचल प्रदेश के अपने समकक्ष सुखविंदर सिंह सुक्खू को पत्र लिखकर पटनायक ने लोगों की परेशानी और संपत्ति के नुकसान पर चिंता व्यक्त की थी। पटनायक ने कहा कि मेरी सरकार और ओडिशा के लोग संकट की इस घड़ी में हिमाचल प्रदेश के लोगों के साथ दृढ़ता के साथ खड़े हैं।

### ओडिशा के मुख्यमंत्री ने आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण पर वैज्ञानिकों को दी बधाई

**ODISHA:** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार को देश के पहले सौर मिशन-आदित्य एल1 के सफल प्रक्षेपण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। देश का पहला सौर मिशन-आदित्य एल1 पृथ्वी के निकटतम तारे से संबंधित विभिन्न तत्वों का अध्ययन करने के अपने प्रयास में सूर्य की 125 दिन की यात्रा पर रवाना हुआ है। पटनायक ने ह्यएक्सह्न पर लिखा कि श्रीहरिकोटा से देश के पहले सौर मिशन आदित्य एल-1 को सफलतापूर्वक प्रक्षेपण करने के लिये इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई। यह सफल चंद्र अभियान चंद्रयान-3 के ठीक बाद हुआ है। उन्होंने कहा कि यह सभी के लिए गर्व का क्षण है क्योंकि भारत ने अंतरिक्ष अन्वेषण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण छलांग लगाई है।

## ओडिशा में बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**ODISHA:** ओडिशा के छह जिलों में बिजली गिरने की घटनाओं में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। इन जिलों में शनिवार को भारी बारिश हुई। विशेष राहत आयुक्त के कार्यालय ने बताया कि बिजली गिरने से खुर्दा जिले में चार, बोलांगीर में दो और अंगुल, बौध, जगतसिंहपुर और ढेंकनाल में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। कार्यालय ने बताया कि बिजली गिरने से खुर्दा में तीन लोग घायल भी हो गये। अधिकारी ने बताया कि भुवनेश्वर और कटक शहरों सहित ओडिशा के तटीय क्षेत्र में बिजली गिरने के साथ भारी बारिश हुई।

## ओडिशा और गुवाहाटी उच्च न्यायालयों में नये न्यायाधीशों की नियुक्ति

**PHOTON NEWS ODISHA:** देश के दो उच्च न्यायालयों में दो न्यायिक अधिकारियों और एक अधिवक्ता को शनिवार को न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। अधिवक्ता शिब शंकर मिश्रा और न्यायिक अधिकारी आनंद चंद्र बेहरा को ओडिशा उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। न्यायिक अधिकारी बी हाबुंग को गुवाहाटी उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है।

**विधि मंत्री ने दी जानकारी :**

विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इन नियुक्तियों की घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि केरल उच्च न्यायालय की अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति सीएस सुधा को स्थायी न्यायाधीश बनाया गया है। अतिरिक्त न्यायाधीशों को आमतौर पर स्थायी किए जाने से पहले दो साल के लिए नियुक्त किया जाता है।

**मिश्र ने जयपुर लॉ कॉलेज से की पढ़ाई :**

हाई कोर्ट के यह दोनों जज आगामी सप्ताह में शपथ लेंगे। बता दें कि 3 मई, 1968 को जन्मे शिव शंकर मिश्र ने जयपुर लॉ कॉलेज से एलएलबी की है। ओडिशा हाई कोर्ट में जज के रूप में नियुक्त होने वाले वह कोरापुट जिला के पहले व्यक्ति हैं। श्री मिश्र वर्ष 1991 में 7 दिसंबर को वकील के तौर पर अपना नाम पंजीकृत कराया था। उनका वकील के पेशे में 30 साल का तजुर्बा है। वह सुप्रीम कोर्ट में ओडिशा सरकार की ओर से वकील ऑन रिकॉर्ड है। वह ओडिशा सरकार और केंद्र सरकार के लिए सुप्रीम कोर्ट में वकील के तौर पर काम कर रहे हैं।

**कई जगह काम कर चुके हैं बेहेरा :**

वहीं, 1964 में 23 मई को जन्मे आनंद चंद्र बेहेरा राज्य के विभिन्न जगहों पर वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी के तौर पर कार्य कर चुके हैं।

### बिष्टुपुर के सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का प्रथम दिन

# मनुष्य को पुण्य प्राप्त करने के लिए भागवत कथा सुननी चाहिए : हिमांशु महाराज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** रविवार से बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ सुबह कलश स्थापना एवं शोभा यात्रा के साथ किया गया। विधि विधान से पूजन अर्चना कर कलश शोभा यात्रा कथा स्थल सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर से निकली, जो बिष्टुपुर मेन रोड, बाजार होते हुए वापस मंदिर परिसर पर पहुँची। भागवत की पूजा अर्चना और पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई। शाम में भागवत कथा का आयोजन किया गया। मथुरा से आये कथा वाचक हिमांशु महाराज ने भागवत



महात्म एवं मंगलाचरण से कथावाचन प्रारंभ किया। उन्होंने व्यासपीठ पर आसीन होकर कथा का व्याख्यान करते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य को पुण्य प्राप्त करने के लिए भागवत कथा सुननी चाहिए। भागवत एक कथा नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की कला सीखने का उचित माध्यम है। श्रीमदभागवत कथा के महत्व को समझाते हुए आगे कहा कि भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है आवश्यकता है निर्मल मन ओर स्थिर चित्त के साथ कथा श्रवण करने की। भागवत श्रवण से मनुष्य को परमानन्द की प्राप्ति होती है। भागवत श्रवण प्रेतयोनी से मुक्ति मिलती है। चित्त की स्थिरता के साथ ही श्रीमदभागवत कथा सुननी चाहिए। भागवत श्रवण मनुष्य के सम्पूर्ण कलेश को दूर कर भक्ति की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा जो कोई श्रमण करेगा वह ठाकुरजी को प्राप्त करने में सफल होगा तथा उसके जन्म-जन्मों के मोह-माया के बंधन दूर होंगे। राधे-राधे के उद्घोष से माहौल भक्ति के रस में डूब गया। प्रथम दिन रविवार को यजमान के रूप में संतोष संघी, सुभाष मुनका, सत्यनाराण नरेड़ी, ओमप्रकाश मूनका, हरिप्रसाद अभिषेक अगीवाल उपस्थित थे। आज के प्रसाद के यजमान अशोक गोयल, अशोक नरेड़ी, मुरारीलाल नागेलिया, श्याम सुंदर मनोज कुमार आदि उपस्थित थे। इस मौके पर प्रमुख रूप से मंदिर कमिटी के सचिव सुरेश कुमार अगीवाल, अशोक नरेड़ी, सुरेश सोंथालिया, कुंजबिहारी नागेलिया, मनोज आगीवाल, विजय आनन्द मूनका, अनिल मोदी, महावीर नागेलिया, अशोक संघी, रमेश अगीवाल, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी समेत काफी संख्या में भक्तगण शामिल थे।

## कपाली में दरवाजा तोड़कर तीन लाख 75 हजार की चोरी

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** शहर से सटे कपाली ओपी क्षेत्र के अलबेला गार्डन निवासी समीर खान के घर से चोरों ने लाखों रुपये नकद व आभूषणों की चोरी कर ली। घटना के वक्त समीर अपने परिवार संग मानगो के सहारा सिटी स्थित अपने दूसरे आवास गए हुए थे। रविवार सुबह पड़ोसियों ने उन्हें फोन पर घर में चोरी होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही वह अलबेला गार्डन पहुंचे। उन्होंने पाया कि घर का दरवाजा टूटा हुआ था और घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। समीर खान ने बताया कि चोरों के द्वारा घर में रखे अलमारी को तोड़कर 3 लाख 75 हजार रुपए, दो सोने की चेन, दो सोने की अंगूठी, चार चांदी का चैन, दो रोलेक्स की घड़ी एवं दो



मोबाइल फोन की चोरी कर ली है। उन्होंने बताया कि उनका एक घर मानगो के सहारा सिटी में भी है। वह शनिवार को अपने परिवार संग सहारा सिटी गए हुए थे। सुबह 9 बजे के करीब उनके पड़ोसी ने फोन कर बताया कि घर में चोरी हो गई है। सूचना पाते ही वह घर पहुंचे। घर पहुंचने पर पाया कि घर का दरवाजा टूटा हुआ था। इसके बाद उन्होंने अपने स्तर से चोर की खोजबीन की लेकिन जब कुछ पता नहीं तो पुलिस को इसकी जानकारी दी। इस संबंध में समीर ने कपाली ओपी में लिखित शिकायत की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# अब सूरज की ओर कदम...

अंतरिक्ष विज्ञान में भारत महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। अंतरिक्ष की दुनिया में सबसे कम खर्च में हमारे वैज्ञानिकों ने बुलंदी का झंडा गाड़ा है। हम चांद पहुंच चुके हैं और कदम सूरज की तरफ बढ़ गए हैं। कभी हम साइकिल पर मिसाइल रखकर लांचिंग पैड तक जाते थे, लेकिन आज हमारे पास अत्याधुनिक तकनीकी उपलब्ध है। इसका लोहा अमेरिका और दुनिया के तकनीकी एवं साधन संपन्न देश मानते हैं। इसरो के चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग ने सारी दुनिया को चौंका दिया। इस सफलता की पूरी दुनिया गवाह बनी। अंतरिक्ष में यह नए युग की शुरूआत है। अंतरिक्ष में बढ़ते कदम की वजह से चन्द्रमा के साथ-साथ अन्य तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इस मिशन का उपयोग हम विभिन्न क्षेत्रों में करेंगे। इसकी वजह कृषि एवं दूसरे क्षेत्र में बड़ा फायदा मिलेगा। हमारे सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम की वजह से मौसम की सटीक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। भीषण चक्रवातीय तूफानों की त्वरित सूचना समय पर उपलब्ध होने से लोगों को आपदा से बचा लिया जा रहा है। जनधन की हानि को नियंत्रित किया जा सका है। चंद्रमा कभी हमारे लिए किस्से-कहानियों में होता था। अब चंद्रलोक की बहुत सारी जानकारी हमारे पास है। दुनिया के लिए चांद अब रहस्य नहीं है। वैज्ञानिक शोध से यह साबित हो गया है कि चांद पर जीवन बसाना आसान है। अब हमारे कदम सूर्य की तरफ बढ़ गए हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने दो सितंबर को देश के पहले सूर्य मिशन के तहत 'आदित्य-एल1' यान को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित कर दिया है। इसरो ने कहा है कि प्रक्षेपण सफल रहा। 'आदित्य-एल1' सूर्य परिमंडल के दूरस्थ अवलोकन और पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर 'एल1' (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा का वास्तविक अवलोकन करेगा। 'आदित्य एल1' सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष यान है। इसे इसरो के सबसे भरोसेमंद पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) के जरिये श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया। 'आदित्य-एल1' के 125 दिन में लगभग 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर लैग्रेंजियन बिंदु 'एल1' के आसपास हेलो कक्षा में स्थापित होने की उम्मीद है। इस कक्षा को सूर्य के सबसे करीब माना जाता है। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य सौर वातावरण में गतिशीलता, सूर्य के परिमंडल की गर्मी, सूर्य की सतह पर सौर भूकंप या कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई), सूर्य के धधकने संबंधी गतिविधियों और उनकी विशेषताओं के अलावा पृथ्वी के करीब अंतरिक्ष में मौसम संबंधी समस्याओं को समझना है। 'आदित्य-एल1' के साथ सात पेलोड हैं। इनमें से चार सूर्य के प्रकाश का निरीक्षण करेंगे। इसरो ने साफ किया है कि सूर्य गैस का एक विशाल गोला है और आदित्य-एल1 सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करेगा। आदित्य-एल1 न तो सूर्य पर उतरेगा और न ही सूर्य के करीब आएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदित्य छ-1 की सफल लॉन्चिंग के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी है।

# एक साथ चुनाव

एक देश एक चुनाव पर विचार की गंभीर पहल बहुत महत्वपूर्ण और आकर्षक है। उससे भी दिलचस्प यह है कि इस विचार को लागू करने की व्यावहारिकता का पता लगाने के लिए बनाई गई समिति का अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को बनाया गया है। पूर्व राष्ट्रपति के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम अध्ययन करेगी कि क्या पूरे देश में लोकसभा चुनाव के साथ ही तमाम विधानसभाओं के चुनाव कराना संभव है? समिति के प्रकार से ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार एक देश एक चुनाव का मन बना चुकी है, अब वह केवल इस बात पर काम करेगी कि फैसले को कैसे लागू किया जा सकता है। जाहिर है, भारत जैसे विशाल देश में विधानसभा चुनावों के साथ लोकसभा चुनाव कराना कतई आसान नहीं है। एक देश एक चुनाव का फैसला अगर लिया जाता है, तो क्रांतिकारी होगा। लोकतंत्र में स्थिरता भले आएगी, पर सियासी दलों के लिए समस्या बढ़ जाएगी। सरकारों को गिराने की साजिशों पर लगाम लगेगी, पर राष्ट्रपति शासन की जरूरत बढ़ जाएगी। कहीं बहुमत न होने की स्थिति में चुनाव का लंबा इंतजार भी करना पड़ सकता है। ऐसी तमाम आशंकाओं और संभावनाओं पर पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में विचार होगा। यह सर्वज्ञात बात है कि साल 1967 तक देश में विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव साथ ही होते थे। संयुक्त विधायक दल के दौर और केंद्रीय स्तर पर कांग्रेस के अंदर खींचतान के कारण एक देश एक चुनाव का क्रम टूट गया। अब देश में जरूरत के मुताबिक चुनाव होते रहते हैं। मध्यावधि चुनाव भी हुए हैं। क्या एक देश एक चुनाव की स्थिति में मध्यावधि चुनाव की संभावना खत्म हो जाएगी? क्या राजनीतिक दल इस पर सहमत हो सकेंगे? पूर्व राष्ट्रपति को सभी संबंधित पक्षों से चर्चा करके आगे का रास्ता तय करना पड़ेगा। संविधान विशेषज्ञों की भी जरूरत पड़ेगी। एकाधिक संविधान संशोधन भी करने पड़ेंगे। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आश्वस्त किया है कि समिति की रिपोर्ट आएगी, जिस पर चर्चा होगी। संसद परिपक्व है और घबराने की जरूरत नहीं है। वैसे एक देश एक चुनाव का विचार नया नहीं है। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके पक्ष में चर्चा कर चुके हैं। विधि आयोग की सिफारिश भी इसके पक्ष में है। इस विषय पर सर्वदलीय बैठक भी हो चुकी है, मगर इस पर एकराय नहीं बन सकी थी। अब देश के राजनेताओं को इस साहसिक फैसले के लिए तैयार होना चाहिए।

# सनातन पर आघात, उन्मादी है ये जमात

ANALYSIS



सुरेश हिन्दुस्थानी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तो मुंबई में हद ही कर दी। उन्होंने कांग्रेस के तथाकथित विपक्षी एकता के मंच पर तिलक लगवाने से इनकार कर दिया। यह ममता का निजी मामला है कि वह तिलक लगाएं या न लगवाएं, लेकिन सार्वजनिक रूप से ऐसा करके उन्होंने सनातनी परंपरा को चोट पहुंचाई है। अभी हाल ही में विवादास्पद बयान देकर सुर्खियों में बने रहने की कुटिल राजनीति करने वाले एक नेता (सही अर्थों में यह नेता नहीं) स्वामी प्रसाद मौर्य ने अत्यंत संकीर्णता का परिचय देकर अपनी अज्ञानता का परिचय दिया, जिसे देश की जनता ने सुना भी और देखा भी। लेकिन ऐसा लगता है कि ऐसे ही लोग देश को मजबूत होते देखना नहीं चाहते। कहा जाता है कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। सत्य को कितना भी झुठलाने का प्रयास किया जाए, लेकिन एक दिन वह सूरज की तरह सारे अंधकार को समाप्त करने की क्षमता रखता है। भारत की सनातन आस्था पर जब भी हमला किया जाता है, तब कुछ लोग आंख बंद करके तमाशा देखने की मुद्रा में आ जाते हैं, लेकिन यह भी सत्य है कि यह कृत्य दुस्साहस करने वालों के हौसलों को बढ़ाने का ही काम करता है।

वर्तमान में भारत देश की सर्वग्राही संस्कृति पर सुनियोजित आक्रमण करके समाज में बिखराव पैदा करने का खेल चल रहा है। हालांकि यह भी सर्वविदित है कि इस प्रकार की स्वार्थी मानसिकता के लोग हमेशा ही समाज के बीच रहते चले आए हैं। ऐसे ही लोग देश की मजबूत सांस्कृतिक विरासत को मिटाने का कुत्सित प्रयास करते दिखाई देते हैं। यह जानबूझकर उन्माद के शोले भड़काते हैं। आज विसंगति यह है कि कुछ राजनेता भी भारत की पहचान को प्रकट करने वाली सनातन आस्था पर कुठाराघात कर रहे हैं। इस जमात में तमिलनाडु के मंत्री और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन भी शामिल हो गए हैं। उनके सनातन धर्म को लेकर दिए अतिरंजित बयान पर विवाद होना ही था। यह सीधे-सीधे सनातनी समाज को चुनौती है। इसका हर मंच पर मुखर प्रतिरोध होना चाहिए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तो मुंबई में हद ही कर दी। उन्होंने कांग्रेस के तथाकथित विपक्षी एकता के मंच पर तिलक लगवाने से इनकार कर दिया। यह ममता का निजी मामला है कि वह तिलक लगाएं या न लगवाएं, लेकिन सार्वजनिक रूप से ऐसा करके उन्होंने सनातनी परंपरा को चोट पहुंचाई है। अभी हाल ही में विवादास्पद बयान देकर सुर्खियों में बने रहने की कुटिल राजनीति करने वाले एक नेता (सही अर्थों में यह नेता नहीं) स्वामी प्रसाद मौर्य ने अत्यंत संकीर्णता का परिचय देकर अपनी अज्ञानता का परिचय दिया, जिसे देश की जनता ने सुना भी और देखा भी। लेकिन ऐसा लगता है कि ऐसे ही लोग देश को मजबूत होते देखना नहीं चाहते। कहा जाता है कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। सत्य को कितना भी झुठलाने का प्रयास किया जाए, लेकिन एक दिन वह सूरज की तरह सारे अंधकार को समाप्त करने की क्षमता रखता है। भारत की सनातन आस्था पर जब भी हमला किया जाता है, तब कुछ लोग आंख बंद करके तमाशा देखने की मुद्रा में आ जाते हैं, लेकिन यह भी सत्य है कि यह कृत्य दुस्साहस करने वालों के हौसलों को बढ़ाने का ही काम करता है। इसलिए अब तटस्थ रहने का समय नहीं, कुछ करने का समय है। वर्तमान में भारत देश में जिस प्रकार से आस्था के विषय को लेकर राजनीति की जा रही है, उससे देश में असामंजस्य का भाव पैदा हो रहा है। इस भाव के कारण कई प्रकार की विसंगति निर्मित हो रही हैं। देश में जितने भी धर्म या संप्रदाय हैं, उनकी मान्यताओं का सम्मान किया जाना संवैधानिक अधिकार भी है और हिन्दुस्थान की मान्यताओं का सांस्कृतिक परिवेश भी। संवैधानिक अधिकारों के तहत हर किसी को अपना वक्तव्य प्रसारित करने का अधिकार है, लेकिन इन अधिकारों में अगर किसी भी व्यक्ति के विचार या धर्म पर कुठाराघात होता है, तब यह अधिकार का दुरुपयोग ही माना जाएगा। वास्तव में हमारे देश में अधिकारों का दुरुपयोग कई अवसरों पर देखा जा रहा है। चाहे वह सांस्कृतिक मुद्दा हो या धार्मिक। हर बात पर राजनीति की जाती रही है। भारत में सभी धर्मों का सम्मान किए जाने के लिए कानून भी बना है, लेकिन जिस प्रकार से इन कानूनों का मजाक उड़ाया जाता रहा है, उससे देश की अस्मिता तार-तार हो रही है। असहिष्णुता के नाम पर राजनीतिक दलों ने जिस प्रकार का खेल खेला है, उससे स्थिति और बिगड़ेगी ही। इसके अलावा राजनीतिक दलों को करना यह चाहिए था कि ऐसे मुद्दों पर पूरे देश की भावना के अनुसार ही काम हो। लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी सहित कई राजनीतिक दलों ने हमेशा ही राजनीति की है। भारत में मौलिक अधिकारों के लिए संवैधानिक प्रावधान हैं, लेकिन यह बात हर एक पर लागू हो, तब ही सही मायने में इसकी प्रासंगिकता और उपादेयता मानी जाएगी। वर्तमान में हमारे देश में देखा जा रहा है कि हमारी सांस्कृतिक विरासत के रूप में स्थापित मान बिन्दुओं पर जमकर कुठाराघात किया जा रहा है। इससे समाज की भावनाएं भी आहत हो रही हैं। वास्तव में भारत की संस्कृति कहती है कि किसी भी व्यक्ति को ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए, जिससे किसी की आस्था पर प्रहार हो, लेकिन यह भारत का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि ऐसे कार्य करने वालों को व्यापक समर्थन भी मिल जाता है। आस्था पर आघात करने वाले किसी भी कार्य को समर्थन करने से भारत का मूल स्वरूप बिगड़ रहा है। साम्प्रदायिक सद्भाव के लिए काम करने वाली संस्थाओं को इस विषय में आगे आकर अपनी सक्रियता का प्रदर्शन करना चाहिए। हम यह बात भी भलीभांति जानते हैं कि विश्व में केवल भारत देश ही ऐसा है, जहां हर धर्म और संप्रदाय के व्यक्तियों को अपने तौर तरीकों से जीने का अधिकार है, लेकिन यह जीने का अधिकार सभी के लिए लागू होता है, इसमें केवल अपने तक ही सीमित होना चाहिए। किसी को भी दूसरों की भावना को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में जिस प्रकार की राजनीति की जा रही है। उससे भाईचारे की भावना को ग्रहण लग रहा है। किसी भी सम्प्रदाय के व्यक्ति को जानते हुए यह काम नहीं करना चाहिए, कि वह काम निंदनीय बन जाए। इसी प्रकार गोहत्या के मामले को लेकर भी कानून बने हैं, लेकिन इस कानून का पूरी तरह से उल्लंघन किया जा रहा है। भारत की मान्यताओं में शामिल गाय को माता को स्वरूप दिया गया है। हिन्दू समाज की आस्था से सीधे रूप में जुड़ी गोमाता का हनन किया जाना वास्तव में हिन्दू समाज की आस्था पर आघात है। हमारे देश में कुत्ता पालने वाले को बहुत बड़ा पशु प्रेमी कहा जाता है, लेकिन गाय पालने वाले को कट्टरवादी कहा जा रहा है। इसे देश की विसंगति नहीं तो और क्या कहा जाएगा, जिस देश में गाय को माता का दर्जा दिया हो, उस देश के मूल समाज की आस्थाओं पर नित्य प्रति प्रहार किए जा रहे हैं। आज गोमाता के बारे में तमाम प्रकार के वक्तव्य दिए जा रहे हैं। कोई कहता है कि खाने-पीने का अधिकार सरकार तय नहीं कर सकती। सवाल केवल मांस खाने से नहीं हैं, यह बात सही है कि लोकतांत्रिक देश में स्वतंत्रता तो होनी चाहिए, लेकिन लोकतंत्र में कुछ मयार्दाएं भी हैं। उन मयार्दाओं का पालन हर व्यक्ति को करना चाहिए। हम जानते हैं कि यह केवल मांस का मुद्दा नहीं है, यह आस्था से जुड़ा एक ऐसा मामला है, जिससे पूरा भारत जुड़ा हुआ है। मांस तो कुत्ते से भी मिल सकता है, लेकिन गाय माता को काटना हिन्दुओं के भावना के साथ खिलवाड़ ही है। इस आस्था को प्रकट करके अगर समाज इस बात के लिए विरोध प्रदर्शन करता है तो उस समाज की एक भी नहीं सुनी जाती। यह भाव देश के स्वभाव के अनुसार ठीक नहीं है। आज देश में खुले रूप में हिन्दुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ हो रहा है, जिसको लेकर हमारे देश में ही कई प्रकार के स्वर उभर रहे हैं, लेकिन यह तो मानना ही होगा कि कोई व्यक्ति जाने-अनजाने में अगर भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करता है तो वह सीधे रूप में देश का विरोधी है। यह आस्था विरोधी कृत्य फिर चाहे किसी भी समुदाय का हो। भारत के बारे में जिस प्रकार की मान्यता है वह यही है कि भारत में हर धर्म और संप्रदाय का सम्मान होता है। इसके बारे में विस्तृत तौर पर अध्ययन करने पर पता चलता है कि देश का केवल हिन्दू समाज ही सारे संप्रदायों का सम्मान करता है। अन्य समुदाय के लोग सीधे तौर पर केवल अपने ही धर्म को प्रधानता देते हैं। हिन्दुओं के किसी कार्यक्रम को इन संप्रदायों के लोग कतई सहन नहीं करते। इस प्रकार की कट्टरवादी सोच के चलते देश का मूल आधार ही खिसक रहा है। हिन्दू समाज के बारे में कहा जाता है कि वह सभी धर्मों के कार्यक्रमों में खुलकर भाग लेता है और सहयोग करता है, लेकिन अन्य धर्मों के लोग ऐसा कर पाने में असफल ही सिद्ध हो रहे हैं। भारत का मूल स्वभाव है हिन्दू संस्कृति। सर्वोच्च न्यायालय के कथनानुसार हिन्दुत्व भारत की जीवन पद्धति है। यह बात केवल सर्वोच्च न्यायालय ही नहीं, बल्कि भारत में बौद्धिक चेतना का प्रवाह करने वाले समाज का भी मानना है कि हिन्दुस्थान में से अगर संस्कृति को समाप्त कर दिया जाए तो फिर भारत मृत प्रायः हो जाएगा। भारत के मूल सांस्कृतिक आधार का अध्ययन किया जाए तो इसके लिए हमें उस दौर का अध्ययन करना होगा जब भारत गुलाम नहीं था। आज भारत की नई पीढ़ी को वह इतिहास पढ़ने को भी नहीं मिलता, क्योंकि मुगलों और अंग्रेजों ने भारत को एक अलग रूप में अपनी मर्जी के मुताबिक समाज के सामने प्रस्तुत किया। वर्तमान में उसी भारत के स्वरूप को हम देख रहे हैं। देश में प्रायः देखा जाता है कि किसी धर्म विशेष के लिए किए जा रहे कार्यों को ही धर्म निरपेक्षता के दायरे में शामिल किया जाता है। लेकिन भारत के मूल स्वभाव को प्रदर्शित करने वाले कार्यों को साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाला करार दिया जाता है। हम सभी भारत देश के नागरिकों को इस बात का विचार करना होगा कि हमारा और देश का भला किस प्रकार की जीवन शैली अपनाने में है। यहां सवाल हिन्दू और मुस्लिम का नहीं है। यहां सवाल देश की सार्वभौमिकता का है। अगर देश नहीं तो हमारा अस्तित्व भी नहीं बचेगा। इसलिए राजनेताओं को भी ऐसे बयान देना चाहिए जो भारत की एकता को मजबूत कर सके। इसी में समाज की भलाई है और समय की मांग भी है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# गुरुकुल के अनुरूप शैक्षणिक परिवेश

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक और संकल्प सिद्ध हुआ। श्रमिकों के बच्चों को शिक्षित करने के उद्देश्य से उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय बनाने की योजना शुरू की थी। सभी 18 मंडलों में इन विद्यालयों का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। पहले चरण में प्रदेश के 18 मंडलों में एक-एक विद्यालय की स्थापना हुई है। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा बचे हुए सत्तावन जनपदों में इसी तर्ज पर एक एक विद्यालय स्थापित किया जा रहा है। इन विद्यालयों के निर्माण सम्बन्धी कार्य पूरे हो चुके हैं। इनका पहला सत्र शीघ्र प्रारम्भ होगा। योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर गुरुवार्ता संगम कार्यक्रम को संबोधित किया। अटल आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एडमिशन किट वितरित की गई है। उन्होंने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय भारत की प्राचीन गुरुकुल जैसी परम्परा की शुरूआत है। गुरुकुल परम्परा ने भारत को शिक्षा तथा समृद्धि के क्षेत्र में विश्वगुरु बनाया था। इन विद्यालयों की स्थापना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा, श्रद्धेय अटल का नाम, तथा पं दीनदयाल उपाध्याय जी का संकल्प है। अटल आवासीय विद्यालय सभी सुविधाओं से युक्त विश्वस्तरीय विद्यालय हैं। अटल आवासीय विद्यालयों का उद्देश्य समाज के सबसे पिछड़े तथा अन्तिम पायदान से बच्चों की प्रतिभाओं को शिक्षित तथा प्रशिक्षित कर उन्हें गरिमामयी जीवन जीने के योग्य बनाना है। इन विद्यालयों में सामान्य बच्चों को भी प्रवेश दिया जाएगा। अटल आवासीय विद्यालयों के भवन उच्च श्रेणी के बनाए गए हैं। इन विद्यालयों का परिसर करीब पंद्रह एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है। इन विद्यालयों में शिक्षा के साथ ही स्किल डेवलपमेंट तथा खेलकूद की गतिविधियों के लिए भी स्थान है। यहां बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग छात्रावास भी हैं। योगी आदित्यनाथ अनेक अवसरों को विकास से जोड़ने के प्रति सजग है। उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस भी उसके लिए ऐसा ही अवसर रहा है। 24 जनवरी को यह स्थापना दिवस मनाया जाता है। योगी आदित्यनाथ ने स्थापना दिवस को भी विकास का अवसर बना दिया। ऐसे ही स्थापना दिवस पर उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय बनाने की घोषणा की थी। पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने सरकार को उत्तर प्रदेश दिवस आयोजित करने का सुझाव सपा सरकार को दिया था। लेकिन उसने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। योगी आदित्यनाथ जब मुख्यमंत्री बने तब उन्होंने इस ओर ध्यान दिया। उन्होंने 24 जनवरी को न केवल उत्तर प्रदेश दिवस मनाने का निर्णय किया, बल्कि इसे उत्तर प्रदेश के विकास से जोड़ दिया। विश्वकर्मा पुरस्कार की यही प्रतिध्वनि थी। धीरे धीरे इसका विस्तार पूरे प्रदेश में किया गया। लखनऊ में सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य आयोजन होता है। अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर सभी 18 कमिश्नरी में अटल आवासीय विद्यालयों का शुभारंभ किया गया। इससे पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों व निराश्रित बच्चों हेतु भी आवासीय विद्यालय उपलब्ध होंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विद्यालयों में नियमित मॉर्निंग असेम्बली होनी चाहिए। प्रार्थना सभा में सभी बच्चे सम्मिलित हों। यहां भारत की परम्पराओं के विषय में जानकारी दी जाए। विद्यार्थियों को किसी भी राष्ट्रीय पर्व अथवा आध्यात्मिक आयोजन से पहले इनके महत्व के विषय में बताया जाना चाहिए। त्योहारों के आध्यात्मिक व धार्मिक पक्ष होते हैं। त्योहारों के प्रेरणादायी पक्षों से विद्यार्थियों को अवगत कराया जाना चाहिए। विद्यालय का परिसर तथा प्रवेश द्वार आध्यात्मिक वातावरण से परिपूर्ण होना चाहिए। इसके लिए अलग-अलग प्रकार के वृक्षों को लगाया जाना चाहिए। विद्यालय में पुष्पदार पौधे लगाये जाने चाहिए। अलग-अलग जगह पर आम्र वाटिका, जामुन वाटिका, अमरूद वाटिका आदि वाटिकाएं विकसित की जानी चाहिए। सड़कों के किनारे छायादार वृक्ष भी लगाए जा सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से भारत की शिक्षा की नींव को आगे बढ़ाने का कार्य होना चाहिए। उत्तर प्रदेश के पहले स्थापना दिवस पर एक जिला एक उत्पाद ओडीओपी योजना लॉन्च की गई थी। यह योजना प्रदेश के निर्यात को तेजी से आगे बढ़ाने में कारगर साबित हुई है। जहां देश का निर्यात आठ प्रतिशत की दर से बढ़ा है। वहीं उत्तर प्रदेश का निर्यात अट्ठाइस फीसद की दर से बढ़ा है। दूसरे स्थापना दिवस पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना शुरू की गई। तीसरे स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री आवासीय विद्यालयों की स्थापना के लिए आधारशिला रखी गई थी। प्रदेश सरकार ने कुशलता से विकास और कल्याणकारी योजनाओं के बीच संतुलन स्थापित किया है। अटल आवासीय विद्यालय अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। इन विद्यालयों में छात्रों के रहने रऔर सभी प्रकार की सुविधाओं की व्यवस्था सरकार करेगी योगी आदित्यनाथ ने अन्तरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के मौके पर बाल मजदूरी करने वाले बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए बाल श्रमिक विद्या योजना की शुरूआत की थी। उन्होंने कहा था कि 'परिस्थितियों के चलते इन बच्चों को बाल मजदूरी करनी पड़ती है। इससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इन बच्चों की प्रतिभा का लाभ देश और समाज को नहीं मिल पाता जिससे दोनों को अपूरणीय क्षति होती है। इन बच्चों को बाल मजदूरी से बचाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों ने समय-समय पर कानून बनाए लेकिन इस पर पूरी तरह से रोक नहीं लग पाई। बाल मजदूरी करने वाले आठ से 18 साल के बच्चों के लिए उनकी सरकार बाल श्रमिक विद्या योजना शुरू की गई थी। इस योजना के पहले चरण में सत्तावन जनपदों में बालश्रम से जुड़े हुए दो हजार बच्चों एक हजार रुपये प्रतिमाह और बालिकाओं को बारह सौ रुपये प्रतिमाह देने की व्यवस्था की गई।

# Social Media Corner

**सच के हक में...**



भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अभूतपूर्व जीत पर बधाई। यह हमारे खिलाड़ियों के अटूट समर्पण का प्रमाण है और इस जीत के साथ, हमने अगले साल ओमान में होने वाले हॉकी5एस विश्व कप में भी अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



आज 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान के अंतर्गत लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की आदिवासी महिलाओं ने अपने आंगन की पवित्र मिट्टी को कलश में एकत्रित कर भेंट किया।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**



अबुआ आवास योजना की हो रही शुरूआत। झारखण्ड राज्य के मेरे जरूरतमंद परिवारजनों को हर हाल में देंगे तीन कमरों का आवास।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**

# राष्ट्रीय हित का कदम है एक साथ चुनाव

वर्तमान में भारत में ऐसे कई कारण हैं, जो राष्ट्रीय विकास में बाधक बन रहे हैं। इसमें एक अति प्रमुख कारण बार-बार चुनाव होना है। देश में होने वाले चुनाव के दौरान लगने वाली आचार संहिता के चलते सरकार का कामकाज भी प्रभावित होता है। हमारे देश में किसी न किसी राज्य में हर वर्ष चुनाव के प्रक्रिया चलती रहती है। चुनाव के दौरान संबंधित सरकार कोई बड़ा निर्णय नहीं ले सकती। चुनाव होने के कारण राजनीतिक दल हर साल केवल चुनाव जीतने की योजना ही बनाते रहते हैं। इस कारण देश के उत्थान के बारे में योजना बनाने या सोचने का उतना समय भी नहीं मिल पाता, जितना सरकार का कार्यकाल होता है। इसलिए वर्तमान में जिस प्रकार से एक साथ चुनाव कराने की योजना पर मंथन चल रहा है, वह देश को उत्थान के मार्ग पर ले जाने का एक अभूतपूर्व कदम है। अभी केंद्र सरकार ने देश में एक साथ चुनाव कराने के बारे में प्राथमिक कदम उठाकर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसके लिए एक समिति भी बनाई है, जो देश के राजनीतिक दलों और आम जनता से इसके हित और अनहित के बारे में विमर्श करेगी। जब सब ओर से सकारात्मक रुझान मिलेगा, तब यह धरातल पर उतारा जाएगा। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या एक साथ चुनाव कराया जाना उचित है? यकीनन इसका उत्तर यही होगा कि यह ठीक कदम है। लेकिन देश में कुछ राजनीतिक दल संभवतः इसकी गंभीरता को समझ नहीं पा रहे हैं। इस कदम को संकुचित राजनीति के भाव से देख रहे हैं। अगर यह देशभाव के दृष्टिकोण से देखेंगे तो हमें यह कदम अच्छा ही लगेगा। वर्तमान में केन्द्र सरकार और चुनाव आयोग इस बारे में गंभीरता पूर्वक चिंतन कर रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने एक बार अपने अभिभाषण में भी एक साथ चुनाव कराए जाने पर जोर दिया था। पूर्व राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा था कि बार-बार होने वाले चुनाव से विकास में बाधा आती है, ऐसे में देश के सभी राजनीतिक दलों को एक साथ चुनाव कराने के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। सच कहा जाए तो एक साथ चुनाव कराया जाना राष्ट्रीय चिंता का विषय है, जिसे सभी दलों को सकारात्मक दृष्टि से लेना होगा। हम यह भी जानते हैं कि देश के स्वतंत्र होने के पश्चात लम्बे समय तक एक साथ चुनाव की प्रक्रिया चली, लेकिन कालांतर में कई राज्यों की सरकारें अपने कार्यकाल की अवधि को पूरा नहीं कर पाने के कारण हुए मध्यावधि चुनाव के बाद यह क्रम बिगड़ता चला गया और चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे। इसके कारण देश में सरकारी कामकाज की प्रक्रिया तो बाधित होती ही है, साथ ही सरकारी कामकाज को लेकर सक्रिय रहने वाले सरकारी अधिकारी और आम जनता भी ऐसी बाधाओं के चलते निष्क्रियता के आवरण को ओढ़ लेते हैं। यह भी काम में रुकावट का कारण बनती है। इन सभी कारणों के निदान के लिए देश में एक साथ चुनाव कराने के विषय पर सभी राजनीतिक दलों के बीच संवाद बढ़ना चाहिए और इस बारे में आम सहमति बनायी जानी चाहिए। केंद्र सरकार की मंशा स्पष्ट है, लेकिन विपक्षी राजनीतिक दल इस बारे में क्या राय रखते हैं, यह अभी तक सामने नहीं आ पाया है। हालांकि देशहित के मुद्दे पर विपक्षी राजनीतिक दलों को भी इस बारे में सरकार के रुख का पूरी तरह से समर्थन करना चाहिए। एक साथ चुनाव होने से देश में विकास की गति को समुचित दिशा मिलेगी, जो बहुत ही आवश्यक है। क्योंकि देश में बार-बार चुनाव होने से जहां राजनीतिक लय बाधित होती है, वहीं देश को आर्थिक बोझ भी झेलना पड़ता है। इसलिए एक साथ चुनाव कराए जाने के अच्छे विचार को कैसे अमल में लाया जा सकता है, इसके बारे में गंभीरता पूर्वक चिंतन करना चाहिए। यह कठिन कार्य नहीं हैं, क्योंकि दुनिया के कई देशों ने भी इस प्रकार की नीतियां बनाई हैं, जिसके अंतर्गत एक साथ चुनाव कराए जाते हैं और वे देश विकास के पथ पर निरंतर रूप से आगे बढ़ते जा रहे हैं, जब ऐसा विदेशों में हो रहा है और भारत में भी ऐसा होता रहा है, तब अब भारत ऐसा क्यों नहीं कर सकता। भारत में ऐसा होना ही चाहिए।

# फर्जी वेबसाइट

साइबर धोखाधड़ी को लेकर देश की सर्वोच्च अदालत की चिंता सुखद है। सर्वोच्च अदालत की रजिस्ट्री ने एक एडवाइजरी जारी की है और लोगों को उस घोटाले के बारे में आगाह किया है, जिसमें साइबर अपराधी लोगों की निजी जानकारी और गोपनीय डाटा चुराने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के नाम का इस्तेमाल कर रहे थे। यह कितनी संगीन बात है कि साइबर अपराधी सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट की भी नकल बना चुके हैं और फर्जी वेबसाइट की मदद से लोगों को बरगलाया जा रहा है। साइबर अपराधी लोगों से इस वेबसाइट के जरिये नाना प्रकार के व्यक्तिगत विवरण मांगते हैं और जाहिर है, उनका उपयोग फजीर्वाड़े के लिए होता होगा। देश में सर्वोच्च न्यायालय के प्रति लोगों में बहुत सम्मान और विश्वास की भावना है। अगर कोई न्यायालय का नाम खराब करना चाहता है, तो यह अक्षम्य अपराध है। न्यायालय की रजिस्ट्री ने सलाह दी है कि लोग बहुत परखने के बाद ही किसी वेबसाइट से जुड़ें। सर्वोच्च न्यायालय कभी भी किसी व्यक्ति से कोई गोपनीय जानकारी नहीं मांगता है। सलाह दी गई है कि लोग किसी भी प्राप्त लिंक की प्रामाणिकता की पुष्टि किए बिना न तो कभी क्लिक करें और न ही किसी से साझा करें। न्यायालय के इस दिशा-निर्देश की अक्षरशः पालना होनी चाहिए। देश में लोगों को फांसने की कोशिश होती रहती है, जिसे साइबर भाषा में ह्यफिशिंगह्ल कहा जाता है, इस फिशिंग के खिलाफ पूरी कड़ाई बरतने की जरूरत है। खासकर जो प्रतिष्ठित और विश्वसनीय संस्थान हैं, उनके नाम या यूआरएल से मिलते-जुलते किसी भी नाम का पंजीकरण नहीं होना चाहिए। यूआरएल या डोमेन बेचने वाली किसी भी कंपनी को पाबंद किया जाना चाहिए कि मिलते-जुलते नाम से कोई भी अपराधी कोई वेबसाइट न खोल पाए। अगर आज सर्वोच्च न्यायालय को दिशा-निर्देश जारी करने पड़े हैं, तो मामले की गंभीरता सभी जिम्मेदार सरकारी संस्थाओं को समझनी चाहिए। अव्वल तो वेबसाइट के मिलते-जुलते नाम को मंजूरी ही न मिले और अगर कोई चोरी से ऐसी वेबसाइट बना भी ले, तो उसे कड़ा दंड देने में कोई हर्ज नहीं है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

THE PHOTON NEWS



# लालू यादव से राहुल गांधी ने सीखा मटन बनाना

## सीक्रेट रेसिपी के साथ राजनीतिक मसाले के भी लिए टिप्स, मीसा और तेजस्वी भी दिखे साथ





पटना। राहुल गांधी ने लालू यादव से मटन बनाना सीखा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और नेता राहुल गांधी ने इसका वीडियो अपने सोशल मीडिया पर शनिवार को शेयर किया है। वो मटन की सीक्रेट रेसिपी के साथ-साथ राजनीति के गुर भी लालू यादव से सीखते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो एक महीने पहले का है। जब लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती के दिल्ली स्थित आवास पर राहुल गांधी पहुंचे थे। इस दौरान राहुल गांधी ने लालू परिवार संग न सिर्फ बिहारी मटन का स्वाद चखा था, बल्कि इसे बनाया भी था। वीडियो शेयर करते हुए राहुल गांधी ने कैप्शन लिखा- लालू जी की सीक्रेट रेसिपी और राजनीतिक मसाला। वीडियो में राहुल गांधी लालू यादव से मटन की रेसिपी के साथ राजनीतिक मसालों की टिप्स भी लेते नजर आ रहे हैं। इस दौरान दोनों के बीच काफी हंसी मजाक भी हुआ। मुलाकात के वक्त लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा और तेजस्वी भी वहां पर मौजूद थे। वीडियो में लालू यादव बता रहे कि यह बकरे का मटन है जिसे बिहार से मंगाया गया है। इस दौरान उन्होंने बताया कि जब वह छठवीं क्लास में थे, तब से मटन बनाते आ रहे है। पटना में अपने भाइयों के पास आए तो वहां खाना बनाना, बर्तन धोना, मसाला पीसना, सब कुछ सीखा। लालू ने खुद खड़े होकर राहुल को यह सिखाया कि किस तरह से मटन बनाने के क्रम में हल्दी, धनिया पाउडर और प्याज के साथ लहसुन का पेस्ट कितनी मात्रा में डालना है। वीडियो में लालू यादव ये कहते दिख रहे हैं कि उन्हें थाई फूड बहुत पसंद हैं। जिसके जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि मेरी बहन वह बनाती है। मैं आपको जरूर भिजवाऊंगा। वहीं, राहुल गांधी ने मटन और राजनीति के बीच के फर्क को लेकर भी सवाल किया। जिसके जवाब में लालू ने कहा कि बिना मिक्सिंग के राजनीति नहीं हो सकती है। राहुल गांधी ने जब ये पूछा कि राजनीतिक मसाला क्या होता है? तो लालू यादव ने एक लाइन में समझाते हैं कहा कि संघर्ष कीजिए, कहीं अन्याय दिख रहा हो तो लड़ाई लड़िए। वहीं, बातचीत के बाद राहुल ने लालू परिवार संग बिहारी मटन का स्वाद लिया। राहुल ने खाते हुए कहा कि जब मैं यूरोप में रहता था तो खाना बनाना सीखना पड़ा। बेसिक चीजें मैं बना लेता हूं। राहुल गांधी ने सवाल करते हुए लालू यादव से पूछा कि आपको नहीं लगता इनका लक्ष्य जनता का पैसा चोरी करना है? जिसके जवाब में लालू कहते हैं कि गरीबों का घर जलाना और उनको वश में करने बीजेपी की साजिश रहती है। राहुल पूछते है कि अगली पीढ़ी को आप क्या बताना चाहते हैं लालू जी? जिसे लेकर लालू यादव ने कहा कि मेरी राय है कि आपके माता-पिता, दादा-दादी ने जो देश को नयी राह सिखाई, अच्छे पथ पर रखा था। वहीं, इस वीडियो के अंत में प्रियंका गांधी भी मटन खाते हुए दिखी। उन्होंने भी लालू यादव के मटन स्पेशल की तारीफ की।

## पानी में डूबे युवक का शव बरामद



**भोजपुर ।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़की सनदिया गांव में गहरे पानी में डूबे युवक का शव बरामद हुआ है। शनिवार की देर शाम स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पानी से उसे निकाला गया है। जानकारी के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव वार्ड नंबर एक निवासी राम अयोध्या राम का 38 साल का बेटा निरंजन राम है। वह पेशे से मजदूर था। इधर, मृतक के चचेरे भाई राजेश पासवान ने बताया कि शुक्रवार को वह बभनौली गांव में मजदूरी करने गया था। शाम में करीब 4 बजे वह घर वापस लौटा। इसके बाद वह बाजार घूमने के लिए निकल गया। इसी बीच वह पाइन में डूब गया। देर शाम जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। शनिवार की सुबह गांव वालों ने बताया कि एक व्यक्ति बड़की सनदिया गांव स्थित पइन के पास शौच करने के दौरान डूब गया है। इसके बाद जब परिजन वहां खोजने गए तो शव नहीं मिला। शनिवार की देर शाम वहां से गुजर रहे एक स्थानीय ग्रामीण ने उसके शव को पइन में तैरते देखा। इसके बाद उसने इसकी सूचना युवक के परिजनों को दी। जानकारी पाकर परिजन वहां पहुंचे और उसके शव को पानी से बाहर निकाला। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच भाई में बड़ा था।

# स्कूल संचालक के बेटे पर रेप का आरोप






**सहरसा ।** एक प्राइवेट स्कूल शांति शिक्षण संस्थान में स्कूल के डायरेक्टर अजीत विश्वास के बेटे पर नाबालिग छात्रा ने रेप का आरोप लगाया है। किशोरी का आरोप है कि उसके साथ स्कूल में ही एक कमरे में दो सालों तक बलात्कार होता रहा। वहीं, स्कूल की टीचर अनीता मिश्रा पर भी पीड़ित लड़की ने रेप के दौरान युवक की मदद करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक उसके साथ साल 2017 से लेकर 2019 तक ये वारदात होती रही। स्कूल के डायरेक्टर का आरोपी बेटा सम्राट विश्वास पीड़िता को वीडियो वायरल करने की धमकी देता था ' शर्म के कारण नाबालिग अपने परिजन को कुछ भी नहीं बता पाई। वहीं टीचर अनीता पीड़िता को कमरे में लेजाकर रूम बाहर से बंद कर देती थी। अंदर जाकर विश्वास उसका रेप करता और वीडियो बनाकर धमकाता था। लड़की ने साल 2019 में इस स्कूल को छोड़ दिया था। उसने सहरसा के ही दूसरे स्कूल में नाम लिखाया था। वहीं 10वीं पास करने के बाद साल 2022 में वह पटना आकर रहने लगी। यहां आकाश इंस्टीट्यूट से नीट की तैयारी कर रही थी। यहीं एक गर्ल्स हॉस्टल में रह रही थी। 23 अगस्त को किशोरी की तबीयत खराब होने पर उसे हॉस्टल के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। उसके परिजनों को जानकारी दी गई। 24 तारीख को परिजन पटना के ही एक साइकेट्रिस्ट के पास बेटी को ले गए। वहां किशोरी ने अपने अतीत की सारी कहानी का खुलासा कर दिया।

तब जाकर परिजनों को स्कूल संचालक के बेटे द्वारा रेप वाली बात का पता चला। परिजनों को इलाज के दौरान सारी बातें पता चली जिसके बाद उन लोगों ने सदर थाना में 28 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज कराई और पुलिस ने स्कूल डायरेक्टर के बेटे को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया। पुलिस ने आरोपी महिला टीचर अनीता को भी पूछताछ के लिए बुलाया, लेकिन पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। नाबालिग न्याय की मांग कर रही है तो वहीं आरोपी टीचर को छोड़े जाने पर पुलिस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्कूल के डायरेक्टर अजित विश्वास भी मानते हैं कि अगर कहीं भी इस तरह की बात होती है तो गलत है। इस प्रकरण में जांच होनी चाहिए। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि रेप का मामला सामने आया है। मुख्य आरोपी को जेल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसपर करवाई की जाएगी।

### संक्षिप्त डायरी

## बीच सड़क पर बुजुर्ग दंपती को पटका, चेन छीन बदमाश फरार

**पूर्णिया ।** बुजुर्ग दंपती के साथ हुए छिनतई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जहां बाइक सवार चेन स्नैचरों ने बुजुर्ग को पहले सड़क पर पटका, फिर उनके गले से सोने का चेन छीनकर फरार हो गए। सोने की चेन 4 ग्राम की थी। जिसकी कीमत 2 लाख 40 हजार बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, बुजुर्ग दंपती मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसी दौरान आरोपियों ने सड़क पर पति-पत्नी को पटक कर घटना को अंजाम दिया है। ये घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। घटना 27 अगस्त की बताई जा रही है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर अब जमकर वायरल हो रहा है। घटना मधुबनी टीओपी के रंगभूमि मैदान के गांधीनगर निवासी रॉकी सिंह के घर के पास की है। सीसीटीवी में साफ देखा जा सकता है कि चेन स्नैचिंग गिरोह का एक सदस्य पीछे से आता है और बुजुर्ग पर हमला कर देता है। बुजुर्ग को बीच सड़क पर पटक कर गले से सोने की चेन छीनने लगता है। ये देख बुजुर्ग दंपती बदमाश से भिड़ जाते हैं। इसके बाद बदमाश उन्हें पीटने लगता है। पकड़े न जाएं ये देख दूसरा बदमाश भी पीछे से आता है। फिर उनके साथ मारपीट कर चेन छीनकर दोनों बदमाश बाइक लेकर फरार हो जाता है। पीड़ित बुजुर्ग दंपती की पहचान मधुबनी राजेन्द्रनगर वार्ड 2 निवासी जयप्रकाश साह और पत्नी के रूप में हुई है। जयप्रकाश साह ने बताया कि 27 अगस्त की सुबह 5 बजे वह अपनी पत्नी के साथ हर दिन की तरह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। गांधीनगर निवासी रॉकी सिंह के घर के पास जैसे ही वह पहुंचे पीछे से बदमाशों ने उनके गर्दन पर झपट्टा मार दिया। इसके बाद बदमाश ने उन्हें बीच सड़क पर पटक दिया। फिर मेरे गले से सोने की चेन छीनने लगा। ये देख मेरी पत्नी भी बदमाश से भिड़ गई। जैसे ही दंपती बदमाश पर हावी होने लगते हैं, इतने देर में दूसरा बदमाश भी वहां आ जाता है। इसके बाद पीड़ित की जमकर पिटाई करने लगता है। बदमाश घटना को अंजाम देकर रंगभूमी मैदान की ओर भाग जाते है। इस घटना में पीड़ित दंपती के चेहरे पर कई गंभीर चोट आई है। मधुबनी टीओपी प्रभारी मनीषचंद्र यादव ने बताया कि सीसीटीवी संज्ञान में आया है। घटना को लेकर दंपती ने केस दर्ज कराया है। आरोपियों की तलाश में पुलिस जुट गई है।

## पटना में तीसरे दिन भी ऑटो चालकों की हड़ताल जारी

**पटना ।** शुक्रवार से शुरू ऑटो और ई रिक्शा चालकों की हड़ताल रविवार को भी जारी रही। पटना जंक्शन से कई मार्गों पर ऑटो और ई रिक्शा नहीं मिलने से यात्री खासा परेशान दिखे। लोग खुद सिर पर सामान लेकर सफर करने को मजबूर हो गए। इधर, ऑटो रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष पप्पू यादव ने साफ कहा है कि अगर सरकार और प्रशासन उनकी मांगों को नहीं मानती है तो वह इस बंद को आगे भी जारी रखेंगे। सोमवार को वह विरोध प्रदर्शन करेंगे। फिर मंगलवार को पटना बंद कर चक्का जाम किया जाएगा। वहीं, रोहतास से आए हिमांशु कुमार ने कहा कि रविवार को सीडीएस की परीक्षा है। मैं लगभग आधे घंटे से ऑटो का इंतजार कर रहा हूं लेकिन अब तक ना ऑटो मिला और ना ही ई रिक्शा। मेरी परीक्षा 9 बजे से है। ऐसे में मैं पैदल ही परीक्षा केंद्र पर जा रहा हूं। पटना जंक्शन स्थित टाटा पार्क ऑटो स्टैंड को हटाने के विरोध में शुक्रवार से ही पटना के ऑटो चालक हड़ताल पर हैं। इससे पटना वासियों को काफी परेशानी हो रही है। पटना जंक्शन से पटना सिटी, कंकड़बाग, नाला रोड, हनुमान नगर, बाजार समिति, अगमकुआं समेत पूर्वी क्षेत्र के यात्रियों को इससे काफी परेशानी हो रही है। ऑटो हड़ताल को लेकर संघ के अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में यह प्रदर्शन और बड़े स्तर पर होगा। अगर सरकार और प्रशासन उनके साथ वार्ता करने के लिए सहमत नहीं होती, तो वह प्रदर्शन करने के लिए रोड पर उतरेंगे। इसके बाद भी अगर सुनवाई नहीं होती है तो पटना बंद कर चक्का जाम किया जाएगा। अगर बातचीत संतोषजनक रहता है, तो यह प्रदर्शन रोक दिया जाएगा। बता दें कि हड़ताल के दौरान सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जंक्शन से पूर्वी रूट के करीब 75% ऑटो हड़ताल पर रह रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि कम ऑटो चलने से अन्य चालक यात्रियों से मनमाना भाड़ा भी वसूल रहे हैं।

# बिहार पुलिस का अपराधियों पर तगड़ा प्रहार

## अवध असम एक्सप्रेस से 60 हजार का गांजा जब्त, मुजफ्फरपुर आरपीएफ चला रही सघन सर्च



**मुजफ्फरपुर ।** गुजरने वाली तकरीबन सभी लंबी दूरी की ट्रेनों में सघन सर्च अभियान चलाया जा रहा है। यह काम तमिलनाडु के मदुरै स्टेशन पर प्राइवेट कोच में हुए विस्फोट के बाद से फ्धक्र की ओर से शुरू हुआ है।

इसके अलावा, छिनतई और चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शातिरों पर भी नकेल कसने का सिलसिला जारी है। इसी बीच RPF की टीम ने 15909 अवध असम एक्सप्रेस से गांजा की खेप बरामद की है। हालांकि, इस दौरान गांजा ले जाने वाले तस्कर गिरफ्तार नहीं हो सके। बताया जा रहा है कि ट्रेन के AC कोच HA 01 में गांजा की खेप रखी गई थी। RPF की टीम जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान कोच के शौचालय के पास लावारिस स्थिति में रखे बैग पर टीम की नजर पड़ी। इसके बाद यात्रियों से उस बैग के संबंध में जानकारी ली गई। लेकिन, किसी ने भी बैग पर दावा नहीं किया। इसके बाद टीम ने बैग को खोला। उसके अंदर प्लास्टिक से लपेटकर गांजा मिला। आरपीएफ ने बैग को जब्त कर लिया। बताया जा रहा है की जब्त गांजे की कीमत करीब 60 हजार से अधिक है। मामले में मुजफ्फरपुर आरपीएफ प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज कुमार यादव ने बताया कि जांच के दौरान गांजा बरामद किया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। मनोज कुमार यादव ने बताया कि यात्री के सामान की चोरी करने वाले, झपटमार गिरोह, ट्रेन में ज्वलनशील पदार्थ की चेकिंग और प्रतिबंधित तस्करी को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसको लेकर ट्रेन के पैन्ट्री कार से लेकर एसी कोच तक की सघन तलाशी ली जा रही है। खासकर कोच अटेंडेंट और पैन्ट्रीकार के मैनेजर को ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखने को लेकर हिदायत दी गई है।

## जमुई में घुटिया जंगल से देर रात 2 नक्सली गिरफ्तार




जमुई । एसएसबी व चरका पत्थर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चरका पत्थर थाना क्षेत्र के घुटिया जंगल से देर रात को दो नक्सली को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार एसएसबी व चरकापत्थर पुलिस ने घुटिया जंगल से झारखंड बुनियातर के जोसेफ मरांडी उर्फ गुरुजी व टहकार के संदीप पांडेय को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि गिरफ्तार नक्सली जोसेफ व संदीप पूर्वी बिहार पूर्वोत्तर झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी व भाकपा माओवादी के केंद्रीय कमेटी के सचिव शीर्ष नक्सली नेता प्रवेश दा का मुख्य सहयोगी है। जो उसके साथ काम कर चुका है। गिरफ्तार नक्सली की निशान देही पर खैरा, गरही, चकाई व एसएसबी के जवान द्वारा चकाई थाना क्षेत्र के जंगली इलाके में देर रात तक छापेमारी चल रही थी। गिरफ्तार नक्सली की निशान देही पर कुछ और नक्सलियों की गिरफ्तारी हो सकती है और नक्सलियों का हथियार व विस्फोटक भी बरामद किया जा सकता है। जिसको लेकर शनिवार के देर रात कई इलाकों में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार नक्सली के निशान देही पर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। ज्यादा जानकारी बाद में दिया जायेगा।

बता दें कि लगातार सुरक्षा बलों द्वारा की जा रही कार्रवाई से नक्सली संगठन अब खत्म होने के कगार पर पहुंच चुकी है। लेकिन संगठन को मजबूत करने को लेकर कई नक्सली लगातार प्रयास कर रहे हैं जिस पर सुरक्षा बलों की भी नजर है। एसपी अभियान ओंकारनाथ सिंह ने बताया कि एसएसबी जवानों द्वारा दो नक्सली की गिरफ्तारी होने के बाद सामने आई थी। पूरे मामले मामले की जानकारी प्राप्त कर सूचना दी जाएगी।

## मोतिहारी में लूट की योजना बना रहे तीन अपराधी गिरफ्तार



**मोतिहारी।** पुलिस ने लूट की योजना बना रहे तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद तीनों लुटेरों ने जून में हुए फाइनेंस कर्मी से लूट कांड का भी खुलासा किया है। पिपरा थानाध्यक्ष सुनील कुमार को गुप्त सूचना मिली की कुछ अपराधी पिपरा थाना क्षेत्र में जमा हुए हैं। जिसके बाद इसकी सूचना एसपी कांतेश मिश्रा को दी, सूचना मिलने के साथ ही चकिया एसडीपीओ सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने का निर्देश दिया, जिसके बाद एसडीपीओ ने टेक्निकल टीम की मदद से छापेमारी कर टीम ने तीन युवक को हिरासत में लिया। तलाशी ली गई तो उसके पास से लूटी गई बाइक, टैब बरामद किया। जिसके बाद उसे थाने पर ला कर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने खुलासा किया की 22 अगस्त को थाना क्षेत्र के बलवा मन के पास फाईनेंस कर्मी से मोटरसाईकिल, टैब एवं 48150 रुपये की लूट कांड में इन्ही लोगों का हाथ था। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर लूटे 12 हजार रुपए बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार अपराधी में राकेश कुमार, गोलू कुमार उर्फ गोलू माफिया और तेजस्वी राज को गिरफ्तार किया गया है। राकेश का अपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार अपराधी के पास से लूट का 12 हजार रुपए कैश, लूट में प्रयुक्त मोटरसाईकिल और एक डायगर (बड़ा चाकू) बरामद किया गया है।

## 2 मास्टरमाइंड अपराधी नवादा में गिरफ्तार



**नवादा ।** दो मास्टरमाइंड छिनतई की घटना को अंजाम देने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों की गिरफ्तारी नवादा से ही की गई है। थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि पेट्रोलिंग करने के दौरान शक के आधार पर दो युवक को पकड़ा गया। फिर पूछताछ और तलाशी ली गई तो एक बड़ा खुलासा हुआ है। दोनों युवक के पास से तीन गाड़ी की तीन जोड़ी नंबर प्लेट, चोरी की मोटरसाइकिल मास्टरकी बरामद की गई है। दोनों युवक की पहचान बंगाल के रहने वाले गुड्डू ग्वाला और सिंटू ग्वाला के रूप में हुई है। उसे एक पल्सर गाड़ी के साथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों बड़े मास्टरमाइंड हैं। उन लोगों पर पटना, गया और औरंगाबाद में कई मामले दर्ज हैं। बंगाल के रहने वाले दोनों युवक किसी भी लोगों के पैसे लूट कर भागने के दौरान ही गाड़ी की नंबर प्लेट भी बदल देते हैं। दोनों मास्टरमाइंड युवक की गिरफ्तारी नगर थाना क्षेत्र के साहब कोटी मंदिर के पास से की गई है। दोनों अपराधी सबसे पहले बैंक में प्रवेश करते हैं। फिर बैंक के अंदर जाकर रेकी करके बाहर निकलते हैं। जैसे ही लोग बैंक से पैसा लेकर निकलते हैं, किसी न किसी तरह से ये लोग झपट्टा मार कर या लूट कर फरार हो जाते हैं।

## पुलिस के साथ हुए मारपीट में 5 लोग गिरफ्तार

**दरभंगा ।** एनएच-56 पर डुमरी स्थित विश्वकर्मा मंदिर के सामने दो दिन पहले सड़क जाम कर पुलिस के साथ मारपीट की गई थी। अमर्यादित व्यवहार करने के मामले में पुलिस की ओर से बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसी के तहत अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश कुमार राम के नेतृत्व में अपर थानाध्यक्ष आरती कुमारी ने रात दलबल के साथ डुमरी और जनपट्टी टोला में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने पांच नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इधर, प्रशिक्षण से लौटे थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश झा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में रामप्रसाद पंडित और उसका बेटा राजू पंडित, कमलेश साहु, प्रमोद मंडल, सिकंदर पासवान शामिल है। उन्होंने बताया कि सभी गिरफ्तार व्यक्ति नामजद हैं।

# कौन्तेय टेबल वेयर पहुँचा पेरिस के अंतर्राष्ट्रीय होम शो में

**इंदौर ।**

आगामी 7 से 11 सितम्बर तक पेरिस में आयोजित होने वाले यूरोप के प्रीमियम होम वेयर शो मेज़ॉ एंड ओब्जेट में कौन्तेय टेबल वेयर ब्रांड भी भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। भारतीय संस्कृति, कला और माइथोलॉजी पर आधारित डिज़ाइन्स के साथ हैंडक्राफ्ट किये गए कौन्तेय टेबल वेयर प्रोडक्ट्स को देश भर में सराहा जा रहा है और अब कौन्तेय अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में भी अपनी पकड़ बनाने के लिए तैयार है। मेज़ॉ एंड ओब्जेट, डेकोरेशन और लाइफस्टाइल इंडस्ट्री का सबसे प्रचलित इवेंट है। इसमें दुनियाभर से 600 नए ब्रांड और 60,000 से अधिक विज़िटर्स हर बार भाग लेते है। इस बार भी शो में कॉस्मिक डीलर, होम बाय क्रिस्टी, फाइन डाइनिंग एंड लिविंग, कोज़ी ट्रेंडी, माओमी जैसे अंतराष्ट्रीय ब्रांड सम्मिलित होंगे। कौन्तेय की फाउंडर सोनल जेठा ने कहा कि हमारा उद्देश्य था भारत की हिस्ट्री, यहाँ के विभिन्न आर्ट फॉर्मस् को वर्ल्ड लेवल तक पहुँचायें और लोगों को इनसे परिचित करवाएं। साल 2019 में हमने इस ब्रांड को लांच किया, जिसमें प्रीमियम टेबल वेयर्स के माध्यम से लोगों तक हम अपना मैसेज पहुँचा रहे है और इसे बेहद पसंद किया जा रहा है। बेहतर क्वालिटी के लिए कौन्तेय के प्रोडक्ट्स सुपर फाइन बोनचाइना मटेरियल से तैयार किये जाते हैं और 24 कैरेट गोल्ड प्लेटेड फिनिशिंग के बाद कस्टमर्स को अवेलेबल करवाएं जाते है। मार्केट में कौन्तेय की 5 सीरीज़ ब्याह, ज्यामिति, दसरा, ऐरावत और पिछवाई के टेबल वेयर्स उपलब्ध है। ब्याह सीरीज़ में टेबल वेयर्स को राजस्थानी फड़ कला के साथ सुसज्जित किया गया है, ज्यामिति टेबल वेयर्स कलेक्शन में सीमेट्रिकल आर्टिस्ट्री को दर्शाया गया है, दसरा सीरीज़ मैसूर पैलेस की इंडो-सरसेनिक वास्तुकला से प्रेरित है,

ऐरावत सीरीज़ के अंतर्गत पूर्वी भारत के पट्टचित्र आर्ट फॉर्म द्वारा भगवान के विभिन्न वाहनों को सुंदरता के साथ टेबल वेयर्स पर उकेरा गया है और पिछवाई कलेक्शन के टेबल वेयर्स में श्रीनाथजी की पूजा करते समय पृष्ठभूमि के रूप में उपयोग की जाने वाली नाथद्वारा की पारंपरिक पेंटिंग्स का प्रभाव दिखता है। इसके अलावा कौन्तेय के लग्ज़री प्रोडक्ट्स में प्लेसमेट्स और सर्विंग ट्रे की कलात्मक रेंज भी उपलब्ध है जो आपके डाइनिंग अनुभव को चार गुना कर देगी। प्रीमियम टेबल वेयर्स की रेंज को बढ़ाते हुए कौन्तेय ने अगस्त में भारतीय शिल्पकला से प्रभावित होकर विशेष रूप से बनाये गए कांसा टेबल वेयर्स (डिनर सेट्स) को अपने कलेक्शन में शामिल किया है। एल्कलाइन प्रवृति के कारण कांसा धातु से बने डिनर सेट्स में भोजन करना स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभदायक है जो ब्लड प्यूरिफिकेशन, स्कीन रेजुविनेशन और ओवरऑल हेल्थ को बनाये रखने में सहायक है।

# पेट्रोल और डीजल बिहार में महंगा, यूपी में सस्ता

**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में रे विवार को कोई बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। डब्ल्यूटीआई क्रूड 85.55 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 88.55 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल 64 पैसे और डीजल 57 पैसे महंगा हो गया है।

बिहार में पेट्रोल 39 पैसे और डीजल 37 पैसे महंगा हो गया है। महाराष्ट्र, पंजाब और पश्चिम बंगाल में भी पेट्रोल और डीजल की कीमत में तेजी आई है। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश में पेट्रोल 57 पैसे और डीजल 56 पैसे सस्ता हो गया है। छत्तीसगढ़ में पेट्रोल 34 और डीजल 33 पैसे सस्ता हो गया है। झारखण्ड, गुजरात और आंध्र प्रदेश में भी पेट्रोल और डीजल की कीमत में गिरावट है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 90.08 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.74 रुपए और डीजल 94.33 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.59 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 96.44 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.36 रुपए और डीजल 89.56 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.74 रुपए और डीजल 94.51 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।




# एफपीआई ने अगस्त में शेयर बाजार में डाले 12,262 करोड़

**– पिछले तीन महीनों में लगातार 40,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया था**

**नई दिल्ली ।**

भारतीय शेयर बाजारों में पिछले तीन माह में जोरदार निवेश करने के बाद अब विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के प्रवाह में सुस्ती आई है। कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और मुद्रास्फीति का जोखिम फिर उभरने के बीच अगस्त में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में 12,262 करोड़ रुपए का निवेश किया है। बाजार के जानकारों ने कहा कि एफपीआई पूरी तरह यू-टर्न लेने के बजाय देखो और इंतजार करो की नीति अपना रहे हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता बनी हुई है और अंतर्निहित परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। इससे एफपीआई के प्रवाह में उतार-चढ़ाव रहेगा। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अगस्त में भारतीय शेयरों में 12,262 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस आंकड़े में प्राथमिक बाजार और थोक सौदों के माध्यम से किया गया निवेश शामिल है। यह भारतीय शेयरों में निवेश का एफपीआई का पिछले चार माह का सबसे निचला आंकड़ा है। इससे पिछले तीन महीनों में एफपीआई ने शेयरों में लगातार 40,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया था। जुलाई में एफपीआई का निवेश 46,618 करोड़ रुपए, जून में 47,148 करोड़ रुपए और मई में 43,838 करोड़ रुपए रहा था। इससे पहले अप्रैल में उनका निवेश 11,631 करोड़ रुपए और मार्च में 7,935 करोड़ रुपए था। बाजार




विशेषज्ञों के मुतो बिक डॉलर में मजबूती तथा बढ़ते बॉन्ड प्रतिफल की वजह से अगस्त में एफपीआई ज्यादातर उभरते बाजारों में बिकवाल रहे हैं। एफपीआई ने शेयरों के अलावा पिछले महीने ऋण या बॉन्ड बाजार में भी 7,732 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इसके साथ ही इस साल अब तक शेयरों में एफपीआई का कुल निवेश 1.35 लाख करोड़ रुपए और बॉन्ड बाजार में 28,200 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है।

## निवेशकों को सटीक जानकारी देने के लिए वित्तीय 'इन्फ्लुएंसर' पर लगाम लगाएगा सेबी



**नई दिल्ली:** निवेशकों तक सटीक और निष्पक्ष जानकारी पहुंचाने के लिए बाजार नियामक सेबी वित्तीय 'इन्फ्लूएंसर' पर अंकुश लगाने की तैयारी कर रहा है। वित्तीय इन्फ्लूएंसर डिजिटल मीडिया, चैनल आदि के माध्यम से लोगों को निवेश के बारे में सलाह देते हैं। दरअसल ऐसा पता चला था कि ये वित्तीय इन्फ्लूएंसर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करने के लिए 7.5 लाख रुपए तक लेते हैं और अपनी राय से लोगों के वित्तीय फैसलों को प्रभावित करते हैं। हालांकि, अब इन्हें नियामक के दायरे में आना होगा, क्योंकि भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) इनकी तेजी से बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने की तैयारी कर रहा है। आनंद राठी वेल्थ के उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) फिरोज अजीज ने बताया कि सेबी का प्रस्तावित कदम यह सुनिश्चित करता है कि निवेशकों को सटीक और निष्पक्ष जानकारी मिले। इससे उन्हें धोखाधड़ी से बचाने में भी मदद मिलेगी। प्रस्ताव के तहत वित्तीय इन्फ्लूएंसर को सेबी के पास अपना पंजीकरण कराना होगा और विशिष्ट दिशानिर्देशों का पालन करना होगा। इसके अलावा इनके म्यूचुअल फंड और शेयर ब्रोकरों के साथ साझेदारी करने पर भी प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है। सोशल मीडिया पर कई इन्फ्लूएंसर अच्छी जानकारी देते हैं, लेकिन इस बात की आशंका बढ़ रही है कि अनियंत्रित इन्फ्लूएंसर जोखिमों को बढ़ा सकते हैं और पक्षपातपूर्ण या भ्रामक सलाह दे सकते हैं।

# (शेयर बाजार समीक्षा) वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

**- फेडरल रिजर्व के मौद्रिक रुख पर परिदृश्य बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा**

**मुंबई ।**

इस सप्ताह वृहद आर्थिक आंकड़े, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां शेयर बाजारों की दिशा तय करने में मदद करेंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले पांच हफ्तों की गिरावट का सिलसिला थम गया। बाजार के जानाकरों ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर चीन के रियल एस्टेट बाजार में समस्या, डॉलर सूचकांक में उतार-चढ़ाव और अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल पूरे सप्ताह बाजार को आकार देने में भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा एसएंडपी का वैश्विक सेवा पीएमआई, अमेरिका के बेरोजगारी के आंकड़े और फेडरल रिजर्व के मौद्रिक रुख पर परिदृश्य बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा। सेवा क्षेत्र के लिए पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) आंकड़े मंगलवार को आएंगे। वृहद मोर्चे पर कुछ प्रमुख कारक जो आने वाले दिनों में बाजार को दिशा देंगे, वे हैं एसएंडपी वैश्विक सेवा पीएमआई, यूरो क्षेत्र का एसएंडपी ग्लोबल कम्पोजिट पीएमआई, ब्रिटेन का सेवा पीएमआई, यूरो क्षेत्र के दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े, अमेरिका के कारखाना ऑर्डर के आंकड़े और कच्चे तेल के दाम। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि किसी प्रमुख संकेतक के अभाव में घरेलू बाजार वैश्विक रुख से दिशा लेगा। इनमें अमेरिका के पेरोल और पीएमआई आंकड़े शामिल हैं। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतें और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर भी बाजार की दिशा तय करेगी। कोटक सिक्योरिटीज के एक शोध प्रमुख ने कहा कि पिछले महीने सुस्त से नकारात्मक धारणा के बाद विदेशी निवेशक एक बार फिर भारतीय बाजारों की ओर नई उम्मीद से देख रहे हैं। इसकी वजह यह है कि भारत वैश्विक आर्थिक चुनौतियों से उबरकर ज्यादातर आर्थिक मोर्चों पर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सत्रों में विदेशी निवेशक भारतीय शेयरों में शुद्ध लिवाल बने हुए हैं। हाल के आंकड़े मसलन पहली तिमाही का मजबूत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का आंकड़ा, अगस्त माह का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह और पिछले महीने के बेहतर पीएमआई आंकड़ों की वजह से स्थानीय बाजारों के प्रति उनका भरोसा बढ़ सकता है।



# बीएसई ने जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की सर्किट सीमा बढ़ाकर 20 प्रतिशत की

**- नई सर्किट सीमा चार सितंबर से लागू होगी**

**नई दिल्ली ।**

देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई ने प्रमुख कारोबारी मुकेश अंबानी की अगुवाई वाले रिलायंस समूह की अलग हुई गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवा इकाई जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर के लिए सर्किट सीमा को पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है। बीएसई की एक अधिसूचना के अनुसार नई सर्किट सीमा सोमवार चार सितंबर से लागू होगी। इससे यह सुनिश्चित होगा कि एक सत्र में कंपनी के शेयर के भाव में एक निश्चित सीमा से अधिक का उतार-चढ़ाव नहीं आए। इसके अलावा बाजार विशेषज्ञों का कहना है` कि यह शेयर अगले सप्ताह 'ट्रेड-टू-ट्रेड' खंड से बाहर हो जाएगा। जियो फाइनेंशियल के अलावा रेलटेल और इंडिया पेस्टिसाइड्स सहित नौ कंपनियों के लिए मूल्य दायरे को संशोधित कर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। किसी शेयर में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को नियंत्रण में रखने के लिए बीएसई द्वारा सर्किट व्यवस्था का इस्तेमाल किया जाता है। यह एक दिन में किसी शेयर में अधिकतम उतार-चढ़ाव की सीमा है।

इसके अलावा एक सितंबर को जियो फाइनेंशियल के शेयर को बेंचमार्क सेंसेक्स सहित सभी बीएसई सूचकांकों से हटा दिया गया था। मूल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज से अलग होने के कारण जियो फाइनेंशियल के शेयर 21 अगस्त को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुए थे। पहले कंपनी के शेयर को 24 अगस्त को सूचकांकों से हटाया जाना था। बाद में इसे 29 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। हालांकि, इसके लगातार निचले सर्किट को छूने की वजह से एक्सचेंजों से इसे हटाने में और देरी हुई। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में कंपनी के शेयर में तेजी आई है और इसने ऊपरी सर्किट सीमा को छुआ है।

# मंडियों में आवक घटने से तेल तिलहन कीमतों में सुधार

**- सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल- तिलहन तथा बिनौला तेल की कीमतों में तेजी रही**

**नई दिल्ली ।**

शुष्क मौसम के दौरान मंडियों में किसानों द्वारा तिलहन की आवक कम कर देने से देश के थोक तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को अधिकांश तेल तिलहन की कीमतों में सुधार का रुख रहा तथा सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल- तिलहन तथा बिनौला तेल कीमतें मजबूत बंद हुई जबकि मलेशिया एक्सचेंज के आज बंद रहने के कारण कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल कीमतें पूर्वस्तर पर बनी रहीं। बाजार सूत्रों ने कहा कि उत्पादक राज्यों में शुष्क मौसम के बीच सोयाबीन की उत्पादकता प्रभावित होने की आशंका के कारण किसान मंडियों में सोयाबीन कम ला रहे हैं और उनकी पूरी नजर आगे बरसात पर टिकी हुई है। आवक की इस कमी की वजह से तेल तिलहन कीमतों में मजबूती का रुख कायम हो गया और अधिकांश तेल तिलहन कीमतें मजबूत हो गई। वैसे सरसों और सूरजमुखी अपने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी नीचे बिक रहा है। शनिवार को तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे- सरसों तिलहन 5,650-5,700 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली 7,815-7,865 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 18,600 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,725-3,010 रुपए प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 10,675 रुपए प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी 1,780 -1,875 रुपए प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 1,780 -1,890 रुपए प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 10,160 रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर 10,075 रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 8,350 रुपए प्रति क्विंटल, सीपीओ एक्स-कांडला 8,210 रुपए प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 9,100 रुपए प्रति क्विंटल, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली 9,385 रुपए प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स कांडला 8,550 रुपए (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल, सोयाबीन दाना 5,205-5,300 रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज 4,970-5,065 रुपए प्रति क्विंटल, मक्का खल (सरिस्का) 4,015 रुपए प्रति क्विंटल।

## बीएमडब्ल्यू की 2 सीरीज ग्रैन कूप एम परफॉर्मेंस एडिशन होगी लॉन्च



**नई दिल्ली ।** आगामी 7 सितंबर को लग्जरी कारें बनाने वाली कंपनी बीएमडब्ल्यू इंडिया 2 सीरीज ग्रैन कूप एम परफॉर्मेंस एडिशन लॉन्च होगी। कार की 1.50 लाख रुपये के टोकन अमाउंट पर बुकिंग शुरू कर दी है। बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज़ एम परफॉर्मेंस संस्करण में केवल बाहरी कॉस्मेटिक अपग्रेड होंगे। इसमें ब्लैक सैफायर रंग में ग्रिल, बम्पर, विंग मिरर मिलेगा। इंटीरियर में डुअल-टोन ब्लैक दिया जाएगा। फीचर्स को लेकर कोई जानकारी सामने नही आई है। हुड के तहत 2 सीरीज़ एम परफॉर्मेंस एडिशन में 2.0-लीटर, चार-सिलेंडर टर्बो-पेट्रोल इंजन मिलेगा जो 179एचपी और 280 एनएम देगा जिसे 7-स्पीड डुअल-क्लच ऑटोमैटिक गियरबॉक्स से जोड़ा जाएगा। यह कार 7.1 सेकंड में 0-100 केएमपीएच की रफ्तार पकड़ने में सक्षम होगी। एम परफॉर्मेंस एडिशन पेट्रोल इंजन के साथ उपलब्ध होगा। इसे लिमिटेड यूनिट्स में ही पेश किया जाएगा।

## रियल एस्टेट क्षेत्र पर बैंकों का बकाया कर्ज जुलाई में बढ़कर रिकॉर्ड 28 लाख करोड़ रुपए पर

**मुंबई:** आवासीय और वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र को बैंक कर्ज जुलाई में सालाना आधार पर 38 प्रतिशत बढ़ा है। इससे रियल एस्टेट क्षेत्र का कुल बैंक कर्ज का बकाया रिकॉर्ड 28 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हाल ही में जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आरबीआई के बकाया ऋण आंकड़ों और संपत्ति सलाहकारों के घर बिक्री और प्रमुख शहरों में नई परियोजनाओं के आंकड़ों से यह स्पष्ट हो गया है कि रियल एस्टेट क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। आरबीआई के 'बैंक कर्ज का क्षेत्रवार आवंटन- जुलाई, 2023' के आंकड़ों के अनुसार, आवासीय क्षेत्र में बकाया ऋण (प्राथमिकता श्रेणी सहित) जुलाई में सालाना आधार पर 37.4 प्रतिशत बढ़कर 24.28 लाख करोड़ रुपए हो गया है। वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र में बकाया ऋण सालाना आधार पर 38.1 प्रतिशत वृद्धि के साथ 4.07 लाख करोड़ रुपए हो गया। आरबीआई के आंकड़ों पर एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, 'वाणिज्यिक कार्यालय खंड पिछले साल महामारी के दबाव से जूझ रहा था क्योंकि कंपनियां पूर्ण रूप से कार्यालय से काम, घर से काम या हाइब्रिड (कहीं से भी काम) मॉडल के आसपास रणनीतियों पर विचार कर रहे थीं।

# (मार्केट कैप) सेंसेक्स की प्रमुख सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 62,279.74 करोड़ घटा

**प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस पहले स्थान पर बरकरार रही**

**नई दिल्ली ।**

पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 62,279.74 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन घट गया। वहीं एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत में बढ़ोतरी हुई। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 38,495.79 करोड़ रुपए के नुकसान से 16,32,577.99 करोड़ रुपए पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 14,649.7 करोड़ रुपए घटकर 5,88,572.61 करोड़ रुपए पर और भारती एयरटेल का 4,194.49 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 4,84,267.42 करोड़ रुपए रह गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 3,037.83 करोड़ रुपए घटकर 5,50,214.07 करोड़ रुपए और आईसीआईसीआई बैंक की 898.8 करोड़ रुपए के नुकसान से 6,78,368.37 करोड़ रुपए रह गई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 512.27 करोड़ रुपए घटकर 12,36,466.64 करोड़ रुपए रह गया। एसबीआई की बाजार हैसियत में 490.86 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 5,08,435.14 करोड़ रुपए रह गई। इसके विपरीत एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 10,917.11 करोड़ रुपए के उछाल से 11,92,752.19 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इन्फोसिस का मूल्यांकन 9,338.31 करोड़ रुपए के उछाल से 5,98,917.39 करोड़ रुपए रहा। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 6,562.1 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 4,43,350.96 करोड़ रुपए रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एसबीआई, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

## कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर घटा

**नई दिल्ली ।** सरकार ने देश में उत्पादन किए जाने वाले कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर घटा दिया है, वहीं डीजल और एटीएफ (विमान ईंधन) के निर्यात पर उपकर बढ़ा दिया गया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। देश में ही उत्पादन वाले कच्चे तेल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाने वाला कर घटाकर 6,700 रुपए प्रति टन कर दिया गया है, जो पहले 7,100 रुपए प्रति टन था। अधिसूचना के अनुसार डीजल के निर्यात पर एसएईडी बढ़ाकर छह रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है, जो पहले 5.50 रुपये प्रति लीटर था। वहीं विमान ईंधन पर एसएईडी दो रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर चार रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। पेट्रोल के निर्यात पर एसएईडी शून्य बना हुआ है। अधिसूचना के अनुसार, कर की नई दरें शनिवार से लागू हो गई हैं।

## जेट एयरवेज के फाउंडर को 11 सितंबर तक ईडी की कस्टडी में भेजा

**नई दिल्ली ।** जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल को बैंक धोखाधड़ी मामले में कोर्ट ने 11 सितंबर तक ईडी की हिरासत में भेजा है। वे अब 14 दिन तक ईडी की हिरासत में रहेंगे। केनरा बैंक से 538 करोड़ रुपए की कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने शुक्रवार देर रात गोयल को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद 74 वर्षीय गोयल को मुंबई में विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया था। जहां ईडी उनकी हिरासत की मांग की। जेट एयरवेज, नरेश गोयल, उनकी पत्नी अनीता गोयल और कंपनी के कुछ पूर्व अधिकारियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला केनरा बैंक से 538 करोड़ रुपए के कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है। इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने केनरा बैंक की शिकायत पर गोयल दंपती और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। ईडी ने मामले की जांच सीबीआई की प्राथमिकी के आधार पर शुरू की थी। सीबीआई ने बैंक धोखाधड़ी मामले में गोयल, उनकी पत्नी अनिता और कंपनी के कुछ पूर्व अधिकारियों को आरोपी बनाया है।

## टेस्ला ने एफएसडी बीटा सॉफ़्टवेयर की कीमत कम की

**सैन फ्रांसिस्को ।** अपने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की कीमत में कटौती के बाद, टेस्ला ने अब अपने फुल सेल्फ-ड्राइविंग (एफएसडी) बीटा सॉफ्टवेयर की कीमत में 20 प्रतिशत की कटौती कर दी है। टेस्ला एफएसडी बीटा सॉफ़्टवेयर की कीमत अब 12,000 डॉलर है। टेस्ला के ग्राहक कम कीमत पर एफएसडी खरीद सकते हैं, जिसमें सभी ऑटोपायलट फीचर्स के साथ-साथ ट्रैफिक लाइट और स्टॉप साइन का पता लगाने और (आदर्श रूप से) रुकने की क्षमता शामिल है। जुलाई में, मस्क ने पहली बार टेस्ला के ग्राहकों को वन टाइम एमनेस्टी के रूप में एफएसडी बीटा सॉफ़्टवेयर को किसी अन्य वाहन में ट्रांसफर करने का मौका दिया। टेस्ला के मालिक जिन्होंने एफएसडी पैकेज खरीदा है, वे उस 30 सितंबर तक किसी अन्य नई कार में ट्रांसफर कर सकते हैं। मस्क द्वारा प्रदान की गई डिटेल्स में यह था कि यह वन टाइम ऑफर होगा और केवल तभी लागू होगा, जब आप तीसरी तिमाही के अंत से पहले अपना ऑर्डर देते हैं। एक और जरुरी बात यह है कि जब लोग नई टेस्ला कार के लिए ऑर्डर देते हैं, तब उन्हें ऑर्डर में एफएसडी क्षमता जोड़नी होगी। जिन लोगों को यह ऑफर मिलेगा उन्हें नई टेस्ला खरीदनी होगी और 30 सितंबर तक डिलीवरी लेनी होगी।

## पेगासिस्टम्स ने फिर की छंटनी, 240 कर्मचारियों को निकाला

**सैन फ्रांसिस्को ।** वैश्विक सॉफ्टवेयर कंपनी पेगासिस्टम्स साल में दूसरी बार नौकरी में कटौती कर अपने 4 फीसदी कार्यबल यानी करीब 240 कर्मचारियों की छंटनी कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका स्थित पेगासिस्टम्स (पेगा) ने पब्लिक फाइलिंग में कहा कि वह अपनी कस्टमर सक्सेस रोल्स के पुनर्गठन का हवाला देकर विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में अपने कर्मचारियों में से लगभग 4 प्रतिशत की कटौती करने की योजना बना रही है।कंपनी ने कहा कि पेगा को उम्मीद है कि कुछ कटौती से मैसाचुसेट्स राज्य के कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं। कंपनी ने कहा, हमारे ग्राहक जुड़ाव दृष्टिकोण को सरल बनाने और हमारी व्यावसायिक रणनीति को बेहतर समर्थन देने के लिए ये बाजार-टू-मार्केट भूमिकाएं होंगी। पेगा अपने कार्यबल को पुनर्व्यवस्थित कर रहा है ताकि हमारे ग्राहक जुड़ाव को उन्नत और सरल बनाया जा सके। इस साल जनवरी में, सॉफ्टवेयर कंपनी ने अपने 6,000 से अधिक कर्मचारियों में से 4 प्रतिशत को नौकरी से निकालने की घोषणा की थी। कंपनी की फाइलिंग में कहा गया है कि कार्यबल में कटौती परिचालन मॉडल को बेहतर बनाने के कंपनी के लक्ष्य का हिस्सा है। कंपनी अपने गो-टू-मार्केट ऑपरेटिंग मॉडल को बेहतर बनाने के लिए विस्तृत समीक्षा में लगी हुई थी।



# मयूर पंख से होते हैं हर ग्रह के दोष दूर

हिन्दू धर्म में मोर के पंखों का विशेष महत्व है। मोर के पंखों में सभी देवी-देवताओं और सभी नौ ग्रहों का वास होता है। ऐसा क्यों होता है, हमारे धर्म ग्रंथों में इससे संबंधित कथा है .

भगवान शिव ने मां पार्वती को पक्षी शास्त्र में वर्णित मोर के महत्व के बारे में बताया है। प्राचीन काल में संध्या नाम का एक असुर हुआ था। वह बहुत शक्तिशाली और तपस्वी असुर था। गुरु शुकाचार्य के कारण संध्या देवताओं का शत्रु बन गया था। संध्या असुर ने कठोर तप कर शिवजी और ब्रह्मा को प्रसन्न कर लिया था। ब्रह्माजी और शिवजी प्रसन्न हो गए तो असुर ने कई शक्तियां वरदान के रूप में प्राप्त की। शक्तियों के कारण संध्या बहुत शक्तिशाली हो गया था। शक्तिशाली संध्या भगवान विष्णु के भक्तों का सताने लगा था। असुर ने स्वर्ग पर भी आधिपत्य कर लिया था, देवताओं को बंदी बना लिया था। जब किसी भी तरह देवता संध्या को जीत नहीं पा रहे थे, तब उन्होंने एक योजना बनाई। योजना के अनुसार सभी देवता और सभी नौ ग्रह एक मोर के पंखों में विराजित हो गए। अब वह मोर बहुत शक्तिशाली हो गया था। मोर ने विशाल रूप धारण किया और संध्या असुर का वध कर दिया। तभी से मोर को भी पूजनीय और पवित्र माना जाने लगा। ज्योतिष शास्त्र में भी मोर के पंखों का विशेष महत्व बताया गया है। यदि विधिपूर्वक मोर पंख को स्थापित किया जाए तो घर के वास्तु दोष दूर होते हैं और कुंडली के सभी नौ ग्रहों के दोष भी शांत होते हैं। घर का द्वार यदि वास्तु के विरुद्ध हो तो द्वार पर तीन मोर पंख स्थापित करें।

## शनि के लिए

शनिवार को तीन मोर पंख ले कर आएं। पंख के नीचे काले रंग का धागा बांध लें। एक थाली में पंखों के साथ तीन सुपारियां रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें–
ॐ शनैश्वराय नमः जाग्रय स्थापय स्वाहाः

- तीन मिटटी के दीपक तेल सहित शनि देवता को अर्पित करें।
- गुलाब जामुन या प्रसाद बना कर चढ़ाएं। इससे शनि संबंधी दोष दूर होता है।

## चंद्र के लिए

सोमवार को आठ मोर पंख लेकर आएं, पंख के नीचे सफेद रंग का धागा बांध लें। इसके बाद एक थाली में पंखों के साथ आठ सुपारियां भी रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।
ॐ सोमाय नमः जाग्रय स्थापय स्वाहाः

- पान के पांच पत्ते चंद्रमा को अर्पित करें। बर्फी का प्रसाद चढ़ाएं।

## मंगल के लिए

मंगलवार को सात मोर पंख लेकर आएं, पंख के नीचे लाल रंग का धागा बांध लेँ। इसके बाद एक थाली में पंखों के साथ सात सुपारियां रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।
ॐ भू पुत्राय नमः जाग्रय स्थापय स्वाहाः

- पीपल के दो पत्तों पर चावल रखकर मंगल ग्रह को अर्पित करें। बूंदी का प्रसाद चढ़ाएं।

## बुध के लिए

बुधवार को छः मोर पंख लेकर आएं। पंख के नीचे हरे रंग का धागा बांध लें। एक थाली में पंखों के साथ छः सुपारियां रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।
ॐ बुधाय नमः जाग्रय स्थापय स्वाहाः

- जामुन बुध ग्रह को अर्पित करें।
- केले के पत्ते पर रखकर मीठी रोटी का प्रसाद चढ़ाएं।

## गुरु के लिए

गुरुवार को पांच मोर पंख लेकर आएं। पंख के नीचे पीले रंग का धागा बांध लें। एक थाली में पंखों के साथ पांच सुपारियां रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।
ॐ बृहस्पते नमः जाग्रय स्थापय स्वाहाः

- ग्यारह केले बृहस्पति देवता को अर्पित करें।
- बेसन का प्रसाद बनाकर गुरु ग्रह को चढ़ाएं।

## शुक्र के लिए

शुक्रवार को चार मोर पंख लेकर आएं। पंख के नीचे गुलाबी रंग का धागा बांध लेँ। एक थाली में पंखों के साथ चार सुपारियां रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।
ॐ शुक्राय नमः जाग्रय स्थापय स्वाहाः

- तीन मीठे पान शुक्र देवता को अर्पित करें।
- गुड़-चने का प्रसाद बना कर चढ़ाएं।

## सूर्य के लिए

रविवार के दिन नौ मोर पंख लेकर आएं और पंख के नीचे मैरून रंग का धागा बांध लें। इसके बाद एक थाली में पंखों के साथ नौ सुपारियां रखें, गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।
ॐ सूर्याय नमः जाग्रय स्थापय स्वाहाः

- इसके बाद दो नारियल सूर्य भगवान को अर्पित करें।

## राहु के लिए

शनिवार को सूर्य उदय से पूर्व दो मोर पंख लेकर आएं। पंख के नीचे भूरे रंग का धागा बांध लें। एक थाली में पंखों के साथ दो सुपारियां रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।
ॐ राहवे नमः जाग्रय स्थापय स्वाहाः

- चौमुखा दीपक जलाकर राहु को अर्पित करें। कोई भी मीठा प्रसाद बनाकर चढ़ाएं।

## केतु के लिए

शनिवार को सूर्य अस्त होने के बाद एक मोर पंख लेकर आएं। पंख के नीचे स्लेटी रंग का धागा बांध लें। एक थाली में पंख के साथ एक सुपारी रखें। गंगाजल छिड़कते हुए 21 बार इस मंत्र का जप करें।
ॐ केतवे नमः जाग्रय स्थापय स्वाहाः

- पानी के दो कलश भरकर राहु को अर्पित करें।
- फलों का प्रसाद चढ़ाएं।




# कौन-से देवता होते हैं भादो मास में प्रसन्न

भाद्रपद हिन्दू कैलेंडर के अनुसार वर्ष का छठा महीना और चतुर्मास का दूसरा महीना है। इसे भादो भी कहते हैं। आओ जानते हैं कि इस पवित्र माह में कौनसे 10 देवताओं की पूजा करने से वे होते हैं प्रसन्न।

- **श्रीकृष्ण** : इसी माह में कृण जन्मोत्सव मनाया जाता है, क्योंकि उनका जनन्म भाद्रपद की अष्टमी को हुआ था। डोल ग्यारस तक उनके जन्मोत्सव की धूम रहती है। इस माह में उनकी पूजा करने से वे प्रसन्न होते हैं। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को बलरामजी की जयंती भी रहती है।
- **माता पार्वती** : इस माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया को हरितालिका तीज का पर्व मनाया जाता है। व्रत रखकर माता दुर्गा, पार्वती और शिवजी की पूजा करने से वे प्रसन्न होते हैं।
- **गणेश जी** : भाद्रपद की शुक्ल चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक गणेशोत्सव मनाया जाता है। भगवान गणेश की पूजा करने से वे प्रसन्न होते हैं।
- **विश्वकर्मा जी** : भाद्रपद की परिवर्तनी एकादशी के दिन देवताओं के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने से वे प्रसन्न होते हैं।
- **भगवान विष्णु** : भाद्रपद की चतुर्दशी को भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा होती है। इसी पूजा से अनंत भगवान प्रसन्न होते हैं। इसके अलावा भाद्रपद की अजा और परिवर्तनी एकादशी के दिन भी भगवान विष्णु की पूजा होती है।
- **श्रीराधा जी** : भाद्रपद की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को श्री कृष्ण का जन्म और शुक्ल अष्टमी को राधाजी का जन्मोत्सव मनाया जाता है। राधा अष्टमी के दिन राधाजी की श्री कृष्ण के साथ पूजा करने से वे प्रसन्न होती हैं।
- **पितृदेव** : भाद्रपद माह की पूर्णिमा से ही श्राद्ध पक्ष प्रारंभ हो जाता है। इस माह में पितृदेव या पितरों के देव अर्यमा को प्रसन्न किया जाता है। ऋषियों की पूजा के साथ पितृदेव की पूजा करें।
- **शिव जी** : चातुर्मास प्रारंभ होने के बाद विष्णुजी पाताल लोग में योगनिद्रा में चले जाते हैं तब चार माह के लिए शिवजी अपने रुद्र रूप में सृष्टि का संचालन करते हैं अतः इस माह में शिवजी के रुद्र रूप की पूजा करने से वे प्रसन्न होते हैं। प्रदोष और मासिक शिवरात्रि के दिन उनकी पूजा करने चाहिए।
- **सूर्यदेव** : इस माह में सूर्यदेव की पूजा भी की जाती है। उन्हें अर्घ्य देने से वे प्रसन्न होते हैं।
- **हनुमान जी** : भाद्रपद के अंतिम मंगलवार को बुढ़वा मंगलवार मनाया जाता है। माना जाता है कि इसी दिन रावण ने उनकी पूंछ में आग लगा दी थी। जिसके चलते लंका दहन हो गया था।

# श्रीकृष्ण के शारंग धनुष की खास बातें

श्रीराम के पास कोदंड, शिवजी के पास पिनाक और अर्जुन के पास गाण्डिव धनुष था। प्रभु श्रीकृष्ण को आपने धनुष धारण करते हुए नहीं देखा होगा परंतु उनके पास था सारंग या शारंग नाम का धनुष। आओ जानते हैं इसके बारे में कुछ खास।



- भगवान श्रीकृष्ण सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर भी थे यह बात तब पता चली, जब उन्होंने लक्ष्मणा को प्राप्त करने के लिए स्वयंवर की धनुष प्रतियोगिता में भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में कर्ण, अर्जुन और अन्य कई सर्वश्रेष्ठ धनुर्धरों ने भाग लिया था। द्रौपदी स्वयंवर से कहीं अधिक कठिन थी लक्ष्मणा स्वयंवर की प्रतियोगिता। भगवान श्रीकृष्ण ने सभी धनुर्धरों को पछाड़कर लक्ष्मणा से विवाह किया था। हालांकि लक्ष्मणा पहले से ही श्रीकृष्ण को अपना पति मान चुकी थी इसीलिए श्रीकृष्ण को इस प्रतियोगिता में भाग लेना पड़ा।
- शारंग का अर्थ होता है रंगा हुआ, रंगदार, सभी रंगोंवाला और सुंदर।
- कहते हैं कि भगवान श्रीकृष्ण का यह धनुष सींग से बना हुआ था।
- कुछ मानते हैं कि यह वही शारंग है जिसे कण्व की तपस्यास्थली के बांस से बनाया गया था। ब्रह्माजी के आदेश से विश्वकर्माजी ने इन बांसों से 1.गांडीव, 2. पिनाक और 3.सारंग नाम के तीन धनुष बनाए थे।
- यह भी कहा जाता है कि वत्तासुर नाम का एक दैत्य था जिसका संपूर्ण धरती पर आतंक था। उसके आतंक का सामना करने के लिए दधीचि ऋषि ने देशहित में अपनी हड्डियों का दान कर दिया था। उनकी हड्डियों से 3 धनुष बने– 1.गांडीव, 2.पिनाक और 3.सारंग। इसके अलावा उनकी छाती की हड्डियों से इन्द्र का वज्र बनाया गया। इसी सभी दिव्यास्त्रों को लेकर वत्तासुर के साथ युद्ध किया और उसका वध कर दिया गया था।
- एक कथा के अनुसार भगवान कृष्ण और राक्षस शल्व के बीच एक युद्ध के दौरान शारंग धनुष प्रकट होता है। शल्व ने कृष्ण के बाएं हाथ पर हमला किया जिससे कृष्ण के हाथों से शारंग छूट गया। बाद में, भगवान कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शल्व के सिर को धड़ से अलग कर दिया।
- कहते है कि भगवान विश्वकर्मा ने तीन धनुष बनाए थे। पहला पिनाक, दूसरा गांडिव और तीसरा शारंग। ब्रह्मा ने विष्णुजी और शिवजी के बीच झगड़ा पैदा कर दिया कि तुम दोनों में से बेहतर तीरंदाज कौन है। फिर दोनों में भयंकर युद्ध हुआ। शिवजी के पास पिनाक था और विष्णुजी के नास शारंग। अंत में ब्रह्माजी ने दोनों के क्रोध को शांत किया तब शिवजी ने क्रोधित होकर पिनाक देवरात को सौंप दिया। देवराज से यह धनुष राजा जनक के पास चला गया। इसी तरह विष्णुजी ने भी क्रोधित होकर अपना धनुष ऋषि ऋचिक को सौंप दिया।
- शारंग धनुष सबसे पहले भगवान विष्णु के पास था। विष्णुजी ने इसे ऋषि ऋचिक को दे दिया था। ऋषि ऋचिक ने अपने पौत्र परशुराम को दिया और परशुरामजी ने श्रीराम को दिया। श्रीराम ने यह धनुष जल के देवता वरुण को दे दिया और भगवान वरुणदेव ने खांडवदहन के दौरान इस धनुष को श्रीकृष्ण को सौंप दिया। मृत्यु से ठीक पहले, कृष्ण ने इस धनुष को महासागर में फेंककर वरुण को वापस लौटा दिया।

# हताशा से घिर जाएं तो यह उपाय अपनाएं

हमारे आसपास अगर नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ जाता है तो यह जीवन में हताशा लाता है। इसके लिए वास्तु दोष भी कारण हो सकते हैं। अगर मन में नकारात्मक विचारों का प्रवाह बढ़ रहा है तो वास्तु में बताए गए आसान से उपायों को अपना सकते हैं। यह उपाय जीवन जीने की प्रेरणा देंगे और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ाएंगे। हताशा अगर घेरने लगे तो शिव स्तुति, महामृत्युंजय मंत्र, शिवकवच, देवीकवच का पाठ करें। नियमित रूप से भगवान शिव का जलाभिषेक करें। पांच अन्न गेहूं, ज्वार, चावल, मूंग, जवा और बाजरा का दान करें। पक्षियों को अन्न खिलाएं। नमक के जल से स्नान करें। घर में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करें। सूरज की किरणें घर से नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में सहायक हैं। घर के दरवाजे और खिड़कियों को अच्छे से साफ करें। अगरबत्ती या धूप जलाएं। गायत्री मंत्र का उच्चारण करें। घर में हवन या पूजा कराएं। घर को व्यवस्थित रखें। पुराने पर्दे या चादरें बदल दें। घर के जिस हिस्से में नकारात्मक ऊर्जा का अहसास होता हो वहां जोर-जोर से ताली बजाएं। तुलसी के पौधे को घर में जरूर लगाएं। शनिवार के दिन वस्त्र और भोजन बांटें। घर में सदैव शांति बनाए रखने का प्रयास करें। यह भी माना जाता है कि किसी दूसरी जगह जाने से हताशा और दुर्भाग्य से छुटकारा मिल जाता है।





# घबराता है मन हमेशा रहती है बेचैनी ...तो यह उपाय आजमाएं

अगर बात-बात पर मन घबराता है। भविष्य को लेकर हमेशा आशंका बनी रहती है। जोखिम के बारे में सोचने से भी डर लगता है तो यह वास्तु उपाय आपके काम आ सकते हैं। इन उपायों को अपनाने से आत्मबल में वृद्धि होगी और अनिष्ट की आशंका भी दूर होगी। आइए जानते हैं इनके बारे में। घर में रोजाना सुबह-शाम भगवान की पूजा करें और पूरे घर में कर्पूर का धुआं करें। हनुमान जी अपने भक्तों का साथ कभी नहीं छोड़ते हैं। मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा करें। हनुमान जी के मंदिर में चमेली के तेल का दीपक जलाएं। हनुमान चालीसा का नित्य प्रति पाठ करें। घर की छत पर लाल रंग की पताका लगाने से अनिष्ट दूर हो जाते हैं। कभी भी यात्रा पर जाने से पहले प्रकृति के विरुद्ध कुछ न कहें। नकारात्मक शब्दों का प्रयोग तो बिल्कुल न करें। नदी, आग और हवा के बारे कोई बुरी बात न करें। घर से निकलते समय हमेशा अच्छी बात कहें। घर से बाहर जाते समय मुख्य द्वार पर विराजमान गणेश जी से वापस आकर मिलने का वादा करें। घर के मुख्य द्वार के पास तुलसी का पौधा लगाएं। रोजाना तुलसी के पौधे की पूजा करें। तुलसी के सामने सरसो के तेल का दीपक भी जलाएं। दक्षिण दिशा की तरफ पैर कर न सोएं। शयन कक्ष में मुख्य द्वार की ओर पैर कर न सोएं। पक्षियों को लाल मसूर खिलाएं। घर की छत को हमेशा स्वच्छ रखें।



# सुख, समृद्धि और सौभाग्य लाते हैं मिट्टी के बर्तन

वास्तु में माना जाता है कि मिट्टी के बर्तन सुख, सौभाग्य और बेहतर स्वास्थ्य लाते हैं। आइए जानते हैं मिट्टी के बर्तनों के कुछ ऐसे फायदे जिन्हें वास्तु में बताया गया है। वास्तु के अनुसार हर व्यक्ति को मिट्टी या भूमि तत्व के पास ही रहना चाहिए। मिट्टी से बनी वस्तुएं सौभाग्य और समृद्धिकारक होती हैं। मिट्टी के बर्तनों में पकाए अन्न में ईश्वरीय तत्व माना जाता है। हर घर में मिट्टी का घड़ा अवश्य होना चाहिए। घड़े का पानी पीने से बुध और चंद्रमा का प्रभाव शुभ होता है। घड़े को घर की उत्तर-पूर्व दिशा में रखें। मानसिक रूप से परेशान हैं तो मिट्टी के घड़े से पौधे को पानी दें। जो लोग मंगल के कोप से प्रभावित हैं, उन्हें कोई भी पेय पदार्थ मिट्टी के बर्तन में ही पीना चाहिए। मिट्टी के बर्तन में पानी भरकर घर की छत पर पक्षियों के लिए अवश्य रखें। मिट्टी से बनी भगवान की मूर्ति को घर में लाने से धन संबंधी परेशानियां दूर हो जाती हैं। रोजाना तुलसी के पौधे के पास मिट्टी का दीया जलाएं। मिट्टी से बनी वस्तुओं या खिलौनों से अपने ड्राइंग रूम को सजाएं। इससे रिश्तों में मधुरता आती है। हर त्योहार पर घर में मिट्टी के दीये जलाएं। घर में मिट्टी के बर्तन रखने से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है।

# आखिर गीता में क्या खास है?

कलियुग के प्रारंभ होने के मात्र तीस वर्ष पहले गीता को अर्जुन के अलावा संजय ने सुना और उन्होंने धृतराष्ट्र को सुनाया। गीता में श्रीकृष्ण ने 574, अर्जुन ने 85, संजय ने 40 और धृतराष्ट्र ने 1 श्लोक कहा है। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में जब यह ज्ञान दिया गया तब मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की तिथि एकादशी थी। उस दिन रविवार था। कहते हैं कि उन्होंने यह ज्ञान लगभग 45 मिनट तक दिया था। अर्जुन के नन्दिघोष नामक रथ पर सारथी के स्थान पर खड़े होकर श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश किया था। कहते हैं प्रथम दिन का उपदेश प्रातः 8 से 9 बजे के बीच हुआ था। बाद के उपदेश कैंप में होते थे।



- गीता में भक्ति, ज्ञान और कर्म मार्ग की चर्चा की गई है। उसमें यम-नियम और धर्म-कर्म के बारे में भी बताया गया है। गीता ही कहती है कि ब्रह्म (ईश्वर) एक ही है। गीता को बार-बार पढ़ेंगे तो आपके समक्ष इसके ज्ञान का रहस्य खुलता जाएगा। गीता के प्रत्येक शब्द पर एक अलग ग्रंथ लिखा जा सकता है। इसका कोई सा भी अध्याय अन्य अध्याय का रिपिटेशन नहीं है। विषय भले ही एक हो लेकिन प्रत्येक अध्याय में अलग ही तरह का ज्ञान है।
- गीता में सृष्टि उत्पत्ति, जीव विकास क्रम, हिन्दू संदेशवाहक क्रम, मानव उत्पत्ति, योग, धर्म-कर्म, ईश्वर, भगवान, देवी-देवता, उपासना, प्रार्थना, यम-नियम, राजनीति, युद्ध, मोक्ष, अंतरिक्ष, आकाश, धरती, संस्कार, वंश, कुल, नीति, अर्थ, पूर्वजन्म, प्रारब्ध, जीवन प्रबंधन, राष्ट्र निर्माण, आत्मा, कर्मसिद्धांत, त्रिगुण की संकल्पना, सभी प्राणियों में मैत्रीभाव आदि सभी की जानकारी है। गीता का मुख्य ज्ञान है कैसे स्थितप्रज्ञ पुरुष बनना, ईश्वर को जानना या मोक्ष प्राप्त करना।
- श्रीमद्भगवद्गीता योगेश्वर श्रीकृष्ण की वाणी है। इसके प्रत्येक श्लोक में ज्ञानरूपी प्रकाश है जिसके प्रस्फुटित होते ही अज्ञान का अंधकार नष्ट हो जाता है। ज्ञान-भक्ति-कर्म योग मार्गों की विस्तृत व्याख्या की गई है। इन मार्गों पर चलने से व्यक्ति निश्चित ही परम पद का अधिकारी बन जाता है।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रचा इतिहास, शूटआउट में पाकिस्तान को हराकर जीता वर्ल्ड कप

**सालालाह (ओमान) (एजेंसी)।** भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रोमांचक शूटआउट में 2 . 0 से हराकर पहला पुरूष हॉकी 5 एशिया कप जीत लिया है। निर्धारित समय तक स्कोर 4 . 4 से बराबर था। इस जीत के साथ ही भारत ने एफआईएच पुरूष हॉकी 5 विश्व कप 2024 में भी प्रवेश कर लिया। भारत के लिये मोहम्मद राहील (19वां और 26वां), जुगराज सिंह (सातवां) और मनिंदर सिंह (10वां मिनट) ने निर्धारित समय में गोल दागे। वहीं गुरजोत सिंह और मनिंदर सिंह ने शूटआउट में गोल किये।

पाकिस्तान के लिये निर्धारित समय में अब्दुल रहमान (पांचवां), कप्तान अब्दुल राणा (13वां), जिकरिया हयात (14वां) और अरशद लियाकत (19वां) ने गोल दागे। इससे पहले भारत ने शनिवार को ही सेमीफाइनल में मलेशिया को 10-4 से रौंदकर फाइनल में प्रवेश किया था। पाकिस्तान ने पहले सेमीफाइनल में ओमान को 7-3 से हराकर फाइनल में जगह बनायी थी।

भारत को टूर्नामेंट के एलीट पूल चरण के मैच में पाकिस्तान से 4-5 से हार मिली थी। भारत की ओर से सेमीफाइनल में मोहम्मद राहील (नौवें, 16वें, 24वें, 28वें मिनट), मनिंदर सिंह (दूसरे मिनट), पवन राजभर (13वें मिनट), सुखविंदर (21वें मिनट), दिप्सन टिर्की (22वें मिनट), जुगराज सिंह (23वें मिनट) और गुरजोत सिंह (29वें मिनट) ने गोल दागे। वहीं मलेशिया के लिए कप्तान इस्माइल आसिया अबू (चौथे मिनट), अकहिमुल्लाह अनवर (सातवें, 19वें मिनट), मोहम्मद दिन (19वें मिनट) में गोल किये।




# नजम सेठी ने एशिया कप के कार्यक्रम पर सवाल उठाए



**पाल्लेकल (श्रीलंका) (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष नजम सेठी ने पाल्लेकल में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले के बारिश की भेंट चढ़ने के बाद एशिया कप के कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए कहा कि यूएई में खेलने के उनके सुझाव को ठुकरा दिया गया और श्रीलंका में टूर्नामेंट के आयोजन के लिए बेकार के तर्क दिए गए। पिछले साल रमीज राजा को पीसीबी अध्यक्ष के रूप में बर्खास्त किए जाने के बाद अंतरिम तौर पर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने वाले सेठी ने शनिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले के बारिश की भेंट चढ़ने के बाद नाराजगी जाहिर की।

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) पर निशाना साधते हुए सेठी ने ट्विटर पर लिखा, 'कितना निराशाजनक। बारिश ने क्रिकेट के सबसे बड़े मुकाबले में खलल डाला। लेकिन भविष्यवाणी भी यही की गई थी। पीसीबी अध्यक्ष के रूप में मैंने एसीसी से यूएई में खेलने का आग्रह किया था लेकिन श्रीलंका में आयोजन के लिए बेकार के तर्क दिए गए।' उन्होंने लिखा, 'उन्होंने कहा कि दुबई में बेहद गर्मी होगी। लेकिन पिछली बार सितंबर 2022 में जब एशिया कप वहां खेला गया तब भी उतनी ही गर्मी थी या जब अप्रैल 2014 और सितंबर 2020 में आईपीएल वहां खेला गया। खेल पर राजनीति। अक्षम्य।'

श्रीलंका को सह मेजबान के रूप में शामिल किया गया क्योंकि भारत ने भू-राजनैतिक तनाव के कारण एशिया कप के अपने मुकाबले पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया था। इसके बाद टूर्नामेंट के आयोजन के हाईब्रिड मॉडल को अपनाया गया और अब पाकिस्तान और श्रीलंका में मुकाबले आयोजित हो रहे हैं। हाईब्रिड मॉडल के तहत पाकिस्तान में चार जबकि बाकी मुकाबले श्रीलंका में होने हैं। पिछले साल एशिया कप का आयोजन यूएई में लगभग इसी समय किया गया था। लेकिन तब यह टी20 प्रारूप में खेला गया था और मुकाबले शाम को हुए थे। शनिवार को हुए एशिया कप के मुकाबले में सिर्फ एक पारी हो गई जिसमें भारतीय टीम 48.5 ओवर में 266 रन पर आउट हो गई। भारतीय पारी के दौरान भी बारिश के कारण खेल रुका और टॉस में भी विलंब हुआ था।

# गंभीर और पठान ने कहा, इस गलती को ठीक करें शुभमन

**सलालाह (ओमान) (एजेंसी)।** कैंडी (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर और इरफान पठान ने युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल की तकनीक पर सवाल उठाये हैं। गंभीर और पठान का कहना है कि शुभमन की तकनीक में हमने एक गलती देखी है। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के मुकाबले में शुभमन से अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद थी पर उन्होंने निराश किया। शुभमन इस मैच में हारिस राउफ की गेंद पर बोल्ड हो गये थे। गंभीर ने शुभमन के रवैये की आलोचना की और कहा कि उन्हें अपना स्वाभाविक खेल खेलना चाहिये था। गंभीर ने कहा, यह एक तकनीकी गलती है। मुझे लगता है कि उन्होंने अपने स्वाभाविक खेल से अलग खेलने की कोशिश की क्योंकि दूसरे छोर से बहुत सारे विकेट गिर गये थे। कप्तान रोहित शर्मा और उसके बाद विराट कोहली ओर श्रेयस अय्यर का विकेट गिरने पर वह दबाव में आ गये।

उन्होंने कहा, शुभमन साझेदारी बनाने की कोशिश कर रहे थे। यह एक अच्छी गेंद भी थी पर अगर आप बल्ले और पैड के बीच इतना बड़ा अंतर रखते हैं तो किसी भी अच्छे गेंदबाज गुणवत्ता वाला गेंदबाज आपकी पोल खोल देगा। इस पर काम करना शुबमन गिल के लिए बेहद जरूरी है।

वहीं पठान ने कहा कि शुभमन को शॉट खेलते समय अपने सिर की स्थिति को बेहतर करना होगा अगर ऐसा नहीं हुआ तो उन्हें तेज गेंदबाजों द्वारा बोल्ड होने का खतरा बना रहेगा। पठान ने कहा, इसीलिए मैं बार-बार कह रहा हूं कि वह अपने फ्रंट फुट से लाइन को कवर नहीं कर रहे हैं। वहीं अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो अगर फुलर-लेंथ गेंदें, जो हारिस रऊफ ने फेंकी थीं, पिच करने के बाद थोड़ा भी हिलती हैं तो आपको परेशानी आ जाएगी। इसलिए उन्हें ये छोटी सी गलती ठीक कर लेनी चाहिये।



# विश्वकप के लिए बीसीसीआई ने 15 सदस्यीय संभावित टीम का चयन किया

## –राहुल ओर ईशान को मिला अवसर, सैमसन बाहर हुए

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट को देखते हुए अपनी 15 सदस्यीय संभावित टीम बनायी है। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई की चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने एशिया कप में भारत-पाक मुकाबले के बाद इस टीम का चयन किया है। इसमें चोट से उबर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को शामिल किया गया है जबकि संजू सैमसन बाहर हो गये हैं। वहीं दूसरे विकेटकीपर के तौर पर ईशान को अवसर मिला है।

अगरकर श्रीलंका गए थे और वहां कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ के साथ मिलकर उन्होंने इस टीम का चयन किया। ये बैठक कैंडी में भारत बनाम पाकिस्तान एशिया कप मैच के बाद हुई।

सैमसन के अलावा, युवा तिलक वर्मा और तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को भी इस टीम में जगह नहीं मिली है। इस टीम में कप्तान रोहित के अलावा, युवा बल्लेबाज शुभमन गिल, अनुभवी विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव को भी शामिल किया गया है।

चयन समिति ने राहुल की फिटनेस को मेडिकल टीम की मंजूरी मिलने के बाद भी शामिल किया गया। राहुल अभी नेट्स पर अभ्यास कर रहे हैं और उन्होंने बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी में कई घंटों तक बल्लेबाजी की है।

बीसीसीआई के पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की समय सीमा के अनुसार टीम घोषित करने के लिए पांच सितंबर तक का समय था पर उसने पहले ही टीम घोषित करना सही समझा।

**विश्वकप के लिए संभावित 15 सदस्यीय भारतीय टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, ईशान किशन, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज



## नेपाल से मैच पर भी बारिश का साया, मुकाबला रद्द हुआ तो भी सुपर फोर में पहुंचेगा भारत

मुम्बई । भारत और पाकिस्तान मैच के बाद अब भारत और नेपाल के बीच 4 सितंबर को होने वाले मैच पर भी बारिश का साया मंडरा रहा है। पाक के साथ मुकाबला रद्द होने से भारत के लिए सुपर फोर में जगह बनाने इस मैच को जीतना बेहद जरुरी है। भारत–पाक का मैच बारिश के कारण रद्द होने की वजह से दोनों टीमों को एक–एक अंक मिले थे। वहीं पाकिस्तान ने अपने मुकाबले में नेपाल पर बड़ी जीत दर्ज की थी। ऐसे में वह सुपर–4 में पहुंच गया है। इसके बाद भी भारतीय प्रशंसकों के लिए निराश होने की बात नहीं है क्योंकि अगर ये मैच नहीं हो पाता तो भी भारतीय टीम सुपर फोर में पहुंच जाएगी। वहीं पहली बार एशिया कप में उतरा नेपाल टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा।

नेपाल अपना पहला मैच पाकिस्तान से हार गया था। वहीं भारत के खिलाफ मैच रद्द होने पर उसे 1 अंक मिलेंगे और भारत को भी इतने ही अंक मिलेंगे। भारत के पास पहले से ही पाकिस्तान के खिलाफ मैच रद्द होने के कारण एक अंक हैं। इस प्रकार भारतीय टीम 2 अंक लेकर बिना मैच खेले भी सुपर–4 में पहुंच जाएगी। वहीं मौसम विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार कैंडी में बादल छाये हुए हैं और यहां बारिश होने की 60 फीसदी संभावनाएं हैं। सुबह के समय भी यहां बारिश हो सकती है।

## शाहीन की गेंदबाजी समझ नहीं पाये रोहित : अख्तर



लाहौर । पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा है कि भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा शाहीन अफरीदी की गेंदबाजी को समझ नहीं पाये। रोहित इस मैच में केवल 11 रन बनाकर शाहीन का शिकार बने। वह इस तेज गेंदबाज की अंदर आती गेंद पर साफ बोल्ड हो गये। वह इसी प्रकार पहले भी शाहीन का शिकार बने थे। रोहित ने शाहीन की इस गेंद को खेलने का प्रयास किया पर असफल रहे। अख्तर ने कहा, मुझे नहीं लगता कि वह शाहीन को समझ पा रहे थे। रोहित को इस तरह खेलते हुए देखकर हमें निराशा हुई। उनसे कहीं बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें थीं। मुझे लगता है कि वह कुछ ज्यादा ही दबाव में थे। वह शुरुआती चार ओवरों में अच्छा खेले पर इसके बाद बारिश के कारण उनकी लय टू गयी। शोएब ने साथ ही कहा, बारिश की वजह से लगातार आ रही बाध के कारण खिलाड़ियों को बार–बार वापस जाना पड़ा। इससे भी उनकी एकाग्रता भंग हुई। शुभमन इसी कारण खराब शॉट लगाकर आउट हुए

अख्तर ने शाहीन की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा, शाहीन का क्या स्पेल था, क्या गेंदबाज है। हर कोई जानता है कि वह क्या करेगा, गेंद को पिच कराएगा और इसे वापस लाएगा। इसके बाद भी रोहित के पास कोई उसकी गेंदों से निपटने का कोई जवाब नहीं था। इसका एक कारण ये है कि उन्हें शाहीन के खिलाफ खेलने का अधिक अवसर नहीं मिला है।

# जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान हीथ स्ट्रीक नहीं रहे

**हरारे (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान हीथ स्ट्रीक का निधन हो गया है। स्ट्रीक 49 वर्ष के थे और पिछले काफी समय से कैंसर से पीड़ित थे। स्ट्रीक के निधन की जानकारी उनकी पत्नी ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिये दी है। स्ट्रीक की पत्नी नादीन स्ट्रीक ने अपनी फेसबुक पोस्ट पर लिखा, आज रविवार सुबह के शुरुआती घंटों में मेरे जीवन का सबसे बड़ा प्यार और मेरे खूबसूरत बच्चों के पिता हम सभी को छोड़ कर चले गए। वह अपने अंतिम दिन हमारे साथ बिताना चाहते थे। वह परिवार से प्यार चाहते थे। हम कभी फिर मिलेंगे अनंत काल की यात्रा के लिए। अभी कुछ समय पहले भी उनके निधन की खबरे आई थी पर तब वे अफवास निकली थी। उस समय पूर्व क्रिकेटर हेनरी ओलंगा ने एक ट्वीट कर कहा था कि स्ट्रीक अब नहीं रहे।

49 साल के स्ट्रीक ने साल 2005 में 31 साल की उम्र में खेल से संन्यास ले लिया था। स्ट्रीक के नाम अभी भी 100 से अधिक टेस्ट और 200 से अधिक एकदिवसीय विकेट का रिकार्ड है। उन्होंने साल 2000 में बेहद कठिन समय में जिम्बाब्वे की कप्तानी की थी। तब कई खिलाड़ियों ने बोर्ड से नाराजग जताते हुए टीम से अपना नाम वापस ले लिया था। अपने शानदार करियर में स्ट्रीक ने 65 मैचों में 2.69 के औसत से 216 विकेट लिए है। एकदिवसीय प्रारूप में स्ट्रीक ने 189 मैचों में 4.51 के औसत से 239 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा 5-32 था।



वहीं स्ट्रीक ने लाल गेंद प्रारूप में 22.4 की औसत से 1,990 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने देश के लिए 65 टेस्ट मैच खेले हैं। वहीं एकदिवसीय में स्ट्रीक ने 73.4 के स्ट्राइक रेट और 28.3 के औसत से 2,934 रन बनाए। साल 1993 में स्ट्रीक ने पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में में 8 विकेट लेकर सभी को हैरान कर दिया था।

स्ट्रीक को जिम्बाब्वे के कप्तान के रूप में नियुक्त किया गया था पर तब उन्होंने इस्तीफा दे दिया क्योंकि जिम्मेदारियों और वेतन को लेकर बोर्ड के साथ उनके मतभेद हो गये थे। साल 2002 में उन्हें फिर से कप्तान बनाया गया पर सरकार की खिलाफत करने के कारण स्ट्रीक की आलोचना की गई और इसी कारण साल 2004 में उन्होंने कप्तानी छोड़ दी। साल 2005 में संन्यास लेने के बाद स्ट्रीक दो साल के अनुबंध पर इंग्लिश काउंटी वारविकशायर में खेलने गये पर केवल एक मैच बाद ही लौट गये।

स्ट्रीक जिम्बाब्वे, स्कॉटलैंड और बांग्लादेश के साथ-साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी गुजरात लायंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के कोच भी रहे हैं। वह विवादों में भी रहे और भ्रष्टाचार विरोधी संहिता का उल्लंघन करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उनपर आठ साल का प्रतिबंध लगाया गया था हालांकि स्ट्रीक ने अपने ऊपर लगाये गये फिक्सिंग के आरोपों को गलत बताया था।

## दिव्या देशमुख नें जीता टाटा स्टील रैपिड महिला शतरंज का खिताब



कोलकाता। टाटा स्टील रैपिड और ब्लिट्ज इंटरनेशनल शतरंज का तीसरा संसकरण कोलकाता के भाषा भवन में इस समय खेला जा रहा है और आज इसका रैपिड टूर्नामेंट वर्तमान एशियन चैम्पियन दिव्या देशमुख के विजेता बनने के साथ सम्पन्न हो गया । पहले दिन के खेल के बाद ही बढ़त हासिल करने वाली भारत की दिव्या देशमुख नें आखिरी राउंड तक अपनी बढ़त को कायम रखा और खिताब हासिल किया । वैशाली आर के अंतिम समय मे टूर्नामेंट में हटने के चलते अंतिम समय में टूर्नामेंट में शामिल हुई दिव्या नें अपने चयन को सही साबित करते हुए अंतिम राउंड में भारत की सबसे महान महिला खिलाड़ी पूर्व विश्व रैपिड चैम्पियन कोनेरु हम्पी को पराजित करते हुए ख़िताबी जीत दर्ज की ।9 राउंड के बाद दिव्या 7 अंक बनाकर पहले स्थान पर रही जबकि 6.5 अंक बनाकर वर्तमान विश्व चैम्पियन चीन की जू वेंजून नें दूसरा स्थान हासिल किया जबकि रूस की पोलिना शुवालोवा 5.5 अंक बनाकर तीसरे स्थान पर रही । अन्य खिलाड़ियों में भारत की हरिका द्रोणावल्ली 4.5 अंक ,वन्तिका अग्रवाल और कोनेरु हम्पी और उक्रेन की एना उसेनीना 4 अंक,भारत की सविता श्री और यूएसए की इरिना कृष 3.5 अंक और जॉर्जिया की नीनों बताश्विली 2.5 अंक बनाकर क्रमश: चौंथे से दसवें स्थान पर रही।

# ईशान ने एक बार फिर अपने को साबित किया

**मुम्बई (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ जहां एशिया कप में हुए पहले ही मुकाबले में जहां भारतीय टीम के शीर्ष बल्लेबाज विफल रहे। वहीं ईशान किशन ने एक बेहतरीन पारी खेलकर भारतीय टीम को सम्मानजनक स्कोर बनाने में अहम भूमिका निभाई। ईशान वहीं खिलाड़ी हैं जिनकी टीम में अभी तक जगह पक्की नहीं हुई है। ईशान एक सलामी बल्लेबाज हैं पर इस मैच में उन्हें मध्यक्रम में उतारा गया। ईशान और उपकप्तान हार्दिक पंड्या ने रिकार्ड शतकीय साझेदारी कर भारतीय टीम को 200 रनों से ऊपर पहुंचाया। ईशान ने अपनी पारी के दौरान जमकर शॉट लगाये और केवल 53 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया। इस बल्लेबाज ने अपने एकदिवसीय करियर में 7वां अर्धशतक लगाया है। .

ईशान को विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल के फिट नहीं होने के कारण टीम में जगह मिली थी। राहुल शुरुआती दो मुकाबलों से बाहर हैं। यह पहली बार नहीं है जब ईशान ने मिले अवसर का पूरा लाभ उठाया है। इससे पहले बांग्लादेश और वेस्टइंडीज दौरे पर उन्होंने पारी की शुरुआत करते हुए जमकर रन बनाये थे। इसमें एक दोहरा शतक भी शामिल था। अब केएल राहुल के विकल्प के तौर पर उतरने के बाद इस बल्लेबाज ने एक प्रभावी पारी खेली है।

वेस्टइंडीज दौरे पर ईशान ने तीन अर्धशतक लगाये थे।



उस एकदिवसीय सीरीज में ईशान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज साबित हुए थे हालांकि, टी20 में असफल होने के बाद उन्हें बाहर कर दिया गया।

## भारत–पाकिस्तान मैच में काफी कम दर्शकों के आने से सभी हैरान

कैंडी । बारिश के कारण एशिया कप में भारत–पाकिस्तान मैच पूरा नहीं होने से जहां प्रशंसकों को निराशा हुई है। वहीं भारतीय टीम को भी नुकसान उठाना पड़ा है। मैच का परिणाम नहीं निकलने से दोनो ही टीमों को एक–एक अंक मिला है। इस मैच में टॉस जीतकर भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.5 ओवरों में 266 रन बनाये। इस प्रकार पाक को जीत के लिए 267 रनों का लक्ष्य मिला पर बारिश के कारण दूसरी पारी नहीं हो पायी। जब भी ये टीमें एक दूसरे के सामने आती है तो हमेशा ही मैदान प्रशंसकों से भरा रहता है पर इस बार ऐसा नहीं हुआ। इस मैच में भी स्टेडिम खाली था।

भारत–पाक मैच में पहली बार देखा गया कि स्टेडियम में कई स्टैंड खाली थे। मैच के दौरान हालांकि दोनो ही देशों के प्रशंसक थे जो तालियों से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा रहे थे पर वो हालात नहीं थे जैसे कि भारत–पाक मैच में रहते हैं। यहां स्टैंड और बिना स्टैंड वाली दर्शकदीर्घा भी कई जगह खाली थी। इससे सभी हैरान हैं। यहां तक कि मैच शुरु होने से पहले भी कोलंबो में टिकटों की ब्रिकी जारी थी। इसमें अधिक कीमत वाले टिकटों के लिए अधिक खरीदार नहीं थे। शुरुआत में टिकटों का न्यूनतम मूल्य 20 अमेरिकी डॉलर (लगभग 6400 श्रीलंकाई रुपये) था पर बाद में इसे घटाकर 1500 श्रीलंकाई रुपये कर दिया। वहीं भारतीय टीम का पाकिस्तान और नेपाल से जुड़े दोनों मैचों के लिए टिकट खरीदने पर यह 2560 श्रीलंकाई रुपये का कर दिया गया।

अनुमान से कम प्रशंसकों के आने से होटल मालिकों और टूर ऑपरेटरों को भी हैरान कर दिया जबकि उन्हें कई लोगों के आने की उम्मीद थी। इस दौरान सभी होटलों में कमरे उपलब्ध थे। वहीं अहमदाबाद में भारत और पाकिस्तान के बीच 14 अगस्त हो होने वाले विश्व कप मैच के लिए हालात इसके विपरीत है। उसके लिए होटल और विमान के टिकटों का किराया तेजी से बढ़ा है।

# पाक के साथ हुए मुकाबले से भारतीय टीम को हुआ इस बात का फायदा: मांजरेकर

## –मध्यक्रम में ईशान जैसा बल्लेबाज मिला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर संजय मांजरेकर के अनुसार पाकिस्तान के खिलाफ पहला रद्द होने के बाद भी भारतीय टीम को कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मैच भारतीय टीम को कुछ लाभ भी हुआ है। साथ ही कहा कि इस प्रकार के लाभ बाद में नजर आयेंगे।

मांजरेकर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के इस मुकाबले को सिर्फ एक मुकाबले के तौर पर नहीं देखना चाहिए। यह सही है कि मैच रद्द हो जाने से भारत और पाकिस्तान के अंक बंट गए पर ये कोई बड़ा नुकसान नहीं है क्योंकि इसके बाद भी भारतीय टीम आसानी से सुपर-4 में पहुंच जाएगी। भारत को इस मैच से लाभ ये हुआ कि उसे मध्यक्रम के लिए एक अच्छा बल्लेबाज मिल गया है। संजय मांजरेकर ने पाक के पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनुस के साथ बातचीत के दौरान कहा कि भारत एशियाकप में केवल एक-दो कमजोरियों के साथ उतरा है। उनमें से एक मध्यक्रम पर चौथे-पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी है पर पाक के खिलाफ से मुकाबले में शुरुआती 4 विकेट जल्दी गंवाने के बाद ईशान किशन और हार्दिक पंड्या ने जिस तरह टीम को संभाला, उसकी जितनी प्रशंसा की जाये वो कम है। मांजरेकर ने कहा कि ईशान के रुप में मध्यक्रम के लिए हमें एक अच्छा विकल्प मिला है। वहीं अय्यर ने छोटी सी अपनी पारी खेली पर उसमें उनकी लय अच्छी दिखी। ये भी एक सकारात्मक संकेत हैं। पंड्या छठे नंबर पर शानदार बल्लेबाज हैं। जसप्रीत बुमराह की वापस के बाद अब गेंदबाजी परेशान नहीं रही। इसलिए कुल मिलाकर देखा जाये तो इस मैच से भारत को लाभ ही हुआ है। वहीं कमेंट्री टीम में शामिल वकार भी मांजरेकर से सहमत दिखे। वकार का भी मानना है कि ईशान हालत के अनुसार बल्लेबाजी करते हैं।



## जॉर्डन में टीचर्स का नौकरी से पहले प्रेग्नेंसी टेस्ट

**–समर वैकेशन्स में इनसे रिजाइन भी लेते हैं प्राईवेट स्कूल, अब एक्शन में सरकार**

अम्मान । अरब देश जॉर्डन के प्राईवेट स्कूल्स टीचर्स को अपॉइंट करने से पहले उन्हें प्रेग्नेंसी टेस्ट कराने को मजबूर करते हैं। अपॉइंटमेंट के वक्त इन्हें 'नो प्रेग्नेंसी सर्टिफिकेट' भी सबमिट कराना होता है। इतना ही नहीं जैसे ही स्कूलों में समर वैकेशन शुरू होती हैं तो प्राईवेट स्कूल टीचर्स को रिजाइन के लिए मजबूर करते हैं। एक रिपोर्ट में इन बातों की जानकारी दी गई है। इसके बाद जॉर्डन की सरकार एक्शन में आ गई है। लेबर मिनिस्ट्री न सिर्फ इस तरह के मामलों की जांच कर रही है, बल्कि संबंधित एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स के खिलाफ एक्शन भी लेने की तैयारी है।

**सैलरी भी कम**–प्राईवेट स्कूल टीचर्स कमेटी के चेयरमैन लॉय अल रमाही के मुताबिक– हाल ही में प्राईवेट स्कूल एजुकेशन का एक सर्वे किया गया था। हमें 65 हजार शिकायतें मिल चुकी हैं। कई शिकायतें बहुत गंभीर हैं। रमाही ने कहा– प्राईवेट स्कूल में मिनिमम वेज के हिसाब से भी सैलरी नहीं दी जाती है। महिला टीचर्स को अपॉइंटमेंट से पहले नो प्रेग्नेंसी सर्टिफिकेट देना होता है। समर वैकेशन्स में कई टीचर्स को ये स्कूल रिजाइन के लिए मजबूर करते हैं, ताकि उन्हें बिना काम के सैलरी न देनी पड़े। इस बार में जब जांच की गई तो ज्यादातर शिकायतें सही पाई गईं। कुछ टीचर्स से दूसरे क्लैरिकल काम भी कराए जाते हैं।

**अब एक्शन में सरकार**–तमाम शिकायतें मिलने के बाद जॉर्डन के लेबर मिनिस्ट्री हरकत में आ गई। इसके स्पोक्सपर्सन मोहम्मद जाएद ने कहा– कोई भी स्कूल टीचर के प्रेग्नेंट होने पर उसका कॉन्ट्रैक्ट रद्द नहीं कर सकता। उनको ये अधिकार भी नहीं है कि वो किसी टीचर्स को मैटरनिटी लीव पर जाने से रोकें। हमने एक सर्कुलर जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि अगर किसी टीचर के साथ कोई प्राईवेट स्कूल अगर इस तरह का बर्ताव करता है तो हमसे शिकायत करें। जाएद ने कहा– प्राईवेट स्कूल किसी सूरत में मनमानी नहीं कर सकते। अगर उन्होंने सरकार के नियमों का मानने से इनकार किया तो उनका रजिस्ट्रेशन कैंसिल किया जाएगा। उनसे टीचिंग के अलावा कोई और काम भी नहीं लिया जा सकता। सैलरी भी वक्त पर तय नियमों के हिसाब से देनी होगी।

## अभिनेत्री सिल्विना लूना की सर्जरी के कारण हुई मौत, प्रतिबंधित दवा देने का आरोप

लॉस एंजेलिस । अर्जेंटीना की अभिनेत्री और पूर्व मॉडल सिल्विना लूना की 43 साल की उम्र में मृत्यु हो गई। उनको प्रतिबंधित दवा का इंजेक्शन देने का आरोप लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार उन्होंने 2011 में नितंबों में उभार के लिए सर्जरी कराई थी जिसके परिणामस्वरूप किडनी की जटिलताओं के कारण वह 79 दिन से अस्पताल में थीं। एक मी?डिया रिपोर्ट के अनुसार, सिल्विना का गुरुवार 31 अगस्त को निधन हो गया। वह हॉस्पिटल इटालियनो में 79 दिनों तक भर्ती रहीं, जहां 2011 की सर्जरी के परिणामस्वरूप जटिलताओं के लिए उनका इलाज किया जा रहा था। स्थानीय मीडिया के अनुसार, उसके भाई एज़ेकिएल लूना ने गुरुवार को दोपहर में डॉक्टरों को उसे वेंटिलेटर से हटाने की मंजूरी दे दी। सिल्विना के वकील फर्नांडो बर्लैंडो ने कहा कि यह दुःखद क्षति एक ऐसा अंत है जो दर्द देता है। उन्हें उम्मीद है कि उनकी लड़ाई अधिकारियों को जगाएगी, ताकि समाज इस पर ध्यान दे और आगे कोई मौत न हो। अभिनेत्री की सर्जरी जून या जुलाई 2011 के आसपास हुई थी और इसे कॉस्मेटिक सर्जन एनीबल लोटोकी ने अंजाम दिया था। डॉ. लोटोकी पर उस मरीज की 2021 में मौत का आरोप भी है, जिसका उन्होंने 2010 में ऑपरेशन किया था। उन्होंने सिल्विना को एक तरल इंजेक्शन दिया था, जिसमें पॉलीमेथाइलमेथैक्रिलेट था, जो अर्जेंटीना के नेशनल एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ ड्रग्स, फूड एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी द्वारा प्रतिबंधित है।

## बलूचिस्तान में सुरक्षाबलों ने किए आठ आतंकी ढेर, दो भाग गए

इस्लामाबाद । सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान के दक्षिण–पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में एक घर में छुपकर बैठे आठ आतंकवादियों को मार दिया है, जबकि दो भागने में सफल हो गए। जानकारी के अनुसार पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने कहा कि उन्होंने एक घर में आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में एक खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए प्रांत के वाशुक जिले में एक ऑपरेशन चलाया। पुलिस के बयान में कहा गया है कि घर पर छापेमारी के दौरान आतंकवादियों ने पुलिस पर गोलियां बरसाकर भागने की कोशिश की, इसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई, जिसमें पांच आतंकवादी मारे गए और दो भागने में सफल रहे। पुलिस ने उस परिसर से हथियार और गोला–बारूद भी बरामद किया, जहां इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े आतंकवादी सुरक्षा बलों और नागरिकों पर हमले की योजना बना रहे थे। हमले के बाद भाग रहे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए सीटीडी ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। सीटीडी के बयान में कहा गया है कि प्रांतीय राजधानी क्वेटा में एक अलग अभियान में, पुलिस ने शहर से दो सप्ताह पहले अपहृत एक नागरिक को बरामद कर लिया और गोलीबारी में तीन हमलावरों को मार गिराया। खुफिया जानकारी पर आधारित इस ऑपरेशन में पुलिस ने एक ठिकाने पर छापा मारा, जहां फिरौती के लिए अपहरण की घटनाओं, टारगेट किलिंग और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल आतंकवादी ठहरे हुए थे।

## कुर्दिश और अरब निवासियों के बीच हिंसा में 1 की मौत 8 घायल, लगा कर्फ्यू

बगदाद । इराक के किरकुक शहर में कुर्दिश और अरब निवासियों के बीच हिंसा भड़कने से एक की मौत होगई है जबकि आठ लोग घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार हिंसा के बाद शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया है। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल–सुदानी ने किरकुक में कर्फ्यू लगाने का आदेश दिया। साथ ही दंगों से प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक रूप से सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया। मीडिया में आई रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री अल–सुदानी ने सभी पक्षों से 'किरकुक में संघर्ष को रोकने और सुरक्षा, स्थिरता और व्यवस्था बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।' एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि किरकुक में कई दिनों से चल रहे तनाव के बाद एक नागरिक की मौत हो गई और आठ घायल हो गए, जो ऐतिहासिक रूप से बगदाद में संघीय सरकार और उत्तर में स्वायत्त कुर्द क्षेत्र के अधिकारियों के बीच विवादित रहा है। स्थानीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक जियाद खलाफ के अनुसार मौत के आसपास की परिस्थितियां तुरंत स्पष्ट नहीं थीं, उन्होंने कहा कि घायलों को गोलियों, पत्थरों या कांच से चोट लगी थी। उन्होंने आगे बताया कि घायलों में सुरक्षा बलों का एक सदस्य भी शामिल है। यहां गौरतलब है कि किरकुक में लगभग एक सप्ताह से तनाव का माहौल है। जो ऐतिहासिक रूप से बगदाद में संघीय सरकार और उत्तर में अर्ध–स्वायत्त कुर्द क्षेत्र के अधिकारियों के बीच विवादित रहा है। साल 2014 में स्वायत्त कुर्द क्षेत्र के सुरक्षा बलों कुर्दिस्तान डेमोक्रेटिक पार्टी और पेशमर्गा ने उत्तरी इराक के तेल उत्पादक क्षेत्र किरकुक पर नियंत्रण कर लिया। बताया जा रहा है कि संघीय सैनिकों ने कुर्द स्वतंत्रता पर एक असफल जनमत संग्रह के बाद साल 2017 में उन्हें निष्कासित कर दिया।

## कोविड के बाद एक महिला मुंह के बजाय दिल से खाती है खाना

लंदन । कोविड से प्रभावित होने के बाद एक महिला मुंह के बजाय दिल से खाना खा रही है। लंदन में ऐसा उस महिला के साथ लगातार हो रहा है, हालांकि वह सीखे खाना पचा नहीं पाती है। मिली जानकारी के अनुसार उस महिला का नाम सराह है और वो 30 साल की है। उसे कोविड इंफेक्शन हुआ था, जिसके बाद कुछ ऐसी कठिन समस्या सामने आई। सराह ने अपनी इस कंडीशन को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक पर शेयर किया है। उसने बताया है कि वो सामान्य लोगों की तरह खाना खाकर पचा नहीं सकती है। महिला को गैस्टोपैरेसिस नाम की मेडिकल कंडीशन हो गई है, जिसकी वजह से सामान्य रफ्तार से बेहद कम गति से पेट में पहुंचता है। ये एक लॉन्ग टर्म कंडीशन है, जिसे दवाओं और डाइट में बदलाव करके मैनेज किया जा सकता है। इसकी वजह से सराह का पाचन तंत्र पूरी तरह से अपाहिज हो चुका है। वो खाना पचा नहीं पाती हैं और जो भी खाती हैं, तुरंत उल्टी कर देती हैं। खाना खाने से भी उन्हें दर्द होता है और यही वजह है कि वो मुंह से खाने के बजाय अब टोटल पैरेंटल न्यूट्रिशन पर हैं। टोटल पैरेंटल न्यूट्रिशन में मरीज़ को आईवी एडमिनिस्ट्रेड न्यूट्रिशन दिया जाता है। सराह को दिल के ज़रिये टीपीएन दिया जाता है और वो दावा करती है कि उसे खाने की बिल्कुल भी याद नहीं आती।



मंगोलिया में एक बौद्ध धर्मगुरु पोप फ्रांसिस से मिलने पहुंचे।

## बैंक को लगाया 242 मिलियन डॉलर का चूना

न्यूयॉर्क । अबगाना के ओवेले के नाम से प्रसिद्ध इमैनुएल न्यूड ओडिनिग्वे ने ब्राजील के साओ पाउलो स्थित बैंको नोरोएस्टे के निदेशक नेल्सन साकागुची को खुद को नाइजीरिया के सेंट्रल बैंक के अध्यक्ष बता कर 242 मिलियन डॉलर यानि की 20 अरब रुपये का चूना लगा दिया। अपने इस स्कैम को अंजाम देने के लिए इमैनुएल ने मैन पॉवर का भी उपयोग किया। उन्होंने एक कपल क्रिश्चियन इकेचुकु अनाजेम्बा और अमाका अनाजेम्बा के साथ–साथ इमैनुएल ओफोलू, नज़ेरिबे ओकोली और ओबम ओसाकवे को अपनी टीम में शामिल किया था। इन सबने ने मिलकर इंटरनेशनल बैंक को चूना लगाया। खुद को नाइजीरिया के सेंट्रल बैंक के अध्यक्ष बताने वाले इमैनुएल ने ब्राज़ील के निदेशक नेल्सन साकागुची को अपने देश (नाइजीरिया) में एयरपोर्ट बनाने में मदद करने के एवज में 10 प्रतिशत कमीशन देने का वादा कर, निवेश के लिए राजी किया था। इमैनुएल और नेल्सन साकागुची के बीच कुल सौदा 242 मिलियन डॉलर (20 अरब रुपये) का हुआ था। इसमें 191 मिलियन डॉलर नगद बाकी शेष राशि 1995 से 1998 के बीच ब्याज सहित देना था। लेकिन खुलासा तब हुआ, जब एक स्पेनिश मल्टीनेशनल कंपनी ब्राजील के बैंक 'बैंको नोरोएस्टे' के अधिग्रहण के लिए गई। पता चला इस बैंक के कुल पूंजी का आधा हिस्सा गायब है। तब इसकी जांच शुरू हुई और पकड़ में आए इमैनुएल नुडे। ब्राजील, ब्रिटेन, नाइजीरिया, स्विट्जरलैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका में स्पेशल क्राइम टास्क फोर्स का गठन किया गया। नाइजीरिया में इमैनुएल नुडे की तलाश की गई। न्यूयॉर्क के जॉन एफ कैनेडी हवाई अड्डे पर इमैनुएल नुडे को गिरफ्तार कर धोखाधड़ी से संबंधित आरोपों पर मुकदमा चलाने के लिए स्विट्जरलैंड ले जाया गया।

# विशेष अदालत ने स्थगित की इमरान खान और शाह महमूद कुरैशी की जमानत अर्जियों पर सुनवाई

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने गोपनीय दस्तावेज को सार्वजनिक करने से संबंधित एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनके करीबी सहयोगी शाह महमूद कुरैशी की गिरफ्तारी के बाद की जमानत अर्जियों पर सुनवाई स्थगित कर दी है। अदालत ने इसके अधिकार क्षेत्र को चुनौती देने वाली याचिका पर इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा फैसला सुनाये जाने तक सुनवाई स्थगित की है। कथित राजनयिक दस्तावेज में पिछले साल दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के ब्यूरो के उप विदेश मंत्री डोनाल्ड लू सहित अमेरिकी विदेश विभाग के अन्य अधिकारियों और पाकिस्तानी राजदूत असद माजिद खान के बीच हुई एक



बैठक का विवरण शामिल था।

अमेरिकी मीडिया संस्थान द इंटरसेप्ट द्वारा इस दस्तावेज की एक कथित प्रति के प्रकाशन के बाद इमरान खान के खिलाफ जांच का दायरा बढ़ गया है। शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार के कई नेताओं ने दस्तावेज लीक के लिए खान पर उंगली उठाई है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खान के करीबी सहयोगी और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के उपाध्यक्ष कुरैशी (67) को अमेरिका स्थित पाकिस्तानी दूतावास द्वारा विदेश कार्यालय को भेजे गए आधिकारिक दस्तावेज की गोपनीयता का उल्लंघन करने के लिए 19 अगस्त को आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। राजनयिक दस्तावेज जब भेजा गया था, उस समय कुरैशी विदेश मंत्री थे।

'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, यहां की एक विशेष अदालत ने राजनयिक दस्तावेज मामले में खान और कुरैशी की गिरफ्तारी के बाद की जमानत अर्जियों की सुनवाई तब तक के लिए स्थगित कर दी है, जब तक कि इस्लामाबाद उच्च न्यायालय निचली अदालत के अधिकार क्षेत्र को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला नहीं सुना देता। लाहौर उच्च न्यायालय सात अलग-अलग मामलों में खान (70) की अग्रिम जमानत अर्जियों को खारिज किये जाने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

# टोरंटो में मधुमक्खियों ने मचाया आतंक

**–सरकार को लगानी पड़ी इमरजेंसी**

**टोरंटो (एजेंसी)।** खतरनाक मधुमक्खियों ने कनाडा के टोरंटो शहर में आतंक मचाया हुआ है। हालात बेकाबू होने से पुलिस को आपातकाल की घोषणा करनी पड़ी। इस शहर में मधुमक्खियों का कोई छोटा मोटा झुंड नहीं, बल्कि 50 लाख मधुमक्खियों का बवंडर है। इतनी बड़ी तादाद में सड़कों पर मधुमक्खियों के आने का कारण एक ट्रक को बताया जा रहा है। ट्रक में रखे मधुमक्खियों से भरे कई बक्से सड़क पर गिरकर खुल गए। पुलिस ने लोगों को बचने के लिए गाड़ियों और घरों के शीशे बंद रखने के लिए कहा है।

ताजा रिपोर्ट के अनुसार, यह दुर्घटना तब हुई तब मधुमक्खियों को उनके शीतकालीन निवास स्थान पर ले जाया जा रहा था। हॉल्टन क्षेत्रीय पुलिस अधिकारियों ने कहा कि उन्हें सुबह करीब 6ः15 बजे फोन आया कि ओन्टारियो के बर्लिंगटन में डंडास स्ट्रीट के उत्तर में गुएल्फ़ लाइन पर एक ट्रक से मधुमक्खियो के कई बक्से गिर गए हैं। पुलिस ने कहा, ÷बक्से सचमुच सड़क पर थे और मधुमक्खियों के झुंड चारों ओर उड़ रहे थे।



मधुमक्खी पालक घटनास्थल पर था, उसे मधुमक्खियों ने कई बार डंक मारा था।

जैसे ही मधुमक्खियां तितर-बितर होने लगीं, पुलिस ने पैदल चलने वालों को क्षेत्र से दूर रहने की चेतावनी दी, निवासियों और वहां से गुजरने वाले मोटर चालकों से अपनी खिड़कियां बंद रखने का आग्रह किया। पुलिस ने घटना के संबंध में सोशल मीडिया पर एक नोटिस भी डाला, जिसके बाद कई मधुमक्खी पालकों ने पुलिस से संपर्क किया और उन्हें मदद की पेशकश की। घटना के तुरंत बाद छह-सात मधुमक्खी पालक घटनास्थल पर पहुंचे। मधुमक्खी पालक माइकल बार्बर ने बताया, 'वहां बहुत सारी उड़ने वाली मधुमक्खियां थीं, जिससे फुल सूट पहने मधुमक्खी पालक भी घबरा गए।' उन्होंने कहा, 'कुछ मधुमक्खी पालकों को भी डंक लगा है।'

## वैज्ञानिकों ने खोजा बादलों में माइक्रो प्लास्टिक : स्वास्थ्य पर भी पर्यावरण का खतरा

टोक्यो । जापान में पर्यावरण शोधकर्ताओं ने पहली बार बादलों में माइक्रो प्लास्टिक होने का पता लगाया है। यह खोज जलवायु और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्परिणामों को लेकर भारी चिंता जताती है। वासेदा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर हिरोशी ओकोची के नेतृत्व में माउंट फूजी के शिखर और योकोहामा के माउंट तंजावा आयोमा के शिखर पर बादलों से 44 नमूनो लेकर उनकी जांच की गई। जांच में 70 माइक्रो प्लास्टिक कण मिले। माइक्रो प्लास्टिक के 5 मिलिमीटर से भी छोटे आकार के कण मिलने को, पर्यावरण के लिए बड़ी चिंता का कारण माना जा रहा है। प्लास्टिक के यह छोटे कण विभिन्न मार्गो से पर्यावरण में प्रवेश कर सकते हैं। पर्यावरण के साथ–साथ शारीरिक नुकसान भी पहुंचा सकते हैं।

## पाक के पीएम काकर का बड़ा दावा, तख्तापलट करने की हुई थी कोशिश

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल-हक-काकर ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने 9 मई को हुई हिंसा को तख्तापलट करार देते हुए इस घटना को गृह युद्ध का एक प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि इस हिंसा का मुख्य लक्ष्य वर्तमान पाकिस्तान सेना प्रमुख और



उनकी टीम थी। मीडिया को दिए इंटरव्यू में कार्यवाहक पीएम काकर ने कहा कि 9 मई को हुई तोड़फोड़ और आगजनी को पूरी दुनिया ने देखा और अंतरराष्ट्रीय अखबारों ने इस त्रासदी की रिपोर्ट की। इस तरह की हेराफेरी किसी भी सरकार में स्वीकार्य नहीं है। अंतरिम पीएम ने आगे कहा कि हम यह धारणा नहीं बनाना चाहते कि 9 मई के आरोपियों के खिलाफ बदला लिया जा रहा है, लेकिन अगर देश के कानूनों का उल्लंघन करने और यातना का सहारा लेने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की जाती है, तो हमें इस मामले में एक पक्ष के रूप में देखा जाएगा।

कार्यवाहक पीएम काकर ने यह स्वीकार किया कि किसी भी राजनीतिक दल को दूसरों पर पत्थर फेंकने, उन्हें गाली देने और इमारतों को जलाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता था कि मैं कभी प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा। टीटीपी या किसी भी प्रतिबंधित संगठन से निपटने के लिए राज्य के पास बातचीत और बल दोनों उपकरण हैं। गौरतलब है कि, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 9 मई को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में हिरासत में लिए जाने के बाद पूरे पाकिस्तान में हिंसक टकराव हुआ। पीटीआई कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के दौरान लाहौर में सैन्य प्रतिष्ठानों और कोर कमांडर के घर पर भी हमला हुआ था।

# नॉर्थ कोरिया ने येलो सी में क्रूज मिसाइलें दागीं

**–3 दिन में दूसरा परीक्षण ; साउथ कोरिया ने कहा– हम खतरे से निपटने के लिए तैयार**

**गिलगित (एजेंसी)।** प्योंगयांग। नॉर्थ कोरिया ने येलो सी में कई क्रूज मिसाइलें दागीं हैं। इस बात की जानकारी साउथ कोरिया की सेना ने दी है। नॉर्थ कोरिया ने शनिवार सुबह को ये मिसाइले लॉन्च की है। इससे कुछ दिन पहले ही नॉर्थ कोरिया ने अपने पूर्वी तट के पास दो बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया था। नॉर्थ कोरिया ने इसे साउथ कोरिया पर सिम्युलेटेड न्यूक्लियर स्ट्राइक कहा था।

साउथ कोरिया के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने अपने बयान में बताया कि मिसाइलों को यलो सी की तरफ लांच किया गया। इन्हें स्थानीय समय के मुताबिक शनिवार सुबह 4 बजे लॉन्च किया गया था। अमेरिका और साउथ कोरिया की इंटेलिजेंस एजेंसियां लॉन्चिंग डिटेल्स की जांच कर रही हैं। साउथ कोरियाई न्यूज एजेंसी योनहाप के मुताबिक जॉइंट चीफ ने कहा कि हमारी सेना अमेरिका के साथ मिलकर अपनी तैयारियों को बरकरार रखा है।

### हाल ही में साउथ कोरिया पर कब्जे की बात कही थी

नॉर्थ कोरिया ने 3 दिन में ये दूसरा मिसाइल परीक्षण किया है। इससे पहले गुरुवार यानी 31 अगस्त को दो शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइलों को लॉन्च किया था। ये सिम्युलेटेड न्यूक्लिर अटैक एक्सरसाइज साउथ कोरिया के मिलिट्री कमांड सेंटर्स और एयरफील्ड को निशाना बनाने की तैयारी के मकसद की गई थी। इस परीक्षण के बाद नॉर्थ कोरिया ने कहा था कि जरूरत पड़ी तो साउथ कोरिया पर कब्जा भी करेंगे। इस सिम्युलेशन को साउथ कोरिया और अमेरिका के बीच 11 दिन तक चले युद्धाभ्यास के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है। इस युद्धाभ्यास को नॉर्थ कोरिया लगातार उस पर हमले की तैयारी के तौर पर बता रहा था। इस युद्धाभ्यास के दौरान एक अमेरिकी बी-बी1 बमवर्षक विमान ने कोरियाई प्रायद्वीप के ऊपर से उड़ान भी भरी।

### यूक्रेन को गोला-बारूद देगा अमेरिका

ये सुरक्षा कवच भेदने में माहिर; रूसी टैंकों को तबाह कर सकते हैं। अमेरिका पहली बार यूक्रेन को डिप्लीटेड यूरेनियम से लैस गोला-बारूद (जिसमें यूरेनियम की मात्रा कम हो) भेजने वाला है। रॉयटर्स के मुताबिक, ये हथियार रूसी टैंकों को तबाह करने में सक्षम होंगे। इन हथियारों की सप्लाई की घोषणा अगले हफ्ते हो सकती है। इन गोला-बारूद को अमेरिका के अब्राम टैंकरों से फायर किया जा सकेगा।

ये हथियार अमेरिका के यूक्रेन के लिए नए पैकेज का हिस्सा होंगे। ये एड पैकेज करीब 3 हजार करोड़ रुपए का हो सकता है। यूरेनियम एक रेडियोएक्टिव मैटीरियल है, जिसके एक आइसोटोप का इस्तेमाल परमाणु बम में भी किया जाता है। इससे पहले ब्रिटेन ने भी मार्च में यूक्रेन को ऐसे ही हथियार भेजे थे। इसी के बाद नाराज रूस ने बेलारूस में अपने परमाणु हथियार तैनात करने का फैसला लिया था।

## लगातार 10 मिनट तक गर्लफ्रेंड को किया किस तो शख्स हो गया बहरा

बीजिंग । चीन में एक शख्स को लगातार 10 मिनट तक किस करना महंगा पड़ गया। वह अपनी गर्लफ्रेंड को लगातार किस करने से बहरा हो गया है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, किस करने के बाद उसे तुरंत अस्पताल में ले जाया गया है। डॉक्टर्स ने बताया कि उसके कान के पर्दों में छेद हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वह अपनी गर्लफ्रेंड के साथ लिप लॉक करने के बाद सुनने की क्षमता खो बैठा। यह मामला चीन के पूर्वी झेजियांग प्रांत के वेस्ट लेक का है। युवक की पहचान युगल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार 22 अगस्त को, युगल चुंबन कर रहे थे तभी उन्हें अपने कान में तेज दर्द महसूस हुआ। यह जोड़ा चीन के पूर्वी झेजियांग प्रांत के वेस्ट लेक में डेट पर गया था। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि उनके कान के पर्दे में छेद हो गया है। उन्हें बताया गया कि पूरी तरह ठीक होने में उन्हें दो महीने लगेंगे और डॉक्टरों ने उन्हें एंटीबायोटिक्स दी हैं।

# रुसी विदेश मंत्री ने जी20 शिखर सम्मेलन को लेकर क्यों दी चेतावनी

**मॉस्को (एजेंसी)।** जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने भारत आ रहे रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने खुली चेतावनी दी है। लावरोव ने कहा कि रूस इस महीने के जी20 समिट के घोषणापत्र को रोक देगा अगर उसके विचारों को नहीं दर्शाया गया। लावरोव ने कहा कि रूस जी-20 शिखर सम्मेलन की अंतिम घोषणापत्र को तब तक रोकेगा जब तक कि यह यूक्रेन और अन्य संकटों पर मॉस्को की स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं किया जाता। दरअसल पुतिन ने भारत में नौ से 10 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने में असमर्थता जाहिर की है। उनकी जगह रूस का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव करने वाले हैं।

यूक्रेन में युद्ध अपराधों के संदेह में अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने मार्च में पुतिन के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। उसके बाद से पुतिन के विदेश यात्रा करने की जानकारी नहीं है। लावरोव ने कहा, अगर हमारी स्थिति प्रतिबिंबित नहीं होती है, तब सभी सदस्यों की ओर से कोई सामान्य घोषणा नहीं की जाएगी। रूस यूक्रेन युद्ध को अहंकारी पश्चिमी देशों के साथ अस्तित्व की लड़ाई के रूप में पेश करता है, जिसके बारे में पुतिन का कहना है कि वह रूस को खत्म करना चाहते हैं और उसके विशाल प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जा करना चाहते हैं।

हालांकि पश्चिमी देश इसतरह के किसी भी इरादे से इनकार करते हैं। हालांकि उनका कहना है कि यूक्रेन युद्ध के मैदान में रूस को हरा दे। पश्चिमी देशों ने आक्रमण के जवाब में कई दौर के व्यापक आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। चीन, भारत और ब्राजील जैसी अन्य प्रमुख शक्तियों ने शांति का आह्वान किया है, लेकिन मॉस्को के साथ अपने स्वयं के संबंध निर्धारित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखा है। चीन ने पश्चिमी देशों पर यूक्रेन को हथियार मुहैया कराकर युद्ध को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है।

लावरोव ने कहा कि पश्चिम ने शिखर सम्मेलन की तैयारी के लिए बैठकों में यूक्रेन का मुद्दा उठाया था, जिस पर रूस ने जवाब दिया था कि हमारे लिए यह मुद्दा बंद हो गया है। उन्होंने पश्चिम पर अपने स्वयं के एजेंडे को आगे बढ़ाकर अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को कमजोर करने का आरोप लगाया और सुझाव दिया कि, यदि जी20 बैठक में आम सहमति नहीं बन पाती है, तब जी20 अध्यक्ष द्वारा एक गैर-बाध्यकारी विज्ञप्ति जारी की जा सकती है। लावरोव ने कहा, जी20 क्षमताओं के क्षेत्र में विशिष्ट निर्णयों पर ध्यान केंद्रित



करता है और बाकी सभी को अपनी बात रखने का अवसर देता है।

इसके पहले रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा कि यूक्रेन युद्ध के अलावा सभी मुद्दों पर जी20 देशों के बीच आम सहमति है और इस विवादास्पद विषय को नेताओं के बयान के मसौदे से हटा दिया जाना चाहिए ताकि अगले सप्ताह समूह के शिखर सम्मेलन में इसके जारी होने का मार्ग प्रशस्त हो सके।

अलीपोव ने कहा कि रूस जी20 की भारतीय अध्यक्षता के तहत उसकी प्राथमिकताओं का खुले तौर पर समर्थन कर रहा है।



# पहली ब्लैकबेल्ट एक्ट्रेस हैं नीतू चंद्रा हॉलीवुड में काम करने के बावजूद फिल्में नहीं मिली

2005 में रिलीज हुई फिल्म गरम मसाला से एट्रेस नीतू चंद्रा बॉलीवुड डेयू किया था। हिंदी समेत तमिल, तेलुगु, कन्नड़, ग्रीक और हॉलीवुड में भी अपनी एटिंग की छाप छोड़ी। हालांकि, इसके बाद भी हर कदम पर नीतू को संघर्ष का सामना करना पड़ा। 2011 के बाद वो किसी भी हिंदी फिल्म में नहीं दिखीं। काम की तलाश में कई प्रोड्यूर्स के चक्कर काटे। हॉलीवुड फिल्म में काम करने के बाद भी बॉलीवुड में खुद को प्रूव करने में फेल रहीं। जैसे-तैसे वो हर बार इन चुनौतियों से लड़ती रहीं। फिलहाल वो अपने भाई के साथ खुद के प्रोडशन हाउस में काम कर रही हैं।

### बिहार में जन्मी, स्पोर्ट्स से हथ्यार

मेरा जन्म पटना, बिहार के एक संयुक्त परिवार में हुआ। मैं लगभग 25-30 लोगों के बीच पली-बढ़ी हूं। परिवार का कंस्ट्रशन बिजनेस था। पापा, चाचा समेत सभी लोग ये काम करते थे। 9 भाईयों में सिर्फ 2 लड़कियां थीं लेकिन कभी किसी चीज के लिए हमें रोका नहीं गया। बचपन ही मेरा झुकाव स्पोर्ट्स की तरफ रहा। मैं तायक्वोंडो में लैक बेल्ट में चैंपियन रही हूं। जब मैं नौवीं लास में थी, तब हॉन्ग कॉन्ग, चाइना में इंडिया को रिप्रेजेंट किया थ। इसी को लेकर पापा थोड़ा मां से नाराज होते थे। उनका मानना था कि लड़की हूं, खेलते वक्त चोट लग गई तो आगे चलकर दिक्कत होगी। पापा की इन बातों पर मां ज्यादा ध्यान नहीं देती थीं। एक वही थीं जिन्होंने इन चीजों के लिए मुझे हर मोड़ पर प्रोत्साहित किया। शायद यही कारण रहा कि मैं मार्शल आर्ट और स्पोर्ट्स में आगे रही। बिहार जैसे राज्य में उस समय ये सारी चीजें असामान्य थीं। बता दूं, मैं बॉलीवुड की पहली लैक बेल्ट एट्रेस हूं।

### स्पोर्ट्स की बदौलत कॉलेज में एडमिशन मिला

परिवार में पढ़ाई को लेकर बहुत सती थी। भले ही मैं स्पोर्ट्स में अच्छी थी लेकिन इसके साथ पढ़ाई में अच्छा होना जरूरी था। 12वीं तक की पढ़ाई मैंने बिहार से की। इसके बाद दिल्ली आ गई। बिहार से ज्यादातर लोग आगे की पढ़ाई के लिए दिल्ली जाना पसंद करते हैं। यहां पर जब मैं इंद्रप्रस्थ कॉलेज गई तो उन लोगों ने एडमिशन देने से मना कर दिया। उनका कहना था कि 62त्रके साथ मेरा एडमिशन नहीं हो सकता। फिर मैंने अपने स्पोर्ट्स के सर्टिफिकेट दिखाए जिसके बाद स्पोर्ट्स कोटे पर मुझे एडमिशन और हॉस्टल दोनों मिल गए। कॉलेज में भी स्पोर्ट्स चैंपियन, मिस फेशर और मिस हॉस्टल रही।

### कैटलॉग शूट से खर्चा चलाया

सबसे बड़ा संघर्ष तो पैसे को लेकर होता था। इससे मैं भी अछूती नहीं रही। कुछ समय बाद सारी सेविंग्स खत्म हो गई। कोई बड़ा काम भी नहीं मिल रहा था, इसलिए साड़ी कैटलॉग के लिए शूट करने लगी। एक साड़ी के शूट के लिए 500 रुपए मिलते थे। पैसों की सत जरूरत थी तो एक दिन में मैं 15 से 20 साड़ियों के लिए शूट करती थी। इस तरह से मैंने कुछ दिन का खर्चा निकाला।

### डायरेटर प्रियदर्शन ने बदल दी किस्मत

एक दिन मैं घर में थी, तभी कॉल आया। कॉल उठाते ही सामने आवाज आई- मैं प्रियदर्शन बोल रहा हूं। मुझे उमीद नहीं थी कि वो मुझे कॉल करेंगे। फिर जब उन्होंने दोबारा कहा कि वो डायरेटर प्रियदर्शन बोल रहे हैं, तब मैं शॉड रह गई। उन्होंने बताया कि वो फिल्म गरम मसाला बना रहे हैं जिसमें वो अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम के अपोजिट तीन नई लड़कियों को लॉन्च कर रहे हैं। तीन लड़कियों में वो मुझे भी लॉन्च करना चाहते हैं। ये सुन मैं फूले नहीं समाई और झट से फिल्म के लिए हां कर दिया। इस तरह से मेरा फिल्मी डेयू हुआ।

### हॉलीवुड में एंट्री मिली, वीजा पाने के लिए बहुत स्ट्गल किया

मैंने लैक बेल्ट हूं और इसी हुनर ने मुझे हॉलीवुड फिल्म नेवर बैक डाउन: रिवोल्ट दिलवाई। फिर एक नई मुसीबत सामने आ गई। काम मिला लेकिन शूटिंग के लिए लंदन जाने के लिए वीजा ही नहीं मिल रहा था। इसके लिए मैं पहले मुंबई ऐबेसी गई, लेकिन वहां बात नहीं बनी। फिर मैं दिल्ली आई। काफी चक्कर काटने पड़े लेकिन मैंने हार नहीं मानी। सोचा था कि अगर वीजा नहीं मिला तो धरने पर बैठ जाऊंगी, लेकिन लंबे संघर्ष के बाद वीजा मिल गया। पहले से कुछ सेविंग्स थीं, कुछ लोगों से पैसे उधार लेकर लंदन चली गई। यहां 1 डिग्री तापमान पर शूटिंग करती थी, लेकिन चेहरे पर कोई शिकन नहीं लाती थी। पता था कि अगर बेहतर नहीं कर पाऊंगी तो फिल्म से निकाल दी जाऊंगी, इसलिए एशन सीन की शूटिंग के वक्त चोट खाकर भी काम करती रहती थी। वहां पर मुझे रंगभेद का भी सामना करना पड़ा।

### खुद के प्रोडशन हाउस में बनी फिल्म को नेशनल अवॉर्ड मिला

फिलहाल भाई के साथ मैं एक प्रोडशन हाउस चला रही हूं। इस प्रोडशन हाउस के बैनर तले हमने फिल्म मिथिला मखान बनाई थी जो बिहार की संस्कृति पर बेस्ड थी। इस फिल्म को नेशनल अवॉर्ड मिला है। तीसरी फिल्म 'वैलून' रेडी हो रही है। यह बच्चों की फिल्म भोजपुरी भाषा में होगी। इसमें हिंदी फिल्मों के दिग्गज कलाकार हैं।




# ऑस्कर में भेजने की प्लानिंग कर रहे गदर-2 को

बालीवुड की गदर-2 फिल्म के मेकर्स इसे ऑस्कर में भेजने की प्लानिंग कर रहे हैं। फिल्म के डायरेक्टर अनिल शर्मा ने बताया कि इन दिनों वो और उनकी टीम अब इस फिल्म को ऑस्कर अवॉर्ड्स में भेजने की प्लानिंग कर रहे हैं। डायरेक्टर अनिल शर्मा ने ही इस फिल्म के फर्स्ट पार्ट गदर- एक प्रेम कथा का निर्देशन किया था।

एक इंटरव्यू में अनिल ने कहा, 'गदर नहीं गई थी तो मुझे नहीं पता कि गदर-2 कैसे जाएगी पर हम इस पर काम कर रहे हैं। मुझे लगता है कि गदर-2 जानी चाहिए। यह फिल्म इतना तो डिजर्व करती है। गदर भी डिजर्व करती थी। उसकी कहानी 1947 के बंटवारे पर बेस्ड थी और हमने वो कहानी एक दम अलग अंदाज में पेश की थी। वो नई और ओरिजिनल कहानी थी और गदर-2 भी कुछ ऐसी ही है।'अनिल ने अवॉर्ड ना मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, 'मैं 40 साल से काम कर रहा हूं पर ऐसा लगता है जैसे मैंने कोई काम ही नहीं किया है। मुझे नहीं पता कि अवॉर्ड पैनल में कौन बैठता है पर वो मुझे कभी कोई अवॉर्ड नहीं देते। मुझे याद है कि एक बार धरम जी ने मुझसे कहा था कि वो नया सूट सिलवाकर अवॉर्ड शो में गए थे, पर उन्हें कोई अवॉर्ड ही नहीं मिला। मुझे भी ऐसा ही लगता है जैसे मैं इस इंडस्ट्री का हिस्सा ही नहीं हूं।'

अनिल ने आगे कहा, 'हमने अपने काम से लोगों का प्यार जीता है पर सच कहूं तो अब हम भी एक अवॉर्ड जीतना चाहते हैं। पर मुझे इसकी उम्मीद नहीं क्योंकि मुझे पता है कि मुझे अवॉर्ड नहीं मिलेगा। मैं अवॉर्ड के लिए कभी लॉबी नहीं कर सकता।'फिल्म में सनी देओल के अलावा अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा और मनीष वाधवा भी अहम रोल में नजर आ रहे हैं। बता दें कि गदर-2 ने बॉक्स ऑफिस पर 481.85 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। फिल्म अब 500 करोड़ क्लब में शामिल होने की तरफ बढ़ रही है।

# इमरान ने अपनी फिल्मों को लेकर साझा किए दिलचस्प किस्से

पुरानी यादों को याद करते हुए बालीवुड अभिनेता इमरान खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म  मेरे ब्रदर की दुल्हन और डेल्ही बेली को लेकर दिलचस्प किस्से साझा किए। इमरान ने इंस्टाग्राम पर मेरे ब्रदर की दुल्हन और डेल्ही बेली की कुछ रेट्रो तस्वीरें साझा की। उन्होंने लिखा, 卐एक समय की बात है, इंस्टाग्राम नहीं था, इसलिए लोग अपनी तस्वीरों में रेट्रो प्रभाव जोड़ने के लिए हिपस्टैमैटिक ऐप का इस्तेमाल करते थे। यहां एमबीकेडी के सेट से कुछ रेट्रो तस्वीरें हैं, मुझे याद है कि मैंने दो धारी तलवार गाने के लिए कुछ डबल शिफ्ट में काम किया था। उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने लगातार चार रातों तक दो धारी तलवार गाने की शूटिंग की और दिन के दौरान वह डेल्ही बेली के ट्रैक की शूटिंग कर रहे थे। उन्होंझने कहा, 卐इसे लगातार 4 रात की पालियों में शूट किया गया था, जबकि मैं एक ही समय में दिल्ली बेली से नक्कड़डवाले डिस्को और स्विटी के संगीत वीडियो की शूटिंग दिन में कर रहा था। मैं दो सेटों के बीच चलते हुए अपनी कार में सोता था।





# असलम खान के ब्राइडल कॉउचर में शिल्पा शेट्टी ने रैंप पर दिखाया अपना शानदार अंदाज

बॉलीवुड अभिनेत्री और एंटरप्रेन्योर शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने फैशन और ग्रेस का शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रसिद्ध डिजाइनर असलम खान के लिए फैशन शो का किया समापन। वेडिंग थीम पर आधारित यह इवेंट असलम खान की उत्कृष्ट कृतियों के लिए एक आदर्श कैनवास था। जिसमें शिल्पा शेट्टी कुंद्रा आकर्षक लहंगे में रैंप पर उतरीं, जो बेहद सुंदर और शानदार लग रहीं थीं।

अपनी बेबाक स्टाइल और सदाबहार खूबसूरती के लिए मशहूर शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने रैंप पर आते ही दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। शिल्पा ने जो लहंगा पहना था उसमें जटिल कढ़ाई, फैब्रिक और रंग का एक शानदार पैलेट था, जो शाही आकर्षण को दर्शाता था। यह पहनावा कंटेम्पररी के साथ पारंपरिक दोनों स्टाइल को पूरी तरह से मिश्रित करता है, जो असलम खान की विशिष्ट शैली को दर्शाता है।

जब शिल्पा रैंप पर चलीं, तब उनके आत्मविश्वास और ग्रेस ने इस ब्राइडल कॉउचर कलेक्शन के सार को पूरी ईमानदारी के साथ दर्शाया। शिल्पा के लहंगे की जटिल बारीकियां, नाजुक कढ़ाई वाले ब्लाउज और हैवी स्कर्ट की भव्यता देखते ही झलक रही थी।

फैशन शो का समापन करते हुए शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने न केवल असलम खान के उत्कृष्ट डिजाइनों का प्रदर्शन किया बल्कि बेहतरीन लहंगे में उनका सुंदर कदम शो का असाधारण क्षण बन गया, जिसने परंपरा को फैशन के साथ सहजता से जोड़ दिया। जब बात आती है फैशन और स्टाइल की तो शिल्पा ट्रेडिशनल और वेस्टर्न हर तरह के ऑउटफिट में चार चांद लगा देती हैं।

# स्त्री फिल्मे का किरदार मेरी कल्पना से भी परे: बनर्जी

बालीवुड एक्टर अभिषेक बनर्जी ने कहा कि उनका स्त्री फिल्मे का किरदार उनकी कल्पना से भी परे है। फिल्म स्त्री के 5 साल पूरे होने के बारे में बात करते हुए अभिषेक ने कहा कि जना को जीवंत हुए पांच साल बीत चुके हैं। इस किरदार ने जो यात्रा की है, वह मेरी कल्पना से भी परे है। स्त्री से शुरुआत करने और इस किरदार के ब्रह्मांड का विस्तार करने के बाद जना की यात्रा उल्लेखनीय रही है।उन्होंने आगे कहा कि जबकि मैंने अपनी फिल्मी यात्रा गहरे किरदारों के साथ शुरू की, जना के किरदार ने मुझे अपने हास्य पहलुओं को अपनाने का मौका दिया। मैंने जना का किरदार निभाने हुए आनंद लिया है। मैं इसके साथ अच्छी तरह से जुड़ा हूं। जना का किरदार निभाने के लिए दर्शकों ने मुझ पर जो प्यार बरसाया है, उससे मैं बहुत खुश हूं और उतना ही उत्साहित हूं कि जना जल्द ही स्त्री 2 के साथ वापस आने वाला है।



# एक्टर बनना चाहते थे गायक अनु मलिक

बालीवुड गायक अनु मलिक ने खुलासा किया कि म्यूजिक इंडस्ट्री में आने से पहले वह एक्टर बनना चाहते थे। अनु मलिक ने रियलिटी सिंगिंग शो सा रे गा मा पा में अपने पुराने दिनों को याद किया। शो सा रे गा मा पा में हिमेश रेशमिया, नीति मोहन, अनु मलिक जज और आदित्य नारायण होस्ट हैं। जहां देश भर से कंटेस्टेंट्स टॉप 12 में जगह पाने के लिए ऑडिशन दे रहे हैं, वहीं कुछ ने अपनी आवाज से जजों को मंत्रमुग्ध कर दिया है।

ऐसे ही एक कंटेस्टेंट हैं पंजाब के अनमोल, जिनके गाने इक कुड़ी की शानदार परफॉर्मेंस ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सिंगिंग, कम्पोजिंग और लेखन में उनकी बहुमुखी प्रतिभा के बारे में जानने के बाद, अनु मलिक ने उन्हें अपने सिंगिंग स्किल के साथ-साथ लेखन को एक पेशे के रूप में ध्यान केंद्रित करने पर विचार करने की सलाह दी। उन्होंने स्टेज पर अनमोल की कविता को सराहा। उन्होंने कहा, आप एक महान सिंगर हैं लेकिन मेरे लिए, आप उससे भी बेहतर लेखक हैं। आप जीवन में क्या करना चाहते हैं, यह तय करने के लिए आपकी लड़ाई खुद से है। और मैं जो कुछ भी करता हूं उसमें अपना 100 प्रतिशत देने में विश्वास रखता हूं।

62 वर्षीय कंपोजर ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि जब वह छोटे थे तो कैसे एक्टर बनना चाहते थे। अनु ने कहा, जब मैं छोटा था, तो मैं एक्टर बनना चाहता था, लेकिन कुछ अभिनेताओं में जिस तरह की चाहत थी, उसे देखने के बाद मुझे एहसास हुआ कि मैं एक्टिंग के लिए नहीं बना हूं। और, फिर मैंने धुनें बनाना शुरू किया और यहां मैं आपके सामने बैठा हूं। इसलिए, मैं बस इतना ही कहना चाह रहा हूं कि कुछ ऐसा करें जिसमें आप जानते हों कि आप उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं और अपनी प्रतिभा का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं।

